ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 4 जून 2024
वर्ष 34, अंक 128, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया 15

रश्मिका की फिल्म 'पुष्पा-2 द रूल' का पोस्टर रिलीज 16







## ब्रह्मोस एयरोस्पेस के पूर्व अभियंता को उम्रकैद

नागपुर, एजेंसी

नागपुर की जिला अदालत ने शासकीय गोपनीयता अधिनियम (ओएसए) के तहत ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड के पूर्व अभियंता निशांत अग्रवाल को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने और गोपनीय जानकारी देने का दोषी ठहराते हुए सोमवार को उम्रकैद दी।

अग्रवाल को 14 साल तक सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी, उसपर तीन हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश एम.वी.



- पाकिस्तान को गोपनीय सूचना देने के मामले में पाए गए दोषी

देशपांडे ने अपने आदेश में कहा कि अग्रवाल को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा-66 (एफ) और शासकीय गोपनीयता अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराध के लिए सीआरपीसी की धारा-235 के तहत दोषी करार दिया जाता है।

## एग्जिट पोल के बाद झूमा शेयर बाजार

# सेंसेक्स 2507, निफ्टी 733 अंक उछला

मुंबई, एजेंसी

एग्जिट पोल के बाद सोमवार को शेयर बाजार में चौतरफा लिवाली से बीएसई सेंसेक्स 2,500 से अधिक अंक की छलांग लगाकर अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733 अंक के उछाल के साथ नए शिखर पर बंद हुआ।

शनिवार को एग्जिट पोल में भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की बड़ी जीत के अनुमान के बाद बाजार में यह तेजी आई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 2,507.47 अंक यानी 3.39 प्रतिशत उछलकर रिकॉर्ड 76,468.78 अंक पर बंद हुआ। यह पिछले तीन साल में एक दिन में सबसे बड़ी तेजी है। कारोबार के दौरान सूचकांक एक समय 2,777.58 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 76,738.89 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 733.20 अंक यानी 3.25 प्रतिशत उछलकर अपने अबतक के सर्वोच्च स्तर 23,263.90 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 808 अंक यानी 3.58 प्रतिशत चढ़कर रिकॉर्ड 23,338.70 अंक पर

### नए शिखर पर सेंसेक्स और निफ्टी



पहुंच गया था। सेंसेक्स और निफ्टी में एक फरवरी, 2021 के बाद एक दिन की सबसे बड़ी तेजी है। उस समय बजट पेश करने के बाद दोनों सूचकांक करीब पांच प्रतिशत मजबूत हुए थे। यह दिलचस्प है कि 20 मई, 2019 को 'एग्जिट पोल' के बाद भी सेंसेक्स और निफ्टी तीन प्रतिशत से अधिक मजबूत हुए थे। उस 'एग्जिट पोल' में भी आम चुनाव में राजग की बड़ी जीत का अनुमान जताया गया था।

रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और भारतीय स्टेट बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में जोरदार बढ़त से दोनों मानक सूचकांक रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। शेयर बाजार में तेजी के साथ अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में सोमवार को जोरदार बढ़त जारी रही।

### निवेशकों की पूंजी 13.78 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नई दिल्ली।** भाजपा की अगुवाई वाली सरकार एक बार फिर बनने की उम्मीदों से स्थानीय शेयर बाजार के तीन प्रतिशत से अधिक उछल जाने से सोमवार को निवेशकों की संपत्ति में एक ही कारोबारी सत्र में 13.78 लाख करोड़ रुपये की भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस रिकॉर्डतोड़ तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 13,78,630.4 करोड़ रुपये बढ़कर 4,25,91,511.54 करोड़ (5.13 लाख करोड़ डॉलर) हो गया।

## एक नजर

### मदर डेयरी ने दो रुपये लीटर बढ़ाए दूध के दाम

**नई दिल्ली।** मदर डेयरी ने दिल्ली-एनसीआर बाजार में दूध की कीमतों में दो रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की सोमवार को घोषणा की। सभी प्रकार के दूध की कीमतों में वृद्धि सोमवार (तीन जून) से दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के साथ-साथ अन्य बाजारों में भी लागू हो गई है। दुग्ध उद्योग से जुड़े ब्रांड अमूल ने रविवार को कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा की थी। दिल्ली-एनसीआर में मदर डेयरी का फुल क्रीम दूध अब 68 रुपये प्रति लीटर, जबकि टोंड व डबल टोंड दूध क्रमशः 56 रुपये और 50 रुपये प्रति लीटर की दर से मिलेगा। भैंस और गाय के दूध की कीमतें क्रमशः 72 रुपये और 58 रुपये प्रति लीटर होंगी। थोक विक्रय दूध 54 रुपये प्रति लीटर पर बेचा जाएगा।

### सुरक्षाबलों ने लश्कर के स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के एक स्वयंभू कमांडर समेत दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरधी ने बताया कि रियाज डार और रईस डार नामक दो आतंकवादी दक्षिण कश्मीर जिले के निहामा इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में मारे गए। रियाज डार प्रतिबंधित लश्कर-ए-तैयबा का कमांडर था और कई आतंकी मामलों में वांछित था। वह कई सालों से सुरक्षा बलों को चकमा दे रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने वहां आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में पुख्ता जानकारी मिलने के बाद अभियान शुरू किया था। अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों ने तलाशी दल के सदस्यों पर गोलीबारी की और मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

# किसकी बनेगी सरकार, फैसला आज

## 8 बजे से शुरू होगी मतगणना, दोपहर 12 बजे तक मिलने लगेंगे रुझान

नई दिल्ली, ब्यूरो

18वीं लोकसभा के लिए फैसला आज हो जाएगा। 543 लोकसभा सीटों पर इंडी गठबंधन की होगी जीत या मोदी तीसरी बार बनेंगे प्रधानमंत्री, इसके लिए सुबह आठ बजे से मतों की गिनती शुरू होगी। दोहपर 12 बजे तक रूझान आने शुरू हो जाएंगे।

बहुमत के लिए 272 सीटों की आवश्यकता होगी। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 16 मार्च से शुरू हुआ चुनाव प्रचार, 75 दिन चला। 19 अप्रैल से 1 जून तक सात चरणों में वोटिंग हुई। 43 दिन तक चुनाव प्रक्रिया चली। आज 4 जून को 80 दिनों का इंतजार खत्म होगा। मतगणना शुरू होने के 4 घंटों के बाद तक रुझान आने शुरू होंगे। दोपहर करीब 2 बजे से नतीजे आने शुरू हो जाएंगे। अंतिम परिणाम शाम 6 बजे तक घोषित होने की संभावना है।

चुनाव आयोग के मुताबिक मंगलवार को मतगणना सुबह 8 बजे शुरू होगी। सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती होगी। इसके बाद ईवीएम के वोट गिने जाएंगे। डाक मतपत्र 2 चरणों में गिने जाएंगे। पहले सेना, पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के मतों की गिनती होगी। इसके बाद चुनाव ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों के मत गिने जाएंगे। इन सभी डाक मत पत्रों को ईवीएम के वोट के साथ जोड़ा जाएगा। आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव के लिए भी काउंटिंग 4 जून को सुबह आठ बजे शुरू होगी। विधानसभा उपचुनाव के मतों की गिनती भी इसी दिन होगी।



लोक भवन में प्रेस वार्ता करते अपर मुख्य सचिव गृह व डीजीपी। अमृत विचार

### मतगणना केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था : अपर मुख्य सचिव गृह

**लखनऊ।** प्रदेश में कुल 80 लोकसभा सीटों पर 851 प्रत्याशी मैदान में हैं। इसमें सबसे अधिक 28 प्रत्याशी मऊ की घोसी लोकसभा सीट पर हैं और सबसे कम प्रत्याशी गोंडा की कैसरगंज लोकसभा सीट पर हैं। प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों और 04 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की मतगणना मंगलवार सुबह 8 बजे से 7 पुलिस कमिश्नरेट एवं 68 जनपदों में कुल 81 स्थानों पर होगी। मतगणना केंद्र की त्रिस्तरीय कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। यह जानकारी लोकभवन के सभागार में आयोजित पत्रकारवार्ता में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने दी।

### 179 विशेष प्रेक्षक तैनात : मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**लखनऊ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा निष्पक्ष मतगणना के लिए 179 विशेष प्रेक्षक तैनात किये हैं। लोकसभा व विधानसभा सीटों के लिए अलग-अलग हाल में मतगणना की व्यवस्था की गई है। 15 प्रेक्षक को एक-एक विधानसभा क्षेत्र, 104 प्रेक्षक को दो-दो विधानसभा क्षेत्र और 60 को तीन-तीन विधानसभा क्षेत्र आवंटित किये गये हैं। विधानसभा उप चुनाव वाली सीटों शाहजहांपुर की ददरौल, लखनऊ पूर्व, बलरामपुर की गैंसड़ी व सोनभद्र की दुद्धी (अजजा) पर मतगणना के लिए अलग-अलग रिटर्निंग अफसरों की ड्यूटी लगाई गई है।

### लोकसभा

- 2 बजे तक नतीजों की उम्मीद 6 बजे तक फाइनल रिजल्ट की संभावना

| | |
|---|---|
| 543 : | कुल सीटें |
| 272 : | बहुमत |

### एग्जिट पोल में मोदी की हैट्रिक का दावा

एग्जिट पोल्स में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का दावा किया गया है। 13 एग्जिट पोल के पोल ऑफ पोल्स में राजग को 365 और इंडी गठबंधन को 145 सीट मिलने का अनुमान है। अन्य को 32 सीटें मिल सकती हैं। इस बार भाजपा 2019 में मिली 303 सीटों का आंकड़ा पार कर सकती है।

## इरफान सोलंकी समेत पांच दोषी करार

**अमृत विचार, कानपुर :** आगजनी मामले में लंबे इंतजार के बाद सोमवार को सीसामऊ विस सीट से सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत पांच आरोपियों को कोर्ट ने दोषी करार दिया। कोर्ट ने रंगदारी व षड़यंत्र की धाराओं में सभी आरोपियों को दोष मुक्त करार दिया। एडीजीसी ने बताया कि दोषियों को 10 साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। कोर्ट सात जून को मामले में फैसला सुनाएगी। अभियोजन पक्ष की ओर से 300 पन्नों के सबूत व 18 गवाहों को पेश किया गया था। फैसला आते ही दोषी इजरायल आटेवाला की पत्नी गश खाकर गिर पड़ी। दोषियों के परिजनों ने जिला प्रशासन पर फर्जी फंसाने का आरोप लगाते हुए हंगामा कर दिया। पुलिस से उनकी तीखी झड़प हुई।

सात नवंबर 2022 को जाजमऊ डिफेंस कॉलोनी निवासी नजीर फातिमा की झोपड़ी में आग लगा दी गई थी। नजीर फातिमा ने आठ नवंबर 2022 को जाजमऊ थाने में विधायक इरफान सोलंकी, उसके भाई रिजवान सोलंकी, शौकत अली, इजरायल आटेवाला व मुरसलीन खान उर्फ भोलू, अज्जन उर्फ एजाज समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसके बाद से सपा विधायक महाराजगंज जेल में व बाकी अन्य आरोपी कानपुर कारागार में बंद हैं।

## चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास हुआ तो सबूत दे विपक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने सोमवार को विपक्ष को चुनौती दी कि वे उन आरोपों के साक्ष्य साझा करें जिनमें कहा गया है कि निर्वाचन अधिकारियों और जिलाधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया को दूषित करने के लिए प्रभावित किया गया था, ताकि आयोग उनके खिलाफ कार्रवाई कर सके। कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि विपक्ष को मतगणना शुरू होने से पहले चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश करने वालों के बारे में भी आयोग को बताना चाहिए।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आयोग ने चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने के किसी भी विदेशी प्रयास से निपटने के लिए तैयारी की थी, लेकिन ये आरोप देश के भीतर से ही आए हैं। जिलाधिकारियों को प्रभावित किए जाने के आरोपों पर आपत्ति जताते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि आरोप लगाने वालों को बताना चाहिए कि किस जिलाधिकारी को प्रभावित किया गया और हम उन्हें दंडित करेंगे। मतगणना प्रक्रिया शुरू होने से पहले उन्हें हमें बताना चाहिए।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया था कि गृह मंत्री अमित शाह जिलाधिकारियों या कलेक्टरों को फोन कर रहे हैं और उन्हें खुलेआम डराने-धमकाने में लगे हैं।



- सीईसी ने कहा- आप अफवाह फैलाकर सभी को संदेह के घेरे में नहीं ला सकते
- आरोप लगाने वाले बताएं जिलाधिकारियों का नाम, चुनाव आयोग उन्हें करेगा दंडित

### डाक मतपत्रों की गिनती पहले होगी

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि सभी मतगणना केंद्रों पर सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी और इस बारे में कोई संदेह नहीं है। उन्होंने कहा कि डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होने के आधे घंटे बाद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में दर्ज मतों की गिनती शुरू होगी।

## रोडवेज का किराया 1 से 3 रुपये तक बढ़ा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** रोडवेज बसों में सफर करना अब और महंगा होगा। टोल टैक्स में वृद्धि के बाद परिवहन निगम ने एसी से लेकर साधारण बसों तक के किराए में एक से तीन रुपये तक की बढ़ोत्तरी का फैसला लिया है। वहीं एसी बसों का किराया भी 9 रुपये तक बढ़ा दिया गया है।

ये दरें सोमवार रात 12 बजे के बाद लागू हो जाएंगी। भीषण गर्मी की वजह से रोडवेज बसों में लगातार यात्रियों की संख्या कम हो रही थी। इससे निगम को हर रोज तीन करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा था। राष्ट्रीय राजमार्गों की टोल दरें बढ़ने से रोडवेज बसों के किराये में भी बढ़ोतरी हो गई। प्रति टोल एक रुपये बढ़ रहे हैं, लखनऊ से प्रयागराज जाने में तीन टोल गेट पड़ते हैं। ऐसे में बसों के किराये में तीन रुपये तक की बढ़ोतरी हुई है। साधारण बस सेवा से सफर करने वाले यात्रियों को अब लखनऊ से वाराणसी, देहरादून,हरिद्वार जाने के लिए 3 रुपये अधिक किराया अदा करना पड़ेगा। कैसरबाग,लखनऊ से बरेली सेटेलाइट बस स्टेशन जाने के लिए एक रुपया अधिक देना पड़ेगा। इसी प्रकार बस्ती, रायबरेली, गोरखपुर, अयोध्या का किराया एक रुपया बढ़ा है। प्रयागराज, रुपईडीहा, सीतापुर, आजमगढ़ जाने के लिए किराये में बढ़ोत्तरी नहीं की गई है।

### टोल टैक्स बढ़ने से बढ़ा सरचार्ज

निगम की बसों के टिकट में टोल का सरचार्ज जुड़ा होता है। सरचार्ज संशोधित होने पर किराए में वृद्धि के लिए शासन से अनुमति लेने की जरुरत नही होती। प्रति बस 35 यात्रियों के आधार पर सरचार्ज का आकलन होता है। जिन मार्गों पर टोल दरें पहले 50 पैसे से कम रही हैं वहां अब नई दरें लागू होने से सरचार्ज 50 पैसे से अधिक हो रहा है। कई ऐसे भी टोल हैं जहां नई दरों के बाद भी सरचार्ज में 50 पैसे तक ही वृद्धि हुइ है।

- एसी बसों का किराया भी 9 रुपये तक बढ़ा
- टोल टैक्स में वृद्धि के बाद परिवहन निगम ने लिया फैसला, आज से नई दर लागू

> टोल टैक्स बढ़ने से सरचार्ज बढ़ा है, बेसिक किराया पुराना ही है। सरजार्च में वृद्धि से यात्रियों पर मामूली भार पड़ेगा।
>
> मासूम अली सरवर, प्रबंध निदेशक राज्य सड़क परिवहन निगम .उप्र

## साढ़े चार वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म हत्या के दोषी को मृत्युदंड

संवाददाता, बहराइच

- पुलिस व अभियोजन पक्ष की पैरवी में 3 माह 11 दिन में आया फैसला

**अमृत विचार :** कैसरगंज थाना क्षेत्र की साढ़े चार वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के आरोपी को सोमवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो दीपकांत मणि की कोर्ट ने मृत्युदंड दिया। विशेष न्यायाधीश ने महज दो माह बीस कार्य दिवस (तीन माह 11 दिन) में ही साढ़े चार वर्षीय बच्ची के साथ न्याय करते हुए दोषसिद्ध अभियुक्त को सजा सुनाई, कोर्ट ने 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

बच्ची की मां ने कैसरगंज थाने में तहरीर दी थी कि वह 21 फरवरी 2024 को बाजार गई थी। दोपहर दो बजे घर लौटी तो उसकी बच्ची नहीं थी। बेटे से पूछा, तो उसने बताया कि वह बहन के साथ लाला के घर खेलने गया था। तहरीर के आधार पर एसओ ने 22 फरवरी को मामला दर्ज किया। राजेश उर्फ लाला से कड़ाई से पूछ-ताछ की तो उसने घटना स्वीकारते हुए बच्ची की हत्या करने की बात कही। पुलिस ने लाला को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर बच्ची का शव का बरामद किया और आरोपपत्र न्यायालय को सौंपा था। कोर्ट ने 29 मार्च को सुनवाई शुरू की थी।

## उम्मीद है, असल परिणाम एग्जिट पोल के उलट होंगे : सोनिया गांधी

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने सोमवार को कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि लोकसभा चुनाव के असल परिणाम 'एग्जिट पोल' (चुनाव बाद सर्वेक्षण) के अनुमान से बिल्कुल विपरीत होंगे। सोनिया ने कहा कि हमें प्रतीक्षा करनी होगी। बस, इंतजार कीजिए और देखिए।

उन्होंने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि एग्जिट पोल में जो दिखाया जा रहा है, नतीजे उसके बिल्कुल विपरीत होंगे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से सवाल किया गया था कि चार जून को घोषित होने जा रहे नतीजों से उन्हें क्या उम्मीद है? उन्होंने यह टिप्पणी द्रमुक कार्यालय में तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि को उनकी 100वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद की। अधिकतर 'एग्जिट पोल' में लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को प्रचंड बहुमत मिलने का पूर्वानुमान व्यक्त किया गया है। अधिकतर सर्वेक्षणों में राजग को 350 से अधिक सीट मिलने की संभावना जताई गई है। अगर असल परिणाम भी एग्जिट पोल के अनुमान के मुताबिक रहते हैं तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार बड़े बहुमत के साथ सत्ता संभालेंगे। कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक दलों ने एग्जिट पोल को खारिज कर दिया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा था कि इसे एग्जिट पोल नहीं कहा जाता है बल्कि इसका नाम 'मोदी मीडिया पोल' है।



- कांग्रेस नेता ने कहा- बस इंतजार कीजिए और देखिए
- एग्जिट पोल में चुनाव में राजग को प्रचंड बहुमत का पूर्वानुमान

## 22 लाख रुपयों से भरा एटीएम उखाड़ ले गए बदमाश

संवाददाता सीतापुर

- दूसरा एटीएम उखाड़ने में रहे असफल, एक ही रात में एटीएम उखाड़ने की हुईं दो घटनाएं

**अमृत विचार:** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बदमाशों ने एटीएम उखाड़ने का दुस्साहस किया। 22 लाख,30 हजार,5 सौ रुपयों से भरे एक एटीएम को तो कुछ बदमाश ले जाने में सफल रहे। लेकिन, दूसरे एटीएम को उखाड़ते समय हुई आवाज पर लोगों के जगने पर उसे मौके पर ही छोड़कर भाग गए। एक ही रात में एसबीआई के दो एटीएम में हुई ऐसी घटना ने प्रबंधन व पुलिस की नींद उड़ा दी है।

एटीएम उखाड़कर ले जाने की पहली घटना लहरपुर कोतवाली क्षेत्र की है। यहां लहरपुर तंबौर मार्ग पर स्थित ग्राम गौरिया प्रहलादपुर में एसबीआई शाखा के समीप लगे एटीएम को बदमाश उखाड़ ले गए। लोगों ने जब एटीएम उखड़ा पाया तो पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने छानबीन के बाद एटीएम को टुकड़ों में धोंधी के किसान पुतान के खेत में बरामद किया। एटीएम में रखे करीब 22 लाख रुपये गायब मिले। शाखा प्रबंधक रजनीश कुमार सिंह की तहरीर पर पुलिस अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

दूसरी घटना गोड़ैचा चौराहे के समीप लगे एसबीआई के ही एटीएम को उखाड़ने की है। लोगों ने बताया कि एटीएम उखाड़ते समय तेज आवाज सुनकर कुछ लोग घर से बाहर निकल आए। तब तक बदमाश फरार हो गए। बदमाश एटीएम ले जाने में असफल रहे।

## आकासा और इंडिगो की उड़ान में बम की अफवाह

**मुंबई/चेन्नई।** आकासा एयर की दिल्ली-मुंबई फ्लाइट और इंडिगो की चेन्नई-कोलकाता फ्लाइट में सोमवार को बम की सूचना मिली। आकासा एयर की फ्लाइट को अहमदाबाद डायवर्ट किया गया। इसमें एक बच्चा और 6 क्रू मेंबर्स सहित 186 यात्री सवार थे। प्रवक्ता ने बताया कि दिल्ली से मुंबई के लिए उड़ान भरने के बाद फ्लाइट संख्या क्यूपी 1719 को सुरक्षा अलर्ट मिला था। इसके बाद सुबह 10:13 बजे अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल अतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान को सुरक्षित उतार लिया गया।

दूसरी तरफ, चेन्नई से कोलकाता जाने वाला इंडिगो का विमान बम की अफवाह के कारण दो घंटे लेट हो गया।

## एजेंसियों की विफलता से भागे नीरव मोदी, मेहुल और माल्या

मुंबई, एजेंसी

करोड़ों डॉलर के घोटालों में शामिल नीरव मोदी, मेहुल चोकसी और विजय माल्या जैसे उद्यमी इसलिए देश छोड़कर जाने में सफल रहे क्योंकि जांच एजेंसियां उन्हें सही समय पर गिरफ्तार नहीं कर पाईं। यहां एक विशेष अदालत ने हाल में यह बात कही।

विशेष न्यायाधीश एम जी देशपांडे ने धनशोधन रोकथाम कानून के तहत निरुद्ध एक आरोपी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह टिप्पणी की जिसने अपनी जमानत शर्तों में बदलाव का अनुरोध किया था। अदालत ने धनशोधन मामले में आरोपी व्योमेश शाह की इस याचिका को 29 मई को विचारार्थ स्वीकार कर लिया था जिसमें उसने अनुरोध किया था कि विदेश यात्रा के लिए अदालत की पूर्व अनुमति लेने की जमानत की शर्त को हटाया जाए। विस्तृत आदेश हाल में उपलब्ध कराया गया।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दलील दी थी कि शाह की अर्जी को स्वीकार करने से नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी के मामलों जैसी परिस्थितियां पैदा होंगी।

इस पर न्यायाधीश ने कहा कि ये सभी लोग, सही समय पर इन्हें गिरफ्तार नहीं कर पाने में संबंधित जांच एजेंसियों की नाकामी की वजह से भागे। उन्होंने कहा कि शाह के मामले की तुलना नीरव मोदी, विजय माल्या और मेहुल चोकसी आदि के मामलों से नहीं की जा सकती।







- मुंबई की एक विशेष अदालत ने सुनवाई के दौरान की टिप्पणी
- सही समय पर गिरफ्तारी में नाकाम रहीं एजेंसियां : कोर्ट

### ईडी और सीबीआई कर रहीं तीनों के मामलों की जांच

हीरा कारोबारी नीरव मोदी भारत और विदेशों में डायमंड ज्वेलरी ब्रांड 'नीरव मोदी' के संस्थापक हैं। 2018 में नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक के साथ लगभग 14,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। इसके बाद वे भारत से फरार हो गए। मोदी को मार्च 2019 में लंदन में गिरफ्तार किया गया और फिलहाल वे प्रत्यर्पण की प्रक्रिया का सामना कर रहे हैं। जबकि, विजय माल्या 'यूनाइटेड ब्रेवरीज़ ग्रुप' और 'किंगफिशर एयरलाइंस' के मालिक थे। माल्या पर विभिन्न बैंकों के लगभग 9,000 करोड़ रुपये के ऋण न चुकाने का आरोप है। 2016 में वे लंदन चले गए। ब्रिटिश कोर्ट ने उनके भारत प्रत्यर्पण की मंजूरी दे दी है, लेकिन उन्होंने फैसले के खिलाफ अपील की है। वहीं, गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के मालिक मेहुल पर भी पंजाब नेशनल बैंक के साथ 13,000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप है। इनका भांजा नीरव भी इसी मामले में आरोपी है। चौकसी 2018 में एंटीगुआ और बारबुडा भाग गए और वहां की नागरिकता प्राप्त की। इन मामलों की जांच ईडी और सीबीआई कर रही हैं।

## एक नजर

### ई-मंडी से 20,750 लाइसेंस जारी, प्रक्रिया हुई आसान

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंडियों में डिजिटल कारोबार के साथ लाइसेंस बनवाना भी आसान हो गया है। प्रदेश में ई-मंडी योजना से पिछले वर्ष 20,450 लाइसेंस जारी हुए हैं। इससे ऑनलाइन डिजिटल कारोबार को रफ्तार मिली है ई-मंडी योजना के अंतर्गत डिजिटल कारोबार के लिए व्यापारियों के पास ई-लाइसेंस जरूरी है। इससे व्यापारी किसानों से ऑनलाइन कहीं से उनकी उपज खरीद सकते हैं। नई व्यवस्था लागू होने पर मंडी परिषद ने 2023-24 में 20,750 ई लाइसेंस बनाए हैं। इन लाइसेंस से कारोबारियों को बाहरी मंडियों से उपज खरीदने की सुविधा मिली है।

# 81 मतगणना स्थलों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा, एक लाख सुरक्षाकर्मी तैनात

- सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाई तो सख्त कार्रवाई को तैयार रहें : डीजीपी
- मतगणना स्थल पर बनाई गई है मीडिया गैलरी, सूचना अधिकारी होंगे प्रभारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों और 04 विधानसभा सीटों के उपचुनाव की मतगणना मंगलवार सुबह आठ बजे से 07 पुलिस कमिश्नरेट एवं 68 जनपदों में कुल 81 स्थानों पर होगी। मतगणना केंद्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के मद्देनजर मतगणना स्थल पर एक लाख पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीआरपीएफ और पीएसी की कंपनियों को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों, अफवाहों के खंडन एवं सत्यता की जानकारी कर कार्रवाई के लिए प्रत्येक कमिश्नरेट और जिलों में सोशल मीडिया टीम द्वारा 24 घंटे मॉनीटरिंग की जा रही है। ये जानकारी लोकभवन के सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता में अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार और डीजीपी प्रशांत कुमार ने दी।

#### सीसीटीवी से लैस किए गए मतगणना स्थल

अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में बने मतगणना स्थलों की सीसीटीवी के जरिए निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर मीडिया गैलरी भी बनाई गई है। इसके प्रभारी सूचना अधिकारी होंगे, जो समय-समय पर पत्रकारों को मतगणना हाल का भ्रमण कराएंगे।

#### चेकिंग के बाद ही प्रवेश

डीजीपी ने बताया कि मतगणना केंद्र पर अधिकृत व्यक्ति को ही प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश करते समय प्रत्येक व्यक्ति को डीएफएमडी, एचएचएमडी द्वार फ्रिस्किंग और चेकिंग के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा। इस दौरान आपत्तिजनक वस्तु, सामग्री ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। महिलाओं की चेकिंग एवं फ्रिस्किंग उनकी निजता को ध्यान में रखते हुए महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ही की जायेगी। वहीं मतगणना स्थल के आस-पास जाम न लगे इसके भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों के संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस और रिजर्व क्यूआरटी टीमों को लगाया गया है।

**हवाले:** डीजीपी ने बताया कि मतगणना स्थल की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए 81 स्थानों पर 160 उपायुक्त एवं अपर पुलिस अधीक्षक, 476 सहायक पुलिस आयुक्त एवं पुलिस उपाधीक्षक, 2248 निरीक्षक, 12883 उपनिरीक्षक, 20876 महिला आरक्षी, 50697 आरक्षी और 6149 होमगाड्र्स को तैनात किया गया है। इसके साथ ही सीआरपीएफ की 145 और पीएसी की 102 कंपनियां तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया कि सुरक्षा के लिहाज से मतगणना केन्द्र की त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके तहत

**प्रथम घेरा सीआरपीएफ के** प्रथम घेरे (इनरमोस्ट कार्डन) की सुरक्षा सीएपीएफ, द्वितीय घेरे (इनर कार्डन) की सुरक्षा पीएसी एवं जनपदीय पुलिस बल और तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) की सुरक्षा व्यवस्था जनपदीय पुलिस बल के साथ अन्य अनुपूरक बलों द्वारा सुनिश्चित की गई है। तृतीय घेरे (आउटर कार्डन) के 100 मीटर दूरी का दायरा स्टेराइल रखा गया है।

## भीषण गर्मी में कार्मिकों को सुरक्षित रखने के निर्देश

**अमृत विचार, लखनऊः** भारत निर्वाचन आयोग ने भीषण गर्मी और लू से मतगणना कार्मिकों को सुरक्षित रखने के निर्देश दिये हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को हर हाल में समुचित इंतजाम करने को कहा है।प्रदेश की 80 लोकसभा व चार विधानसभा सीटों के चुनाव को लेकर 75 जिलों के 81 मतगणना केंद्रों पर सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होगी। भारत निर्वाचन आयोग ने निष्पक्ष मतगणना के लिए समुचित इंतजाम किये हैं।

# मतगणना से पहले भाजपा व सपा ने एक-दूसरे पर लगाया आरोप

## भाजपा और सपा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को ज्ञापन सौंपते भाजपा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचारः** मतगणना के पहले सोमवार को भाजपा व सपा ने एक-दूसरे पर आरोप लगाये और मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को ज्ञापन सौंपा। भाजपा ने कहा कि सपा व कांग्रेस जिलों में दंगा कराने की साजिश कर रहे हैं, जबकि सपा ने मतगणना को लेकर आयोग को ज्ञापन सौंपा, जिसमें मिर्जापुर के जिलाधिकारी व देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील की भूमिका पर सवाल उठाये।

भारतीय जनता पार्टी का प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार की शाम मुख्य निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा, जिसमें सपा व कांग्रेस पर जिलों में हुड़दंग मचाकर दंगा कराने की साजिश करने का आरोप लगाया गया है। प्रतिनिधिमंडल ने विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं के जमावड़ा करने से रोकने व मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने की मांग की गई है। प्रतिनिधिमंडल में

- सपा व कांग्रेस जिलों में कर रहे दंगा कराने की साजिश : भाजपा

प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह व सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर शामिल थे।

दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी ने निष्पक्ष मतगणना के मद्देनजर मिर्जापुर के जिलाधिकारी को मतगणना स्थल में प्रवेश से रोक लगाए जाने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने सोमवार

- सपा प्रदेश अध्यक्ष ने मीरजापुर के डीएम को लेकर जताई आपत्ति

को मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर महिला से छेड़खानी के आरोपी शशि भूषण लाल सुशील को देवीपाटन का मंडलायुक्त नियुक्त किए जाने पर भी आपत्ति जताई है। ज्ञापन में कहा गया है कि सपा मिर्जापुर के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने शिकायत की है कि वहां मतगणना स्थल पालीटेक्निक कालेज के पीछे की बाउंड्री तोड़ दी गई है और कैमरा भी नहीं लगा है। शासन-प्रशासन की मंशा ठीक नहीं लग रही है। इससे पूर्व भी जिलाधिकारी मीरजापुर पर निष्पक्ष चुनाव न कराये जाने का आरोप लगा था। जिलाधिकारी भाजपा प्रत्याशी के रिश्तेदार भी हैं इसलिए मतगणना निष्पक्ष होने में संशय है। सपा ने सुरक्षा की दृष्टि से कैमरा लगवाने की मांग की है। निर्वाचन आयोग पहुंचकर ज्ञापन देने वाले सपा के प्रतिनिधिमण्डल में केके. श्रीवास्तव और डॉ. हरिश्चंद्र शामिल रहे।

## मतगणना के दौरान सचेत रहें कार्यकर्ता : भूपेंद्र

**अमृत विचार, लखनऊः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सोमवार को लखनऊ में पार्टी के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के साथ मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मतगणना के दिन कार्यकर्ताओं को सचेत रहने का निर्देश दिया। भूपेन्द्र चौधरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं को को मतगणना के दिन मुस्तैद रहकर मतों की गिनती पर पैनी नजर रखने को कहा गया है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के अलावा महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक स्वतंत्र देव सिंह, आदि शामिल रहे।

# धीमी हो सकती है मतगणना : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- भाजपा पर कसा तंज, जितनी ऊंचाई पर जाकर कटती है पतंग उतना बड़ा होता है उसका पतन



पत्रकारों को जानकारी देते अखिलेश यादव।

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए मतगणना में धांधली की आशंका प्रकट की है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में सपा प्रमुख ने कहा कि हो सकता है भाजपा कॉउंटिंग धीमी करवा दें और रात में बत्ती गुल करवा दें। उन्होंने कहा कि एग्जिट पोल करने वाली कंपनियों से यह सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या वे भाजपा के बूथ प्रबंधन का काम नहीं करती रही हैं? भाजपा पर तंज कसते हुए अखिलेश यादव ने अपनी बात की शुरुआत में कहा- जितनी ऊंचाई पर जाकर कटती है पतंग, उतना ही बड़ा होता है उसका पतन।

लोकसभा चुनाव-2024 के एग्जिट पोल सामने आने के बाद पहली बार पत्रकारों से बात कर रहे अखिलेश यादव ने दावा किया कि इंडी गठबंधन उप्र. में सबसे ज्यादा सीटें जीतेगा। उन्होंने कहा कि हमारे आंतरिक सर्वे में विपक्षी गठबंधन को आ रही सीटों का नंबर बहुत बड़ा है। अखिलेश यादव ने भाजपा पर सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने, माब लिंचिंग, मुनाफ़खोरी को बढ़ावा देने, गलत वैक्सीन लगवाने जैसे तमाम आरोप लगाए।

## मुझ पर फिर न हो जाए हमला: साध्वी निरंजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा प्रत्याशी की सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट के बाद गरमाई राजनीति

**लखनऊः** फतेहपुर से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ने आरोप लगाया कि उनके ऊपर दोबारा हमला हो सकता है।

फतेहपुर सीट से सपा के उम्मीदवार नरेश उत्तम पटेल की सोशल मीडिया पर आयी एक पोस्ट से राजनीति गरमा गई। इस पोस्ट में कथित तौर पर लोगों से ईवीएम की निगरानी करने और धोखाधड़ी से निपटने के लिए लाठी-डंडा भी तैयार रखने की अपील की गई थी। हालांकि बाद में पोस्ट डिलीट कर दी गई। इसका स्क्रीन शॉट को लेकर भाजपा ने सपा पर मतगणना के दौरान हमले की योजना बनाने का आरोप लगाया। फतेहपुर से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ने पोस्ट को लेकर आरोप लगाया कि मतदान के दिन उन पर होली सराय में हमला हुआ था। हो सकता है कि हार सुनिश्चित जान उसकी बौखलाहट में दोबारा हमले की योजना हो।

## आयोग के पास नहीं है रोड शो के खर्च का ब्योरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- चुनाव आयोग को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिए : भीमराव आंबेडकर

**लखनऊः** बहुजन समाज पार्टी के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनाव प्रचार के लिए बीते दिनों वाराणसी में हुए रोड शो पर सवाल खड़े किए हैं। चुनाव आयोग से पार्टी ने सवाल किया कि उस रोड शो में 50 हजार से एक लाख की भीड़ शामिल थी, लेकिन क्या खर्च का ब्यौरा है। पार्टी को मीडिया प्लेटफार्म पर भी पर्याप्त समय न मिलने पर पार्टी नेताओं ने आपत्ति दर्ज की।

हरदोई के बसपा प्रत्याशी भीमराव आंबेडकर ने एग्जिट पोल को लेकर सोमवार को 'अमृत विचार' से एक बातचीत में कहा कि चुनाव आयोग को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना चाहिये क्योंकि एग्जिट पोल और सरकार के पोल एक हैं और वहीं दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां पर आयोग के कोई नियम नहीं हैं। पूर्व में आकाशवाणी व दूरदर्शन चैनल होते थे, नियमानुसार सभी राजनैतिक दलों को मौका मिलता था, समय निर्धारित होता था। परंतु वर्तमान में हर चैनल 24 घंटे में 20 घंटे तक एक ही पार्टी को दिखाया गया।

# मरीजों से मिलने वाली धनराशि पर शासन की नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 50 प्रतिशत राशि जमा करना होगा राजकीय कोष में

**अमृत विचारः** सरकारी अस्पतालों में पंजीकरण समेत मरीजों के इलाज से मिलने वाली धनराशि के व्यय का ब्योरा राज्य सरकार ने मांगा है। महानिदेशक से पूछा गया है।

सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने के लिए मरीज एक रुपये में पर्चा बनवाते हैं, इसके अलावा अल्ट्रासाउंड जांच, ऑपरेशन व प्लास्टर आदि का शुल्क लिया जाता है। राज्य सरकार के वर्ष 2000 के शासनादेश के अनुसार अस्पताल की होने वाली आय में 50 प्रतिशत अंश राजकीय कोष जमा करना होता है, शेष रकम को जिलाधिकारी के नेतृत्व में गठित कमेटी रोगी कल्याण समिति (आरकेएस) के अनुमोदन से मरीजों के हितार्थ अस्पताल में संसाधन खरीदे जाते थे। वर्ष 2006 में दूसरे शासनादेश में पूरी धनराशि को खर्च करने का अधिकार अस्पताल प्रशासन को मिल गया शासन ने वर्ष 2000 के शासनादेश का संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य महानिदेशक से अस्पतालों में लागू वर्तमान व्यवस्था मांगी है। इस संबन्ध में एक अस्पताल के सीएमएस ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में अधिकांश जांच व इलाज निशुल्क उपलब्ध होते हैं, इसके बाद भी एकत्र होने वाले धन को रोगी कल्याण समिति की संस्तुति के बाद ही व्यय किया जाता है।

## पोर्टल पर 30 तक दर्ज कर सकेंगे संपत्ति का ब्योरा

**अमृत विचार, लखनऊः** शासन ने राज्य के उन पीसीएस अधिकारियों को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा पोर्टल पर दर्ज कराने का अंतिम अवसर दिया है जिन्होंने बीती 28 फरवरी तक यह विवरण दर्ज नहीं कराया है। शासन ने ऐसे अधिकारियों के लिए समय सीमा बढ़ाकर 30 जून कर दी है जिसमें उन्हें 31 दिसंबर 2023 तक अर्जित संपत्ति की जानकारी देनी होगी। शासन ने हर हाल में उक्त तारीख तक पीसीएस अधिकारियों से अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज कराने की उम्मीद की है।

साथ ही शासन ने सोमवार को जारी एक पत्र में चेतावनी भी दी कि यह व्यवस्था इसी वर्ष के लिए है। आगामी वर्ष एक जनवरी से 31 जनवरी तक संपत्ति का ब्योरा ऑनलाइन दर्ज न कराने पर कार्रवाई की जाएगी।

# परिणाम बताएंगे रालोद के साथ भाजपा की कितनी आसान हुई राह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- एग्जिट पोल के आधार पर एनडीए के लिए पश्चिम उप्र. में प्रभावी रही रालोद की भूमिका


**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर सामने आए एग्जिट पोल पर राजनीतिक दलों की अलग-अलग प्रतिक्रिया है। कांग्रेस व सपा समेत अन्य विपक्षी दल जहां इसे सरकारी व भाजपा के एग्जिट पोल की संज्ञा दे रहे हैं, वहीं भाजपा समेत एनडीए गठबंधन के घटक दल, गदगद नजर आ रहें हैं। रालोद का कहना है कि उनके साथ आने से शुरुआती तीन चरण की सभी 26 सीटों एनडीए प्रत्याशियों को विजय निश्चित है।

प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय का कहना है कि किसान आधारित पार्टी होने की वजह से रालोद का प्रभाव पश्चिम उप्र.में आगरा से लेकर सहारनपुर तक है, जाट, गुर्जर, सैनी व त्यागी आदि ओबीसी जाति मतदाताओं की बहुलता है, एनडीए प्रत्याशियों को लाभ मिल रहा है।

रालोद व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा, चमत्कार की उम्मीद रखने वाले राजनीतिक दलों को समझना चाहिये कि जमीन पर काम करने से ही चमत्कार होते हैं, पूरे पांच साल तक विपक्ष नदारद था। वहीं, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे का कहना है कि रालोद के समर्थक पूरे उप्र. में हैं, मगर किसान बाहुल्य पश्चिम उप्र. के लगभग 26 जिलों में खासा प्रभाव है।

#### पश्चिम उप्र. की जातीय गणित

पश्चिम उप्र. में 27 प्रतिशत मुस्लिम, 17-18 प्रतिशत जाट, 12 प्रतिशत गुर्जर, 20 प्रतिशत दलित है। साल 2019 के चुनाव में सपा-रालोद व बसपा के गठबंधन की वजह से यादव, मुस्लिम और दलित का जोड़ बना था, इस चुनाव में गठबंधन टूटने से समीकरण बदल गए हैं। बसपा अलग हो चुकी है, रालोद ने एनडीए का हाथ पकड़ लिया है। इसलिए पश्चिम उप्र. में भाजपा के लिए राहें आसान मानी जा रही हैं। हालांकि परिणाम आने पर वास्तविक तस्वीर सामने आ जाएगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने से पहले सोमवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से मुलाकात की और ज्ञानवापी काशी के सत्य को उद्घाटित करने वाली पुस्तक प्रतिक्षा शिव भेंट की। अमृत विचार

## फर्जी एनओसी लेकर कराते थे वाहनों पर लोन

**अमृत विचार, लखनऊः** पूर्वोत्तर के राज्यों से फर्जी एनओसी प्राप्त कर कूटरचित इंजन एवं चेसिस नंबर के माध्यम से पंजीकरण कराकर उक्त वाहनों पर बैंकों से लोन लेने जैसा फर्जीवाड़ा करने वाले दो अभियुक्तों को एसटीएफ ने आगरा से गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में आगरा के डॉकी निवासी बीकेन्द्र तोमर तथा राजस्थान के धौलपुर निवासी देवेंद्र सिंह शामिल हैं। एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि 02 जून को सूचना मिली थी कि फर्जी एनओसी प्राप्त करने और फर्जी दस्तावेज बनाकर लोन लेने से जुड़े गैंग के दो सदस्य आगरा के ट्रांसपोर्ट नगर पुलिस चौकी के सामने मैदान में किसी काम से मौजूद हैं। इस सूचना पर मौके पर पहुंचकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि उनके साथी मुकेश व कुमारसेन नागालैण्ड व मणिपुर से फर्जी एनओसी प्राप्त कर अलग-अलग प्रान्तों के जिलों के आरटीओ में दाखिल कर फर्जी नाम से रजिस्ट्रेशन कराकर उक्त गाड़ी पर फर्जी व कूटरचित दस्तावेज से अलग-अलग बैंको से लोन लेकर उनमें से गाड़ियों को बेच देते हैं।

# रियल टाइम खतौनी में ढिलाई बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए दी चेतावनी
- जमीन बेचने वाले का नाम खारिज कर खरीदार का नाम तत्काल दर्ज होगा

**अमृत विचारः** मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए रियल टाइम खतौनी के काम में ढिलाई बरतने वालों पर कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। इस दौरान उन्होंने दस जिलों- शामली, फर्रुखाबाद, अमेठी, कुशीनगर, सुल्तानपुर, अमरोहा, मुरादाबाद, कासगंज, सिद्धार्थनगर व अम्बेडकर नगर में रियल टाइम खतौनी का कार्य पूरा होने पर प्रसन्नता भी प्रकट की।

दरअसल, रियल टाइम खतौनी से भूमि संबंधी विवादों पर न केवल अंकुश लगेगा बल्कि जमीन बेचने वाले का नाम खारिज कर खरीददार का नाम तत्काल दर्ज होगा। तुरंत यह विवरण ऑनलाइन भी हो जाता है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने सोमवार को लोकभवन में राजस्व विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अभी तक नामांतरण खतौनी रोस्टर के अनुसार हर छह वर्ष पर किया जाता रहा है। रियल टाइम खतौनी में भूमि के सही खातेदारों के नामों को एक क्लिक से पता किया जा सकेगा। इसमें खातेदार स्पष्ट होने से कृषि योजनाओं और किसान क्रेडिट कार्ड आदि बनवाने के लिए किसान को सुविधा होगी। बैठक में प्रमुख सचिव राजस्व पी. गुरुप्रसाद, आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिसद मनीषा त्रिघाटिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

#### अधिकारी करें निरीक्षण

मुख्य सचिव ने रियल टाइम खतौनी का कार्य आगामी 30 जून, अंश निर्धारण का कार्य आगामी 31 दिसम्बर जबकि घरौनी का कार्य 31 दिसम्बर तक पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि जिन जिलों में कार्यों की अपेक्षित प्रगति नहीं हैं, वहां का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जाये। कार्य में शिथिलता बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाये।

## लखनऊ मेट्रो ने सौर ऊर्जा से बचाई साढ़े तीन करोड़ की बिजली

**अमृत विचार, लखनऊः** लखनऊ मेट्रो ने सोलर ऊर्जा का उपयोग कर एनर्जी एक्सचेंज के जरिये डेढ़ वर्ष में साढ़े तीन करोड़ की बिजली बचायी है। इस मॉडल के जरिए यूपीएमआरसी ने एक महीने में औसतन 45 लाख रुपये की ऊर्जा की बचत की है। यूपी मेट्रो के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि मेट्रो पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखकर ग्रीन कॉरिडोर, जल संरक्षण और ऊर्जा स्रोतों का उपयोग कर रहा है। पर्यावरण दिवस पर मेट्रो के प्रयासों से प्रेरणा लेकर पृथ्वी को हरा-भरा टिकाऊ बनाने में योगदान दें।

प्रबंध निदेशक ने बताया कि लखनऊ मेट्रो 65 हजार वर्ग मीटर की हरियाली कवर कर रहा है। ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो डिपो में 2.28 और पांच मेट्रो स्टेशन पर सामूहिक रूप से एक मेगावाट का सौर संयंत्र लगा है। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट नगर और मुंशीपुलिया में आरएसएस भवनों 10-10, गोमतीनगर के प्रशासनिक भवन में 12 किलोवाट संयंत्र शामिल हैं। मेट्रो हर साल करीब 40 लाख यूनिट बिजली सौर ऊर्जा से उत्पन्न कर रहा है।

# रखरखाव की कमी से बंद हो रहीं बिजली इकाइयां

## अब तक बंद हो चुकी हैं आधा दर्जन यूनिट, एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से खरीदनी पड़ रही महंगी बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- लगातार बिजली की मांग बनी रहने व वित्तीय दिक्कतों के कारण नहीं हो पा रहा रखरखाव

**अमृत विचारः** प्रदेश में समय पर रखरखाव न होने से उत्पादन बिजली इकाइयां ठप हो रही हैं। अब तक करीब आधा दर्जन इकाइयां बंद होने से बिजली उत्पादन प्रभावित हो चुका है। कुछ इकाइयां अभी तक चालू नहीं हो पाई हैं। नतीजा यह है कि पावर कॉरपोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। भविष्य में इसका असर उपभोक्ताओं की बिजली दरों पर पड़ना तय है।

बीते माह में भीषण गर्मी के कारण अब तक एनटीपीसी की ऊंचाहार इकाई के साथ ही, ओबरा, रोजा, ललितपुर, अनपरा, टांडा, बारा, जवाहरपुर व पारीछा की इकाइयों में उत्पादन ठप हो चुका है। सूत्रों के अनुसार राज्य विद्युत उत्पादन निगम के साथ ही केंद्रीय सेक्टर के बिजलीघरों का रखरखाव साल में एक बार होने का प्रावधान है, पर लगातार बिजली की मांग बने रहने व वित्तीय दिक्कतों के कारण इकाइयां का समुचित रखरखाव नहीं हो पा रहा है। स्थिति यह है कि उन्हीं इकाइयों का रखरखाव हो पा रहा है, जो इकाइयां तकनीकी कारणों से बंद हो जा रही हैं। इकाइयों के बंद होने पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन को एनर्जी एक्सचेंज से महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर के निदेशक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि इकाइयों के लगातार बंद होने के बाद भी बिजली मांग के अनुसार लोगों को बिजली आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है।

#### अधिकतम मांग की स्थिति

| राज्य | मेगावाट |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 29,727 |
| पंजाब | 14,000 |
| हरियाणा | 12,000 |
| दिल्ली | 8,300 |

#### चार उत्पादन इकाइयां फिर ठप

ललितपुर की छह सौ मेगावाट, रोजा की तीन सौ मेगावाट, अनपरा की पांच सौ मेगावाट व ओबरा सी की छह सौ मेगावाट क्षमता की इकाइयां बीती देर रात ठप हो गई। इससे प्रदेश में बिजली संकट बढ़ गया है। पिछले दिनों ठप हुई सिंगरौली की पांच सौ मेगावाट व अनपरा की पांच सौ मेगावाट की ठप इकाइयों को सोमवार को चालू करने के प्रयास जारी रहे। बिजली अभियंता रात में ही इन इकाइयों के चालू होने की उम्मीद जताते रहे, जबकि ओबरा सी के चार जून व अन्य इकाइयों के पांच जून को चालू होने की संभावना है।

#### गर्मी को प्राकृतिक आपदा घोषित करे सरकार: शैलेंद्र

बिजली की मांग को देखते हुए ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर हीट वेव को प्राकृतिक आपदा घोषित करने की मांग की है। एआईपीईएफ के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे ने पत्र की प्रति सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को भी भेजी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश समेत उत्तर भारत में अत्यधिक गर्मी के कारण उत्तरी राज्यों में बिजली की मांग चरम पर है। 30 मई को उत्तरी क्षेत्र में रिकॉर्ड मांग 86.7 गीगावॉट पर पहुंच गई थी।

**मांग में कुछ कमी, अधिकतम मांग 28,456 मेगावाट दर्ज**

गर्मी में कुछ कमी होने के कारण प्रदेश में बिजली की मांग भी घट गई है। सोमवार को अधिकतम बिजली मांग 28,456 मेगावाट दर्ज हुई, जबकि बीते एक जून को बिजली की अधिकतम मांग का रिकॉर्ड टूट गया था। बिजली की अधिकतम मांग 29,727 मेगावाट पर पहुंच गई थी। इससे पहले 18 मई को बिजली की अधिकतम मांग 28 हजार मेगावाट, 24 मई को 29,197 मेगावाट, 25 मई को 29,215 मेगावाट, 26 मई को 29,084 मेगावाट, 27 मई को 29,261 मेगावाट,, 28 मई को 29,282 मेगावाट व 29 मई को 29,077 मेगावाट दर्ज हुई थी। कॉरपोरेशन के अधिकारियों का कहना है कि अगर तापमान में कमी बनी रही, तो मांग में भी कमी बनी रहेगी।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
NIMISHA
CANCER CARE CLINIC
(Clinical Oncologist and Radiotherapist), MD, DNB, Medvar. Dip. Clinical, Oncologist, Ex Consultant Tata Memorial Hospital Mumbai, P.G.I.M.E.R. Chandigarh
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112


## एक नजर

### आज बंद रहेंगी जिले में शराब की दुकानें

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव के परिणाम मंगलवार को घोषित होंगे। इसके चलते शराब की दुकानें बंद रहेंगी। जिला आबकारी अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि आज के दिन विदेशी शराब, देशी शराब, बीयर, मॉडल शाप, बार और भांग की समस्त थोक व फुटकर बिक्री पूर्णतया बंद रखने तथा ड्राई-डे घोषित किया गया है।

### एआरएम के खिलाफ वसूली की शिकायत

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सड़क परिवहन निगम में भ्रष्टाचार से जुड़ा मामला सामने आया है। कर्मचारी अनूप कुमार पांडेय ने देवीपाटन क्षेत्र के बहराइच डिपो के एआरएम प्रेम कुमार पर वसूली और मनमानी का आरोप लगाकर एमडी को चिट्ठी भेजी है। चिट्ठी वायरल हो गई है। चिट्ठी में भ्रष्टाचार की जांच और कार्रवाई की मांग की है। बहराइच के बेगमपुर, सोहरवा निवासी अनूप ने एआरएम पर अन्य कर्मचारियों को भी प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

### दुकानों, प्रतिष्ठानों पर हो छाया- पानी की व्यवस्था

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपर श्रम आयुक्त मधुर सिंह ने सहायक श्रमायुक्त और श्रम प्रवर्तन अधिकारियों को मंडल के जिलों में दुकान एवं वाणिज्य पंजीकृत आदि में कार्यरत श्रमिकों के लिए ठंडे पानी और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों को हीट वेव से दिक्कत नहीं होनी चाहिए। ज्वेलरी शॉप और वर्कशॉप में हीट वेव से बचाव के लिए जागरूक किया जाए। बड़े भवन निर्माण इकाइयों पर निर्माण कामगारों, श्रमिकों के लिए भी छाया, पानी की व्यवस्था की जाए। श्रमिकों से तापमान अधिक होने पर धूप में काम न लेने की भी अपील की है। अपर श्रम आयुक्त ने कहा है कि ज्वैलरी की दुकानों और शोरूम पर लोगों को हीट वेव से बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाए।

# 8 बजे शुरू हो जाएगी वोटों की गिनती सबसे पहले आएगा उपचुनाव का परिणाम

## लखनऊ के बाद आएगा मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र का नतीजा, एक साथ होगी मतगणना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ढाई माह से अधिक की चुनावी प्रक्रिया पूरी होने के बाद नतीजों की घड़ी आ गई है। मंगलवार को सुबह आठ बजे ईवीएम से मतगणना शुरू होगी। सबसे पहले पूर्वी विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव का परिणाम आने की संभावना है।

लोकसभा चुनाव को लेकर 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता लागू हुई थी। इसके साथ ही चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई थी। प्रदेश में सात चरणों में मतदान हुआ। पांचवें चरण में 20 मई को लखनऊ और मोहनलालगंज लोकसभा सीट के साथ पूर्वी विधानसभा सीट पर उपचुनाव हुआ था। रमाबाई रैली स्थल पर मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। पूर्वी विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव का चुनाव परिणाम पहले आने की संभावना है। इसके बाद लखनऊ लोकसभा सीट का परिणाम आएगा। इस लोकसभा क्षेत्र के मध्य और कैंट विधानसभा क्षेत्र के परिणाम पहले आ सकते हैं। मोहनलालगंज सीट के परिणाम के लिए कुछ प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है। इस सीट का परिणाम सिधौली विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के बाद घोषित किया जाएगा।

**वीडियो- फोटोग्राफी होगी :** मतगणना कार्य की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। इसके लिए सोमवार को विकास भवन सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। नोडल अधिकारी सुशील कुमार ने फोटो व वीडियो बनाने के तरीके बताए।



रमाबाई रैली स्थल पर बनाए गए मतगणना केंद्र पर मुस्तैद अर्द्धसैनिक बल के जवान। अमृत विचार

### 950 कर्मी करेंगे मतगणना, सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के लिए 18 टेबल

▶▶ अन्य के लिए 14-14 टेबल लगाई गईं

**अमृत विचार:** दो लोकसभा क्षेत्रों और पूर्वी विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव की मतगणना में 950 कर्मी करेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए एक-एक एआरओ ( सहायक रिटर्निंग अधिकारी) को लगाया गया है। गर्मी को देखते हुए मतगणना कक्षों में एसी भी लगाए गए हैं।

कलेक्ट्रेट एनआईसी में सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने मतगणना कार्मिकों का विधानसभा क्षेत्रवार द्वितीय रेंडमाइजेशन किया। उन्होंने बताया कि सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना 18 और अन्य की 14-14 टेबल पर की जाएगी। एक-एक टेबल एआरओ की होगी। इस तरह सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में 19 और अन्य में 15 टेबल लगाई गई हैं। प्रत्येक टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक सहायक, एक माइक्रोआब्जर्वर और एक चतुर्थ श्रेणी कर्मी की ड्यूटी लगाई गई है।

प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो-दो मतगणना संकलन पर्यवेक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। रेंडमाइजेशन में लोक सभा निर्वाचन के लिए कुल 843 और पूर्वी विधानसभा क्षेत्र उप निर्वाचन के लिए 107 कार्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। ड्यूटी में 175 मतगणना पर्यवेक्षक, 175 मतगणना सहायक, 175 माइक्रोआब्जर्वर, 175 चतुर्थ श्रेणी कर्मी, 18 मतगणना संकलन पर्यवेक्षक और 09 मतगणना संकलन सहायक की ड्यूटी लगाई गई। पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के लिए 19 मतगणना पर्यवेक्षक, 19 मतगणना सहायक, 19 माइक्रोआब्जर्वरों, 19 चतुर्थ श्रेणी कार्मियों, 02 मतगणना संकलन पर्यवेक्षक और 01 मतगणना संकलन सहायक की ड्यूटी लगी है। द्वितीय रेंडमाइजेशन के दौरान पर्यवेक्षक, सीडीओ अजय जैन, एडीएम वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार सिंह, एनआईसी सूचना विज्ञान अधिकारी कृष्ण मोहन आदि मौजूद रहे।

#### मतगणना चक्रों का विवरण

लोकसभा क्षेत्र 34 मोहनलालगंज

| विधानसभा क्षेत्र | कक्षा संख्या | बूथों की संख्या | चक्र |
|---|---|---|---|
| मलिहाबाद | 09 | 405 | 29 |
| बीकेटी | 08 | 487 | 35 |
| सरोजनीनगर | 07 | 582 | 42 |
| मोहनलालगंज | 06 | 399 | 29 |

लोकसभा क्षेत्र 35 लखनऊ

| विधानसभा क्षेत्र | कक्षा संख्या | बूथों की संख्या | चक्र |
|---|---|---|---|
| पश्चिम | 05 | 414 | 30 |
| उत्तर | 04 | 395 | 29 |
| मध्य | 03 | 339 | 25 |
| कैंट | 02 | 330 | 24 |
| पूर्व | 01 | 417 | 30 |

विधानसभा क्षेत्र उप निर्वाचन 173 लखनऊ पूर्व

- 173 लखनऊ पूर्व कक्ष संख्या 11 बूथों की संख्या 417 चक्र 30

### नहीं जाएगी बिजली

मतगणना के दौरान सुचारू बिजली आपूर्ति के लिए विभाग ने तैयारियां कर ली हैं। अधिशासी अभियंता दुर्गेश यादव ने बताया कि काउंटिंग के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति अंबेडकर उपकेंद्र और रजनीखंड उपकेंद्र से की जायेगी। इसके अलावा 630 केवीए के दो और 400 केवीए के दो ट्रॉली ट्रांसफार्मर को रिजर्व में रखा जायेगा।

### पानी की भी व्यवस्था

नगर निगम ने मतगणना स्थल पर मंगलवार को ठंडे पानी की व्यवस्था करेगा। पानी के टैंकर के साथ प्याऊ लगाए जाएंगे। समय-समय पर पानी की उपलब्धता की निगरानी की जाएगी। परिसर और बाहर की ओर पानी का छिड़काव कराएगा।

### हेल्प डेस्क, एंबुलेंस मुस्तैद

मतगणना स्थल के लिए स्वास्थ्य विभाग ने हेल्प डेस्क बनाई है। इसमें दो दर्जन डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों की शिफ्ट वार ड्यूटी लगाई गई है। सुबह सात बजे से मतगणना का काम संपन्न होने तक वे मुस्तैद रहेंगे। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया हेल्प डेस्क पर लोकबंधु अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी के डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है। तीन सचल दल की एंबुलेंस भी लगाई हैं। एंबुलेंस में वेंटीलेटर, जीवन रक्षक उपकरण, डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहेंगे। छह अन्य एम्बुलेंस भी अलर्ट पर रहेंगी। डॉ. एके सिंघल व डॉ. बैजनाथ यादव को नोडल बनाया गया है। लोकबंधु, बलरामपुर, सिविल, पीजीआई, केजीएमयू व लोहिया संस्थान की इमरजेंसी में बेड आरक्षित किए गए हैं।

### कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में सोमवार को मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कर्मियों को बताया गया कि ईवीएम की मतगणना के बाद वीवीपैट की पर्चियों का मिलान किया जाएगा। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच वीवीपैट मशीनों का औचक चयन कर गणना की जाएगी और मिलान भी होगा। कंट्रोल यूनिट की गणना होने के बाद उसको एईआरओ टेबल के पीछे लगी टेबल पर सील करने के लिए दे दिया जाएगा। सीलिंग के बाद इन कंट्रोल यूनिट को अलग स्थान पर रखा जाएगा।

# राजधानी में जश्न की तैयारी लोगों ने खरीदे गुलाल-पटाखे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ गेंदा के फूल और गुलाब की पंखुड़ियों की भारी मांग

**अमृत विचार :** एक्जिट पोल में एनडीए के पक्ष में फैसला मान कर चल रहे लोगों ने राजधानी में जश्न मनाने की तैयारी कर ली है। रंग-गुलाल हो या फिर पटाखे समेत विभिन्न चीजें उत्साही लोगों ने जमा कर ली है। और तो और ढोल और वितरित किए जाने वाले लड्डुओं के लिए प्रमुख मिष्ठान प्रतिष्ठानों में आर्डर दे दिए गए हैं।

गोमतीनगर, इंदिरानगर, अमीनाबाद, गणेशगंज, लाटूश रोड, चौक, ठाकुरगंज, आलमबाग समेत शहर के अधिकांश बाजारों में फूल और मिठाई की एडवांस बुकिंग कराई गई है। मिठाई कारोबारियों के मुताबिक, शहर में करीब डेढ़ हजार क्विंवटल लड्डुओं और बूंदी की बुकिंग कराई गई है। ज्येष्ठ का बड़ा मंगल और चुनावी नतीजों को लेकर लड्डुओं की मांग तीन से चार गुना हो गई है। गोमतीनगर के बड़े मिष्ठान विक्रेता सृजल गुप्ता ने बताया कि आम दिनों में जो खपत 2 से 250 किलो के आसपास रहती थी। बड़ा मंगल और मतगणना के चलते करीब 750 से 800 किलो के बीच लड्डू बनवाए गए हैं। शहर की छोटी-बड़ी दुकानों से सैकड़ों क्विंवटल लड्डू और बूंदी बिकेगी।

वहीं दूसरी ओर गेंदा के फूल और गुलाब की पंखुरियों की भी भारी मांग है। भगवा और सेंटेड गुलाल की भी बिक्री हुई है। इसके अलावा लोगों ने पटाखे भी जमा किए हैं। खरीदारी के दौरान लोगों ने इस बात का खास ख्याल रखा है कि प्रदूषण रहित आसमानी ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल किया जाए। पटाखा विक्रेता व एसोसिएशन के अध्यक्ष सतीश मिश्र ने बताया कि पटाखा बाजार के लोग भी जश्न में शामिल होंगे।

### भाजपा कार्यकर्ता वितरित करेंगे 101 किलो लड्डू

भाजपा पदाधिकारियों की ओर से विधानसभा के समक्ष स्थित प्रदेश कार्यालय, महानगर कार्यालय, हलवासिया कोर्ट चुनाव कार्यालय, रमाबाई रैली स्थल और आईएमआरटी कालेज विपुल खंड गेट पर लड्डू वितरित किए जाएंगे। इसके लिए 101 किलो लड्डुओं का आर्डर दे दिया गया है।

### व्यापारी निकालेंगे विजय यात्रा, बांटेंगे मिठाई

आदर्श व्यापार मंडल ने अपने अयोध्या रोड स्थित कार्यालय में मतगणना के बाद जीत के जश्न को मनाने के लिए तैयारी की है। संगठन अध्यक्ष संजय गुप्ता ने बताया कि 51 किलो लड्डू वितरित किया जाएगा। गुलाल और फूल की पंखुड़ियां उड़ाई जाएंगी। भूतनाथ मार्केट में व्यापारियों द्वारा भाजपा की तीसरी बार सरकार बनने के उपलक्ष्य में मिष्ठान वितरित किया जाएगा। गुलाल और ढोल के साथ विजय यात्रा निकाली जाएगी। भूतनाथ व्यापार मंडल के अध्यक्ष देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि उत्तम कपूर समेत लखनऊ व्यापार मंडल के तमाम पदाधिकारी इस विजय जुलूस का हिस्सा होंगे। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में विधायक निवास दारुलशफा स्थित कार्यालय पर लड्डू बांटकर खुशी जताई जाएगी। यहां से विजय यात्रा भी निकाली जाएगी। कपड़ा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी, लखनऊ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष प्रभू जालान, अनिल बजाज, श्याम कृश्नानी समेत तमाम संगठनों के व्यापारियों ने भी जश्न को लेकर तैयारी की है।

# पोस्टमार्टम में नहीं हुई लू से मौत की पुष्टि, नहीं मिलेगा मुआवजा

## एक सप्ताह में शहर में सात लोगों की जा चुकी है जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी और हीटवेव (लू) के कारण एक सप्ताह के भीतर सात लोगों की मौत हो चुकी हैं। छह लोगों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हीटवेव की पुष्टि न होने के कारण किसी को भी मुआवजा नहीं मिलेगा।

पिछले सप्ताह भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण लोगों की राह चलते अचानक मौत हुई। लगभग पांच दिन पहले रमाबाई रैली स्थल पर पीएसी के एक जवान की भी गर्मी के कारण मौत हो गई। ड्यूटी पर तैनात साथियों ने बताया था कि अत्यधिक गर्मी के कारण जवान की मौत हुई थी। सूत्रों के अनुसार इसकी रिपोर्ट भी भेजी गई। गर्मी और हीटवेव (लू) से मौत होने पर चार लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने का नियम हैं। मुआवजा तब दिया जाता है जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हो कि मृत्यु गर्मी के कारण हुई है। मौत के एक मामले में परिजनों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया। जबकि अन्य मामलों में पोस्टमार्टम हुआ। जिला आपदा विशेषज्ञ अमर सिंह ने बताया कि किसी भी मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गर्मी या हीटवेव से मौत की पुष्टि नहीं हुई है। इसलिए मुआवजा नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सिपाही की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी पुष्टि नहीं हुई है। हालांकि विसरा सुरक्षित रखा गया है। पीएम रिपोर्ट में गर्मी या लू से मौत की पुष्टि होने के बाद ही मुआवजा देने का प्रावधान है।

### गर्मी से होमगार्ड की मौत

**अमृत विचार, काकोरी :** तेज गर्मी में ड्यूटी करने जा रहा होमगार्ड सोमवार दोपहर एकाएक साइकिल चलाते वक्त गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मौत की वजह हीट स्ट्रोक बताई जा रही है। दुबग्गा क्षेत्र के अन्तर्गत कटौली गांव निवासी होमगार्ड चंद्र कुमार (47) की डिप्टी कलेक्टर राजस्व लखनऊ के यहां तैनाती थी। सोमवार दोपहर करीब 1 बजे घर से ड्यूटी पर जाने के लिए साइकिल से निकला। जेहटा रोड पर झंखरबाग चौराहा से पहले एकाएक गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे उठाया और पास के एक निजी अस्पताल ले जाए। वहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी सुमन देवी, बेटा अजीत, सुजीत, सचिन और बेटी सालनी छोड़ गया है।



चेहरे पर पानी डालकर गर्मी से राहत पाने की कोशिश करता रिक्शा चालक।

### दिन में तेज धूप से रही तपिश

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में सोमवार को सुबह से तपिश बढ़ना शुरू हुई। अधिकतम पारा 42.8 और न्यूनतम 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान सामान्य से 2.6 और न्यूनतम 3.0 डिग्री अधिक रहा। सुबह से धूप में ज्यादा तल्खी दिखी। हवा में नमी ज्यादा होने से उमस भी परेशान करती रही। तेज धूप के कारण दोपहर में सड़कें तपने लगीं। आने वाले दिनों में आंधी और बूंदाबांदी के आसार हैं। अधिकतम पारा 43 डिग्री के आसपास रहेगा। न्यूनतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

# आज बंद रहेंगे शहर में पांच रास्ते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मतगणना कार्य के चलते रमाबाई रैली स्थल की ओर जाने वाले पांच रास्तों पर रूट डायवर्जन रहेगा। डायवर्जन सुबह चार बजे से मतगणना समाप्ति तक लागू रहेगा। शहीद पथ के रास्ते पर वाहनों का आवागमन चालू रहेगा।

उतरेठिया अंडरपास से रमाबाई अंबेडकर मैदान रैली स्थल की ओर उलटे दिशा में वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। रमाबाई पुलिस चौकी रैली स्थल से ख्वाजापुर तिराहा या औरगांबाद अंडरपास सर्विस रोड से नहीं जा सकेंगे। औरगाबाद शहीद पथ अंडरपास से वाहन सर्विस रोड होकर रमाबाई पुलिस चौकी की तरफ नहीं जा सकेंगे। ख्वाजापुर तिराहा से मतगणना केन्द्र की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। अंबेडकर विश्वविद्यालय अंडरपास से कोई भी वाहन उलटी दिशा में रमाबाई स्थल की तरफ नही जा सकेगा।

### 11 जगहों पर बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

अमृत विचार, लखनऊ : ज्येष्ठ माह का दूसरे बड़े मंगल पर चार जून को शहर के प्रमुख मंदिरों और अन्य स्थानों पर पूजन व भंडारे होंगे। इसे देखते हुए शहर में 11 जगह यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पुराना हनुमान मंदिर अलीगंज व हनुमान सेतु मंदिर में मेला लगता है। वाहनों के डायवर्जन महानगर, आईटी, लविवि, अलीगंज, निरालानगर में रहेगा।

#### इन मार्गों पर रहेगी रोक

- सीतापुर रोड की ओर से आने वाले भारी वाहन पुरनियां रेलवे क्रासिंग से डालीगंज रेलवे क्रासिंग नहीं जा सकेंगे।
- कैसरबाग होकर हजरतगंज आने वाले भारी वाहन सुभाष चौराहे से आईटी, कपूरथला की ओर नहीं जा सकेंगे।
- कुर्सी रोड से आने वाले वाहन विष्णुपुरी कालोनी व रहीमनगर चौराहा से नीरा नर्सिंग होम की ओर नहीं जा सकेगा।
- छन्नी लाल चौराहा से कपूरथला की ओर कोई भी वाहन नहीं जा सकेगा।
- सांई मंदिर अलीगंज तिराहे की ओर से कोई भी वाहन कपूरथला चौराहा की ओर नहीं आ सकेगा।

#### इन मार्गों का करें प्रयोग

- यह वाहन हीवेट पॉलिटेक्निक (रहीमनगर) चौराहा, वायरलेस चौराहा, गोल मार्केट, बादशाहनगर, निशातगंज, सिकंदरबाग होकर जा सकेंगे।
- यह वाहन अयोध्या रोड, सेंट्रल बैंक तिराहा, वायरलेस चौराहा, हीवेट पालीटेक्निक से विष्णुपुरी होते हुए जा सकेगा।
- यह वाहन निरालानगर तिराहे से बांये चौराहा नंबर-8 से डालीगंज रेलवे क्रासिंग ओवरब्रिज, अल्कापुरी, पुरनिया होते जा सकेगा।
- यह वाहन वायरलेस चौराहा व सेंट्रल बैंक होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।
- यह वाहन अलीगंज तिराहे से बांयें प्रगति बाजार के पीछे से सहारा टावर होकर जा सकेंगे।

**जेब पर बोझ** टोल टैक्स बढ़ने के कारण राज्य सड़क परिवहन निगम ने की बढ़ोत्तरी

# एसी बस से सहारनपुर जाने के लिए देने पड़ेंगे 1425 रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अगर आपको एसी बस से सहारनपुर तक सफर करना है तो आपको अब 1425 रुपये अदा करने पड़ेंगे। यह अब तक वसूले जाने वाले किराये से 4 रुपये अधिक होगा। टोल टैक्स में वृद्धि होने के बाद राज्य सड़क परिवहन निगम ने बसों का किराया बढ़ा दिया है।

गर्मी अधिक होने से एसी बसों में यात्रियों की संख्या बढ़ गई है। ज्यादातर यात्री वाल्वो बसों में एडवांस बुकिंग करा रहे हैं। एसी बसों में सीटों के लिए मारामारी चल रही है। लखनऊ से सहारनपुर तक की यात्रा के लिए अब जनरथ बस का किराया 1425 रुपये देना होगा। सोनौली से लखनऊ होकर कानपुर जाने के लिए 1127 रुपये देने होंगे।

रोडवेज के प्रबंध निदेशक मासूम अली सरवर ने बताया कि परिवहन निगम 900 करोड़ रुपये महीने के घाटे में चल रहा है। किराया बढ़ाना निगम की मजबूरी बन गई थी।

#### एसी बस का किराया

| बस रूट | पहले | अब |
|---|---|---|
| सहारनपुर से लखनऊ | 1421 | 1425 |
| प्रयागराज से लखनऊ | 703 | 704 |
| प्रयागराज से कानपुर | 492 | 501 |
| सोनौली से कानपुर | 1125 | 1127 |

#### साधारण बस का किराया

| साधारण बस सेवा | पहले | अब |
|---|---|---|
| आलमबाग से वाराणसी | 467 | 470 |
| कैसरबाग से देहरादून | 899 | 902 |
| कैसरबाग से हरिद्वार | 783 | 786 |
| कैसरबाग से बरेली | 359 | 360 |
| आलमबाग से बस्ती | 354 | 355 |
| आलमबाग से गोरखपुर | 445 | 446 |
| आलमबाग से रायबरेली | 124 | 125 |
| आलमबाग से अयोध्या | 253 | 254 |
| आलमबाग से कौशाम्बी | 737 | 740 |

किराया रूपये में

### रोडवेज के चालक-परिचालक गर्मी में बेबस

**अमृत विचार :** परिवहन निगम की साधारण बसों के चालक-परिचालक भीषण गर्मी में बेबस हैं। इनके रेस्ट रूम में जो इंतजाम किए गए हैं, वो नाकाफी हैं। इस वजह से गर्मी के बीच नींद पूरी नहीं होने से बस कर्मियों को आराम नहीं मिल रहा है। इससे सुरक्षित बस संचालन कैसे होगा। बस ड्राइवर आठ से दस घंटे की ड्यूटी के बाद थके पहुंचते हैं। रेस्ट रूम में गर्मी इतनी ज्यादा है कि वो पसीने से तरबतर हो रहे हैं।

### कल से लौटेंगी चुनाव में लगीं 2300 बसें

अमृत विचार : रोडवेज बसों यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। लोकसभा चुनाव में सुरक्षा बलों के लिए भेजी गईं 2300 बसों की 5 जून से वापसी शुरू हो जाएगी। एक जून को मतदान खत्म होने के बाद मतगणना के लिए सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। मतगणना समाप्ति के बाद हरियाणा और राजस्थान से यूपी आए जवानों को वापस छोड़ने के लिए बसें लौटने लगेंगी। 10 जून तक सभी बस डिपो में आ जाएंगी। इनमें लखनऊ क्षेत्र की 170 बसें शामिल हैं।

### ठेका खत्म, अभी तक लगाए जा रहे स्टाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग बस स्टेशन पर खानपान का ठेका कई महीने पहले खत्म हो गया था, लेकिन अभी भी स्टाल लगाए जा रहे हैं। गेट नंबर तीन पर बड़ा स्थाल लगता है। गेट के भीतर स्टाल होने से सोमवार को एक यात्री को बस ने ठोकर मार दिया था। क्षेत्रीय प्रबंधक ने कब्जा हटाने के लिए कई बार ठेकेदार को नोटिस दिया है, लेकिन स्टाल नहीं हटाए जा रहे हैं। बसों के आवागम में दिक्कत होने पर चालकों ने एआरएम से भी शिकायत की लेकिन सख्त कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरएम आरके त्रिपाठी ने एक चिट्ठी एआरएम प्रबंधन अरविंद कुमार और ठेकेदार को भेजी है। स्टालों के अतिक्रमण के कारण हादसे की आशंका बनी रहती है।

# डीजी सेफ्टी सवार थे तो 45 मिनट पहले ही पहुंच गई ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ अक्सर देरी से चलती है नई दिल्ली-लखनऊ एसी एक्सप्रेस

▶▶ समय से पहले ट्रेन प्लेटफार्म पर देख हैरान हो गए यात्री

**अमृत विचार :** अक्सर देरी से चलने वाली लखनऊ एसी एक्सप्रेस सोमवार को चारबाग़ रेलवे स्टेशन पर तय समय से 45 मिनट पहले पहुंच गई। समय से पहले प्लेटफार्म पर ट्रेन खड़ी देख यात्री हैरान हो गए।दरअसल ट्रेन में डीजी सेफ़्टी यात्रा कर रहे थे

नई दिल्ली-लखनऊ एसी एक्सप्रेस ट्रेन ज्यादातर देरी से चलती है। इस ट्रेन के चारबाग स्टेशन पहुंचने का समय 7:25 बजे है। रविवार रात 12430 लखनऊ एसी एक्सप्रेस ने नई दिल्ली स्टेशन से निर्धारित समय 23:15 बजे प्रस्थान किया। ट्रेन में रेलवे के डीजी सेफ़्टी एम के अग्रवाल भी सवार थे। वह लखनऊ एक कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे। इस कारण सोमवार को ये ट्रेन निर्धारित से 45 मिनट पहले 6 :40 बजे ही प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंच गई। ट्रेन समय से पहले प्लेटफार्म पर खड़ी होने से यात्री हैरान हो गए। जो यात्री प्लेटफार्म पर नहीं थे, ट्रेन पहुंचने का एनाउंस होते ही उन्हें दौड़ लगानी पड़ी। कुछ यात्रियों ने एक टीटीई ने पूछा, ट्रेन समय से पहले कैसे आ गई। उसने कहा कि, ये बड़े साहब का भौकाल है। इस ट्रेन से आए हैं, तो लेट कैसे हो सकती है।

# केजीएमयू के ट्रामा सेंटर से मरीज को लौटाया

## ऑक्सीजन न होना बताया कारण, मरीज को सांस लेने में थी दिक्कत, निजी अस्पताल ले गए मरीज को उसके तीमारदार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में सोमवार को गंभीर मरीज को ऑक्सीजन न होने का हवाला देकर भर्ती नहीं किया गया। स्टाफ ने मरीज को बलरामपुर अस्पताल ले लाने की सलाह दी। आधे घंटे तक मरीज मिन्नतें करते रहे, सफलता नहीं मिली तो मरीज को निजी अस्पताल ले गए। सांस लेने में दिक्कत बढ़ने पर मरीज को ठाकुरगंज के राजकीय टीबी संयुक्त अस्पताल से रेफर किया गया था।

बंगला बाजार निवासी विमल कुमार ने बताया कि टीबी की मरीज 50 वर्षीय बहन का इलाज ठाकुरगंज संयुक्त अस्पताल में चल रहा था।

सोमवार को सांस लेने में दिक्कत होने पर किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय ( केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। 108 एंबुलेंस से ट्रॉमा सेंटर लाए। विमल का आरोप है कि ट्रामा सेंटर के स्टाफ ने ऑक्सीजन न होने का हवाला देकर भर्ती करने से मना कर दिया। उसने मरीज को बलरामपुर अस्पताल ले जाने की सलाह दी। परिजन मरीज को भर्ती कराने के लिए करीब आधे घंटे तक प्रयास करते रहे, सुनवाई न होने पर निजी अस्पताल चले गए।

इस संबंध में केजीएमयू प्रवक्ता डॉ. सुधीर सिंह ने कहा कि संसाधनों के हिसाब से सभी को इलाज मुहैया कराया जाता है। मामले की जांच कराई जाएगी। इसके बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि मरीज लौटने की असल वजह क्या थी।

## आयुष्मान निदेशक से की शिकायत

**अमृत विचार, लखनऊ :** आयुष्मान कार्ड धारक से 1.80 लाख रुपये वसूलने के मामले में पीड़ित ने आयुष्मान निदेशक से भी शिकायत की गई है।

किडनी रोग से पीड़ित अयोध्या के योगेंद्र को 16 मई को वृदांवन स्थित वेलसेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। भाई जीतेन्द्र ने इलाज और दवा के नाम पर 1.80 लाख रुपये वसूले का आरोप आयुष्मान के नोडल से की थी। सोमवार आयुष्मान की निदेशक संगीता से भी शिकायत की। सांची ऑफिस की ओर से भी तीमारदारों से साक्ष्य मांगे गए हैं। सीएमओ ऑफिस ने भी जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही अस्पताल को नोटिस जारी हो सकती है।

## इंडी गठबंधन की होगी जीत : नरेन्द्र

**अमृत विचार, लखनऊः** कांग्रेस श्रम प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने सोमवार को बैठक की। इसमें कहा कि भाजपा के लोग केवल हवा बना रहे हैं। एग्जिट पोल में भले ही भाजपा की सरकार बनते दिखाया जा रहा है लेकिन मतगणना होने पर पता चलेगा कि कौन जीत रहा है। राहुल गांधी के नेतृत्व में इंडी गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया है।

# केजीएमयू में समय पर नहीं मिल पा रहीं पीएम और सीएम फंड की दवाएं

## तीन दिन में मिलनी चाहिए दवाएं, महीनों लगाना पड़ता है चक्कर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ये दो मरीज महज बानगी भर हैं। असाध्य रोगों से पीड़ित कई मरीज और तीमारदार पीएम-सीएम फंड से दवा के लिए चक्कर लगा रहे हैं। आवेदन के तीन दिवस में दवाएं मिल जानी चाहिए लेकिन निजी वेंडर महीनों दवा उपलब्ध नहीं कराते हैं। परेशान तीमारदारों ने सोमवार को वीडियो वायरल कर नाराजगी जताई है।

असाध्य रोगों के लिए पीएम और सीएम फंड से मदद मिलती है। ऐसे मरीजों के लिए दवाओं व सर्जिकल सामान की सप्लाई केजीएमयू में निजी वेंडर (आमा मेडीकल) की ओर से की जाती है। दवा व सामान के लिए पीआरओ ऑफिस के पास काउंटर बना है।

जिम्मेदारों की लापरवाही से मरीज महीनों तक परेशान हो रहे हैं। आधी अधूरी दवाएं देकर टरकाया जा रहा है। इससे इलाज प्रभावित होने के साथ ऑपरेशन तक टाले जा रहे हैं।



केजीएमयू के दवा काउंटर के बाहर मरीज व तीमारदार। अमृत विचार

**केस 1** आलमबाग की सोनी को ब्लड कैंसर है। उनके परिजन की आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर सीएम फंड की मांग की गई। फंड से एक लाख रुपये की मदद मिली है। फंड से दवाएं लेने के लिए सोनी के पति धीरज ने पीआरओ ऑफिस के पास बने काउंटर में 13 दिन पहले पर्चा लगाया था। डॉक्टर ने तीन दवाएं लिखी थी, सोमवार को एक दवा ही मिल सकी।

**केस 2** आजमगढ़ के वीरेंद्र यादव के तिल्ली का ऑपरेशन होना है। उन्हें सीएम फंड से मदद मिली है। डॉक्टरों ने ऑपरेशन के लिए सर्जिकल सामान व अन्य दवाओं की लिस्ट दी है। वीरेंद्र ने बताया कि काउंटर पर तीन अप्रैल को आवेदन किया था, सोमवार तक पूरा सामान नहीं मिल पाया है। दवा व सामान न मिलने से ऑपरेशन टल रहा है। सामान के लिए वह लगातार चक्कर लगा रहा है।

दवा आपूर्ति में लेट लतीफी होने की शिकायतें मिली हैं। दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। सुधार न होने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

**-डॉ. सुधीर सिंह,** प्रवक्ता केजीएमयू

मांग आने पर तीन दिन के अंदर दवा मरीज तक पहुंचा दी जाती है। हमारी ओर से दवा आपूर्ति में किसी तरह की लेट लतीफी नहीं हो रही है।

**-शरफ जैदी,** संचालक, आमा मेडिकल


केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में मरीजों के लिए ट्रायज को कवर करते कर्मचारी।

# टीनशेड के नीचे नहीं तपेंगे इमरजेंसी के मरीज

- मुख्य भवन के बरामदे में भर्ती कर किया जाएगा इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर लाए जाने वाले मरीज अब टीन शेड के नीचे नहीं तपेंगे। इसके लिए मुख्य भवन में व्यवस्था की गई है। प्राथमिक इलाज के बाद मरीजों को वार्डों में शिफ्ट कर दिया जाएगा।

किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के ट्रॉमा सेंटर की इमरजेंसी के बाहर टीन शेड में ट्रायज एरिया बना है। अभी तक पहले इमरजेंसी आने वाले मरीजों का इसी ट्रायज में इलाज किया जाता था। इसके बाद संबंधित वार्ड में भेजा जाता था। 24 घंटे से एक सप्ताह तक मरीज शेड के नीचे बने ट्रायज में गर्मी में परेशान होते थे। अब मरीजों को ट्रायज की बजाए सीधे इमरजेंसी ले जाया जाएगा।

इसके लिए इमरजेंसी के बाहर बरामदे को तैयार कर लिया गया है। बरामदे के एक हिस्से को एल्युमिनियम की चादरों से ढका गया है। बरामदे में 25 स्ट्रेचर एक साथ लगाए जा सकेंगें। बाकी बचे मरीज इमरजेंसी में जाएंगे। ट्रॉमा प्रभारी डॉ. संदीप तिवारी के मुताबिक मरीजों की सुविधा के लिए यह व्यवस्था की गई है।

# मुकेश सिंह एसजीएफआई व एसएसजी के कोऑर्डिनेटर नियुक्त

**अमृत विचार, लखनऊः** इंडो अमेरिकन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स की उत्तर प्रदेश समन्वय समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) और स्टेट स्कूल गेम्स (एसएसजी) का प्रो बोनो कॉर्पोरेट रिलेशन्स कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। एसजीएफआई के अध्यक्ष दीपक कुमार (आईएएस) ने यह नियुक्ति की। मुकेश सिंह प्रायोजकों के साथ खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन को बढ़ावा देंगे।


मेडिकल स्टोर पर जांच करते हुए अधिकारी। अमृत विचार

# चार संदिग्ध औषधियों का नमूना जांच को भेजा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के औषधि निरीक्षक नीलेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में सोमवार को चौक के शाहमीना शाह रोड स्थित मेसर्स-रमेश मेडिकल हाल पर नशे की दवाओं की जांच के लिए छापेमारी की। चार संदिग्ध दवाओं का नमूना लिया गया।

निरीक्षक नीलेश ने बताया कि प्रतिबंधित दवाएं डॉक्टर के परामर्श के बगैर उपलब्ध कराने की शिकायत मिली थी। छापे के दौरान फर्म पर पंजीकृत फार्मासिस्ट उपस्थित थे।

फर्म को निर्देशित किया गया कि ट्रामाडॉल औषधि के साथ अन्य नॉरकोटिक औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेख प्रस्तुत करें। चार संदिग्ध औषधियों का नमूना परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

# वेट लैंड में पक्षियों को आकर्षित करेंगे वृक्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीटी सिटी स्थित वेट लैंड में बाहर से आने वाले पक्षियों को फलदार वृक्ष आकर्षित करेंगे। इन पेड़ों से पक्षियों को भोजन के साथ रहने का साधन मिलेगा। इससे पक्षियों का प्रवास बढ़ेगा और उनके ठहराव से चहल-पहल बढ़ेगी। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) पक्षियों के प्राकृतिक वास के लिए 35 एकड़ में वेट लैंड विकसित कर रहा है। इसका कार्य अंतिम चरण पर है। यहां मौसम के अनुसार साइबेरियन समेत अन्य पक्षी आते हैं। इनकी संख्या बढ़ाने के लिए एलडीए शहतूत, गूलर व अमलताश आदि फल व छायादार पौधे लगाए गए हैं। इन वृक्षों से पक्षी आकर्षित होंगे और उनका प्रवास बढ़ेगा। फलदार वृक्षों से पक्षियों को भोजन मिलेगा। पर्यटकों को वेट लैंड में पक्षियों के अलावा झील में मछियां भी देखने को मिलेंगी। उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने इस माह पौधे लगाकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। परिसर में लकड़ी व बांस के वॉच टावर, पाथवे आदि चीजें बनाई गईं हैं।

सीवर | आलमबाग क्षेत्र में रहने वाले अब नहीं होंगे परेशान

# पांच वार्डों को मिलेगी जलभराव से राहत

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** अमृत योजना के तहत 269.68 करोड़ रुपये की लागत से बिछाई जा रही 125 किलोमीटर लंबी सीवर लाइन सितंबर 2024 में शुरू कर दी जाएगी। जल निगम (नगरीय) आलमबाग से आशियाना तक सीवर लाइन बिछा रहा है। अब घरों के कनेक्शन सीवर लाइन से जोड़ने का काम चल रहा है। इससे आलमबाग के पांच वार्डों ओम नगर, कुंज बिहारी वार्ड, गुरु गोविंद सिंह वार्ड, और गीता पल्ली वार्ड के लगभग डेढ़ लाख की आबादी को जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी।

**ड्रेनेज से होती है जलनिकासी, बारिश में होता है जलभराव :** आलमबाग क्षेत्र में सीवर लाइन नहीं पड़ी थी। जलनिकासी के लिए नगर निगम ने पाइप डालकर जलनिकासी की व्यवस्था की थी। इससे बारिश और सीवर का पानी जाता है। बारिश में पानी का बहाव अधिक हो जाने से जलभराव की समस्या हो जाती है। आलमबाग के कई इलाकों में जलभराव हो जाता है। लाइन चालू हो जाने से जल निगम 60 प्रतिशत सीवेज लाइन से ले जाएगा। इससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या काफी कम हो जाएगी।


आलमबाग के कृष्णापल्ली में घरों के सीवर लाइन से जोड़े गए कनेक्शन देखते जल निगम के अभियंता। अमृत विचार

**125** किलोमीटर सीवर लाइन तीन महीने में शुरू हो जाएगी

**269.68** करोड़ से अमृत योजना के तहत डाली जा रही सीवर लाइन

सितंबर 2024 तक सीवर लाइन शुरू हो जाएगी। घरों के कनेक्शन सीवर लाइन से जोड़ने का काम चल रहा है। लाइन चालू हो जाने से पांच वार्डों की लगभग डेढ़ लाख की आबादी को फायदा होगा। साथ ही जलभराव की समस्या से भी राहत मिलेगी।

**-महेश कुमार गौतम,** परियोजना प्रबंधक, निर्माण खंड द्वितीय जल निगम (नगरीय)

## पम्पिंग स्टेशन से एसटीपी पहुंचाया जाएगा सीवर का पानी

जल निगम ने इस परियोजना के तहत आशियाना में एक पम्पिंग स्टेशन भी बनाया है। सीवर का पानी यहां से पम्पिंग करके ट्रीटमेंट के लिए बिजनौर में बन रहे सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तक पहुंचाया जाएगा। यह एसटीपी नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत जल निगम ग्रामीण तैयार कर रहा है। इससे किला मोहम्मदी नाले का पानी भी ट्रीटमेंट करके छोड़ा जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**इश्तेहार**

न्यायालय श्रीमान महोदय स्थान बहराइच
सा. प्रा. मामला सख्याः 24/70/24
इनवान मुकदमा सीता देवी पत्नी जातजायदाद
बनाम
सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कु. सीता देवी पत्नी राम बदल वर्मा निवासी परगना इकौना तहसील पयागपुर बहराइच उक्त अदालत में श्री/श्रीमती/राम बदल पुत्र भगवानदीन निवासी अमराई पर. इकौना, तहसील पयागपुर बहराइच मृतक की जायदाद मालयती प्राप्त करने हेतु सक्सेन प्रार्थना पत्र दिया है जिसमे सुनवाई हेतु पेशी दिनांक 03 महीन 07 सन् 2024 ई. नियत की गयी है। अगर किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थना पत्र के विरोध में कोई आपत्ती हो तो दिनांक 03/07/24 को अदालत में उपस्थित होकर अपनी आपत्ती दाखिल करे ऐसा न करने पर उक्त प्रार्थना पत्र की सुनवाई एक पक्षीय में की जायेगी।
आज दिनांक 29 महीना 05 सन् ई. 2024 अदालत की मुद्रा लगाकर मेरे हस्ताक्षर सहित जारी हुआ।
मृदा जज

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **कंचन पत्नी जितेन्द्र नाथ सिन्हा, निवासी-68, ग्राम-देवानन्दपुर, पो0 रतापुर, जिला-रायबरेली,** यहकि कंचन व रेखा ये दोनों नाम मेरे ही है अलग-अलग नहीं है यह एक ही महिला के नाम है। मेरा नाम कंचन उर्फ रेखा है।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं श्रीमती मसीद जहां पत्नी मोहम्मद वसीम निवासिनी ग्राम बस्तौली, बी-ब्लॉक, इंदिरानगर, लखनऊ ने अपनी विवाहित पुत्री रेशमा उर्फ रेशू को उसके गलत आचरण एवं नाफरमानी के कारण अपने सभी सम्बंध समाप्त कर लिए है व अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा नाम किसान बही में देवी प्रसाद पुत्र राम लोचन, भारत निर्वाचन कार्ड में जग प्रसाद पुत्र राम लोचन तथा आधार कार्ड में दद्दन मिश्रा पुत्र राम लोचन दर्ज है। तीनों नाम मेरा ही है। मैंने कोई जाल-साजी व धोखाधड़ी नहीं किया है। आधार कार्ड में अपना नाम जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा पुत्र नाम लोचन मिश्रा करवाना चाहता हू यही मेरा सही नाम है। **- जग प्रसाद उर्फ दद्दन मिश्रा ग्राम पांडे पुरवा मौजा खरगू चांदपुर जिला गोंडा।**

**शीघ्र चाहिए**

कोठी, बंगला, अपार्टमेंट, फार्म हाउस के लिए नौकर-नौकरानी, आया, मैड, सर्वेंट, ड्राइवर, चौकीदार, कुक, बेबीकेयर, पेशेंट केयर, वेतन 11000 से 15000 रहना-खाना मेडिकल फ्री ड्यूटी दिल्ली पंजाब महाराष्ट्र, गुजरात नोएडा गाजियाबाद लखनऊ कानपुर मिले अपने आधार कार्ड फोटो के साथ **105 दुर्गा मां टावर लालबाग लखनऊ, मो0- 8896030769 / 9554377000**

**सूचना**

यह सभी को सूचित किया जाता है कि हम, **डॉ. आनंद कुमार और नीतू कुमारी, निवासी -क्वार्टर नंबर सी-2, सीएसआईआर कालोनी, निराला नगर, लखनऊ-226020,** हमारी बेटियों कुमारी अभिज्ञा, जन्म तिथि - 16.06.2012 और कुमारी दक्षिता, जन्म तिथि 09.11.2013 के नाम में उपनाम "**गुप्ता**" जोड़ने का निर्णय लिया है। अब से हमारी बेटियाँ क्रमशः अभिज्ञा गुप्ता और दक्षिता गुप्ता के नाम से जानी जाएंगी। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस परिवर्तन को ध्यान में रखें और भविष्य में हमारी बेटियों को उनके नए नामों से संबोधित करें।

**हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप**

**न्यायालय श्रीमान जिलाधिकारी**
**स्थान अयोध्या जिला**
**वाद सं0-1167 सन्-2024 ई0**
**ता0पेशी-14.06.2024**
**नि0म0नं0- 551 क/ओम 453**
**मधुबननगर, चौड़ी सड़क,**
**थाना-कोतवाली-आलमबाग,**
**लखनऊ**
**सुशीला श्रीवास्तव- वादी**
**बनाम**
**आशा श्रीवास्तव -प्रतिवादी**
चूंकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएवं आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इसे आदेश के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए 2024 के 6 के 14 दिवस को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनुर्दिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो और ऐसा न करने में असफल करने पर उक्त आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा
मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज 31.05.2024 के दिवस को निकाली गयी।
**न्यायालय की मोहर**

**सूचना**

सूचित हो कि मै **राम आसरे सिंह सुत ढेलारु, निवासी- ग्राम- भगवानपुर, परगना - मीरानपुर, तहसील- लंभुआ, जिला सुलतानपुर,** मेरे तीन पुत्र है जिसमें दूसरे नम्बर का पुत्र राजीत राम का चाल - चलन ठीक नहीं है गलत लोगों की संगत में रहता है और मेरे कहने - सुनने में नहीं है उससे मैं बहुत दुखी है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूॅ। अब मेरा उससे कोई वास्तव व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **राम कुमार पुत्र सियाराम, निवासी- ग्राम- रामसिंह खेडा मो0 इसुनिया, पोस्ट- अटवा, जिला-उन्नाव,** मेरी बीमा पॉलिसी में मेरा नाम राजकुमार अंकित है। मेरे समस्त कागजात, आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैक खातें में राम कुमार अंकित है जबकि मेरा सही नाम रामकुमार है। इसलिए मेरा नाम राजकुमार के स्थान पर रामकुमार पढ़ा जाय।

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये - आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है


डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

**पुरस्कार एवं सम्मान**
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें -
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना


आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि0मी0
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि0मी0
- मटियारी चौराहा – 14 कि0मी0
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि0मी0
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि0मी0

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.

Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

## एक नजर

### नेशनल में सर्टिफिकेट कोर्स के लिए आवेदन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज में शैक्षिक सत्र 2024-25 के तहत सर्टिफिकेट कोर्स के लिए आवेदन 5 जून से शुरू किए जाएंगे। यूजीसी की स्किल आधारित रोजगार परक पाठ्यक्रम शुरू करने की योजना के तहत नेशनल में इस सत्र से बैचलर ऑफ वोकेशनल इन होटल और हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स शुरू किए जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन लिए जाएंगे।

### क्रिश्चियन कॉलेज में 15 तक होंगे आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोलागंज स्थित क्रिश्चियन डिग्री कॉलेज में शैक्षिक सत्र 2024-25 के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 15 जून निर्धारित की गई है। यहां एमए अंग्रेजी में सीधे प्रवेश का मौका दिया गया है। प्राचार्य डॉ. नवीन एस. सिंह ने बताया कि बीएससी रेगुलर 500, बीएससी सेल्फ फाइनेंस 200, बीए रेगुलर 460, बीकॉम रेगुलर 260 और सेल्फ फाइनेंस की 160 सीटें हैं।

### राष्ट्रीय स्तर पर सीएमएस की शिक्षिकाओं ने लहराया परचम

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम कैम्पस की पांच शिक्षिकाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेन्टा टीचिंग कोशेन्ट टेस्ट (सेन्टा टीक्यू) में अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराया है। यह प्रतियोगिता सेन्टर फॉर टीचर एक्रिडिटेशन (सेन्टा) के तत्वावधान में आयोजित हुई। जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने बताया कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शिक्षिका वर्षा सिन्हा ने मिडिल स्कूल साइंस, रिम्मी कोहली ने अर्ली चाइल्डहुड, शिवांगी मित्तल ने प्राइमरी मैथ्स, अनामिका श्रीवास्तव ने प्राइमरी मैथ्स एवं प्रियांशा चन्द्रा ने मिडिल स्कूल मैथमेटिक्स में प्रदर्शन किया है।

### पूर्व निदेशक केएम त्रिपाठी को दी गई श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व माध्यमिक शिक्षा निदेशक कृष्ण मोहन त्रिपाठी के निधन से शिक्षा विभाग के निदेशालय से लेकर जेडी व डीआईओएस कार्यलय तक कर्मचारी, अधिकारी दुखी हुए। नम आंखों से स्व. त्रिपाठी को याद करते हुए कर्मचारियों व अधिकारियों ने उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। जेडी माध्यमिक डॉ. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में शोकसभा का आयोजन किया गया।

# आईटी गर्ल्स कॉलेज में 14 तक मिलेंगे फॉर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वद्यालय से संबद्ध ईशा बेला थॉमस (आईटी) गर्ल्स स्नातक कॉलेज में 14 जून तक आवेदन फॉर्म मिलेंगे। इन फार्मों को छात्राएं 15 जून से जमा कर सकेंगी। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्राचार्या प्रो. पैजी सिंह ने बताया कि आवेदन फॉर्म 24 जून तक जमा किए जाएंगे। छात्राओं को इस बात का ध्यान रखना होगा कि आवेदन फार्म में कोई त्रुटि न करें।

बता दें कि कॉलेज में बीए में 380 रेगुलर व 200 सेल्फ फाइनेंस, बीएससी में 200 रेगुलर व 220 सेल्फ फाइनेंस, बीएससी होम साइंस में 60 और बीकॉम में 320 सेल्फ फाइनेंस सीटें हैं।



- 24 जून तक जमा किए जा सकेंगे आवेदन फॉर्म
- बीएससी (बायो, मैथ्स) के लिए 12वीं में 55% अंक निर्धारित

जिनके लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसमें बीए के लिए 12वीं या उसके समकक्ष में 45 प्रतिशत अंक निर्धारित किए गये हैं। वहीं बीएससी (बायो, मैथ्स) के लिए 12वीं में 55 प्रतिशत अंक निर्धारित हैं। बीएससी (होम साइंस) के लिए 12वीं में 50 प्रतिशत अंक अनिवार्य हैं। बीकॉम के लिए 12वीं में 50 प्रतिशत अंक निर्धारित है।

# शंख व बांसुरी वादन के साथ छात्रों ने नावों पर किया योगाभ्यास

## योग दिवस के क्रम में लखनऊ विवि के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने कुड़िया घाट पर किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से शंख व बांसुरी वादन के साथ नाव पर योगाभ्यास किया गया। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के तत्वाधान में विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के क्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

सोमवार को प्रातः सूर्योदय के समय शंख व बांसुरी वादन के साथ गोमती नदी के कुड़िया घाट पर नाव पर योगाभ्यास शिविर की शुरूआत हुई। जिसमें योग फैकल्टी के शिक्षक व छात्र-छात्राओं की ओर से योगासन का प्रदर्शन किया गया।

विभाग के प्रशिक्षक डॉक्टर रामकिशोर ने उत्तान मंडूकासन, पर्वतासन, उष्ट्रासन, त्रिकोणासन जैसे आसनों का अभ्यास कराया। इस योग कार्यक्रम में योग फैकल्टी के छात्र-छात्राएं लक्ष्मी रानी यादव, स्मृति ओझा, रितिका मिश्रा, शिखर शुक्ला, पीयूष तिवारी आदि ने भाग लिया।

कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत ने बताया कि नदी के जल में सूर्य की किरणों के पड़ने से उस स्थान पर विशेष प्रकार की ऊर्जा का प्रकटीकरण होता है। ऐसे वातावरण में योग करने से शरीर में रक्त परिसंचरण संतुलित होता है और मस्तिष्क की कार्य क्षमता बढ़ती है।



लविवि के फैकल्टी ऑफ योग व अल्टरनेटिव मेडिसिन की ओर से गोमती नदी में नाव पर योग करते छात्राएं। अमृत विचार

### नाव पर योगा करने के फायदे

फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिंस के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर अमरजीत यादव ने बताया कि प्राचीन मान्यता है कि नदी में नाव पर योगासन के अभ्यास से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है। नदी में अभ्यास से मानव शरीर के फेफड़े सक्रीय हो जाते हैं, परिणाम स्वरूप शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा संतुलित होने लगती है और कार्बन डाइऑक्साइड तेजी से शरीर से बाहर निकलती है, जिससे शरीर में ऊर्जा और चेतना का स्तर बढ़ता है।

# आरटीई के तहत नए निजी विद्यालयों में प्री नर्सरी की मान्यता की स्थिति साफ नहीं

## नए शासनादेश की वजह से विद्यालयों की मान्यता में फसेगा पेंच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से नए निजी विद्यालयों की मान्यता के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। लेकिन नये शासनादेश के मुताबिक, ये मान्यता कक्षा एक से पांच तक और छह से आठ तक ही मिलेगी। इसमें प्री नर्सरी की कक्षा की मान्यता का विकल्प नहीं दिया गया है।

इस स्थिति में निजी विद्यालय प्री नर्सरी की मान्यता के लिए कहां आवेदन करें, इसपर स्थिति साफ नहीं है। ऐसे में जो नये विद्यालयों को मान्यता मिलेगी तो क्या उनको आरटीई के दायरे से बाहर रखा जायेगा ? या फिर आरटीई के दायरे में रखा जायेगा। प्रवेश कैसे होंगे ये एक अहम सवाल है। जबकि 2018




- 2018 से पहले प्री नर्सरी की भी दी जाती थी मान्यता

से पहले विभाग की ओर से एक से पांच और छह से आठ तक मान्यता के साथ-साथ प्री नर्सरी की भी मान्यता दी जाती थी।

**मैपिंग में भी होगी समस्या :** जिन नए विद्यालयों को कक्षा एक से आठ तक मान्यता मिलेगी। यदि वह आरटीई के तहत प्री नर्सरी में प्रवेश लेते भी हैं तो उन विद्यालयों की मैपिंग कैसे होगी ये भी एक सवाल है?

**एनईपी के तहत प्री नर्सरी की मान्यता का है विकल्प :** न्यू एजुकेशन पॉलिसी में कक्षा एक से आठ तक विद्यालयों में प्री नर्सरी की मान्यता का विकल्प निर्धारित किया है। इस बारे में विभाग के उच्च अधिकारियों का कहना है कि मामला शासन से जुड़ा है, ऐसे में प्रस्ताव भेजा गया है। आगे शासन का जो दिशा-निर्देश होगा उसका पालन किया जायेगा।

### नक्शे की भी है समस्या

निजी विद्यालयों की मान्यता के लिए ग्रामीण क्षेत्र में जो विद्यालय आते हैं। उनका नक्शा जिला पंचायत की ओर से जारी होगा। वहीं नगरीय क्षेत्र में एलडीए, नगर निगम और आवास विकास की ओर से जारी नक्शा लगता है। लेकिन इसमें सबसे बड़ी विसंगति ये है कि नगर निगम कहता है कि नक्शा पास करना बंद कर दिया है। वहीं दूसरी ओर एलडीए अपनी सीमा में ही नक्शा पास करेगा। ऐसे में नगर निगम के दायरे वाले आवेदक क्या करेंगे? दूसरी विसंगति ये भी है कि किराये की बिल्डिंग में भी शिक्षा विभाग की ओर से मान्यता दी जाती है, लेकिन एलडीए किराये के भवन का नक्शा पास नहीं करता है क्योंकि वह भवन पहले से बना होता है। इस स्थिति में भी आवेदक के सामने समस्या है।

### गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ चलेगा अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** शासन ने गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश जारी किया है। इसमें ब्लाक स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारियों से भी रिपोर्ट मांगी गई है। जिन ब्लाकों में बिना मान्यता के एक भी विद्यालय चलता पाये जायेगा उसके लिए सीधे खंड शिक्षा अधिकारियों दोषी माना जायेगा। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक की ओर से भी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिया गये हैं।

# लापरवाह अनुदेशक व शिक्षामित्र की समाप्त हो सकती है सेवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निरीक्षण में 3-3 बार पाये गये अनुपस्थित
- सर्विस बुक पर शिक्षकों का दर्ज होगा रिकॉर्ड

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राइमरी विद्यालयों में तैनात शिक्षामित्र और जूनियर विद्यालयों में तैनात लापरवाह अनुदेशकों की सेवा समाप्त हो सकती है। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक ने उन अनुदेशकों और शिक्षामित्रों की जिलेवार सूची जारी की है जो निरीक्षण में तीन-तीन बार अनुपस्थित पाये गये हैं।

जिन जिलों की सूची जारी हुई है, उसमें लखनऊ, अमेठी, अयोध्या, बांदा, बरेली, भदोही, बिजनौर, बदायूं, बुलन्दशहर, चन्दौली, चित्रकूट, देवरिया, एटा, इटावा, फतेहपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, गोण्डा, हापुड़, हरदोई, झांसी, कौशाम्बी, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, महाराजगंज, मथुरा, मेरठ, मिर्जापुर, मुरादाबाद, प्रयागराज, रायबरेली, सम्भल, शाहजहांपुर, शामली, सुल्तानपुर, उन्नाव और वाराणसी शामिल है।

शिक्षा महानिदेशक ने बताया कि मॉड्यूल से मिली रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी से मार्च 2024 में अधिकारियों की ओर से निरीक्षण में कुल 101 शिक्षक, शिक्षामित्र, अंशकालिक अनुदेशकों को 3-3 बार अनुपस्थित पाया गया है। इसमें कठोर कार्रवाई करते हुए प्रेरणा पोर्टल पर दर्ज किया जायेगा।

शिक्षामित्र, अंशकालिक अनुदेशक एवं अनुचर की सूची में से 53 शिक्षामित्र एवं 29 अंशकालिक अनुदेशक शामिल हैं। इनकी बार-बार अनुपस्थिति से पता चलता है कि जानबूझकर उदासीनता बरती जा रही है। ऐसे में स्पष्टीकरण लेते हुए शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को सेवा समाप्ति की कार्रवाई और शिक्षकों का रिकॉर्ड सर्विस बुक दर्ज करने के निर्देश दिए गये हैं।

# कल से बंटने शुरू होंगे प्रमाण पत्र

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट 2024 की परीक्षा पास कर चुके छात्र-छात्राओं के अंक व प्रमाण पत्र 5 जून से वितरित किए जाएंगे। इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने सभी निजी व सरकारी कॉलेजों के प्रधानाध्यापकों को सूचना भेज दी है।

डीआईओएस ने बताया कि इंटरमीडिएट के अंक व प्रमाण पत्र प्रयागराज मुख्यालय की ओर से आ चुके हैं। इसमें पास और फेल दोनों छात्र-छात्राओं के प्रमाण पत्र जुबिली कॉलेज में रखे गये हैं। प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिए गये हैं कि अंकपत्र व प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद बच्चों को समय से वितरित करें। वितरण 5 व 6 जून को किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि किसी बच्चे का यदि प्रमाण पत्र इधर-उधर होता है तो उसके लिए सीधे प्रधानाध्यापक को जिम्मेदार माना जायेगा। इसके साथ ही किसी भी छात्र के प्रमाण पत्र में त्रुटि पाई जाती है तो इसकी लिखित सूचना कार्यालय में देनी होगी। जिसके बाद में उसे सहीं कराया जायेगा।










गोमतीनगर के एक होटल में जश्न-ए-अदब की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शेर पढ़ते रज्जन निगम, इश्क सूफियाना गजलें प्रस्तुत करते अयोध्या के मानस दास व शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करतीं विद्या शाह। अमृत विचार

# रुकनी चाहिए साजिश वरना अंजाम भयानक होगा : फैसल

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अनुराग कश्यप की फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर-2 के इंस्पेक्टर गोपाल सिंह यानि फैसल मलिक जश्न-ए-अदब का खास हिस्सा बने। फिल्म और ओटीटी से जुड़े हर सवाल का जवाब उनकी जबान से ऐसे निकलता है जैसे कि वह तैयारी करके आए हों। वह बोलते लंबा हैं लेकिन अपनी बात को सही ठहराने के लिए हरसंभव तर्क देते हैं।

ओटीटी प्लेटफार्म पर गालियों की बरसात के सवाल पर बोले कि हां... गाली नहीं बकी जानी चाहिए। फिर बोले, हर हाथ में मोबाइल है, हर आदमी का अलग चैनल है। बच्चे का अलग चैनल है, बीवी का अलग और अम्मा का अलग। आपको गाली नहीं सुननी तो बदल दीजिए चैनल। मत देखिये उसे। बोले, बुरा मत मानिएगा मगर सुनिए, टेलीविजन के तमाम चैनलों पर क्या दिखाया जा रहा है, उस पर कभी सवाल नहीं उठता।

साफगोई से सवाल उठाया, बताइए कौन सा घर है जहां औरतें हमेशा तैयार मिलती हैं। किचन में काम करने वाले कपड़े तो उनके पास हैं ही नहीं। भिन्डी बनती है तो उसी पर छह एपीसोड निकल जाते हैं। महिलाएं लगातार एक-दूसरे के खिलाफ साजिश रचती रहती हैं। अजीब नफरत का माहौल तैयार किया जा रहा है। यह साजिशें 20- 20 साल तक चलती रहती हैं, बच्चा जवान हो जाता है मगर साजिश नहीं रुकती। आप गालियों पर सवाल उठा रहे हैं? जनाब, गाली उतना बड़ा पाप नहीं है जितना बड़ा पाप यह है। पीढ़ियां बर्बाद हो जाएंगी, नफरत घरों में घुल जाएगी। महिलाएं लगातार इसे देख रही हैं, सोचिये उनका जेहन कैसा बन रहा होगा। गालियां बंद करवा लेंगे तो सड़कों पर सुननी पड़ेंगी मगर यह ड्रामा जो टीवी पर चल रहा है वो न रुका तो सोचिए, क्या होगा। अंजाम बेहद भयानक होगा।



अभिनेता फैसल मलिक

# कल्चरल कारवां के मंच पर कलाकारों ने पेश किए गायिकी के अनोखे अंदाज

## जश्न-ए-अदब समारोह के साक्षी बने हाईकोर्ट के सीनियर जज, कलाकारों का बढ़ाया उत्साह, कहा- सजनी चाहिए ऐसी महफिलें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था जश्न-ए-अदब की ओर से आयोजित कल्चरल कारवां की दूसरी संध्या पर सोमवार को देश के नामचीन कलाकारों ने अपनी साधना के शानदार प्रदर्शन से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

गोमतीनगर के एक होटल का विशाल हाल पूरे दिन कद्रदानों से खचाखच भरा रहा। इस हाल में हाईकोर्ट के जज भी थे, राजधानी के विभिन्न विधाओं के कलाकार भी थे, विभिन्न कलाओं के विद्यार्थी भी थे और सामाजिक कार्यकर्ता भी। जो भी इस हाल में आया वह यहीं जमकर रह गया।

हाईकोर्ट के सीनियर जज ए आर मसूदी ने कार्यक्रम का समापन करते हुए कहा कि यह सलाम और प्रणाम का संगम है। ऐसी महफिलें होती रहनी चाहिए। जश्न-ए-अदब के अध्यक्ष नवनीत और आयोजक रंजीत सिंह से उन्होंने कहा कि यह शुरुआत जारी रहनी चाहिए।

**विद्या शाह की गायकी ने बांधा समां :** बेगम अख्तर की वरिष्ठतम शिष्याओं में शामिल शांति हीरानंद की शिष्या विद्या शाह ने हजरत अमीर खुसरो की रचना जिहाले मिस्कीं मकुन तगाफुल, सखी पिया को जो मैं न देखूं से अपना कार्यक्रम शुरू किया। अमीर खुसरो के बाद उन्होंने मिर्जा गालिब को चुना। आह को चाहिए एक उम्र असर होने तक, कौन जीता है तेरे जुल्फ के सर होने तक को लोगों ने खूब पसंद किया। उनके साथ सारंगी पर कमाल अहमद खां, तबले पर शांति भूषण शांत और हारमोनियम पर पं. धर्मनाथ मिश्र संगत कर रहे थे।

**अयोध्या से आये संत ने पेश किया सूफियाना कलाम :** अयोध्या के संत मानस दास ने सनातन धर्म में उत्सव का अभ्यास करते हुए इश्क की सूफियाना गजलें पेश कीं, जिन्हें लोगों ने झूम कर सुना। भगवा वेशभूषा में एक साधु जब हजरत अमीर खुसरो की रचनाओं से इश्क तलाश कर बांटता दिखाई दिया तो हर कोई उस पर मोहित हो गया।

शेरी नशिस्त में शाहिद अंजुम, जावेद मुर्शिद, सलीम सिद्दीकी, शिव शरण बन्धु, अनस फैजी, शाकिर देहलवी, अ म्बरीश ठाकुर, रामायण धर द्विवेदी, रज्जन निगम और खुबैव अहमद ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं।




कार्यक्रम में अभिनेता अमित सियाल, फैसल मलिक और मनु ऋषि चड्ढा के साथ संवाद करतीं कनक रेखा चौहान। अमृत विचार

### फिल्म और ओटीटी के अवसर पर चर्चा

फिल्म और ओटीटी के मुद्दे पर कनक रेखा चौहान ने फैसल मलिक, अमित सियाल और मनु ऋषि चड्ढा से बात की। तीनों कलाकारों ने एकमत से कहा कि ओटीटी ने बड़ी संख्या में कलाकारों को काम दिया। जो फिल्मों में काम के लिए भटक रहे थे उन्हें भी इस प्लेटफार्म ने काम दिया। मनु ऋषि चड्ढा ने कहा कि फिल्म से आदमी बंधा रहता है लेकिन ओटीटी ने कलाकार को बटन से बांध दिया। अमित सियाल ने कहा कि यह रील का टाइम है। हर कोई रील बनाने में लगा हुआ है। कुछ दिन के बाद यह भी आउट ऑफ डेट हो जाएगी। उन्होंने कहा कि बदलाव तो हर जगह है। मैं एक शादी में गया तो वहां 14 सौ तरह की वेजीटेरियन डिशेज थीं। मैंने कहा कि पहले बताया होता तो मैं इन डिशेज को शूट कर एक अच्छी फिल्म बना देता।

# पं. साजन मिश्र को सुनने के लिए देर रात तक जमे रहे लोग

पं. राजन-साजन मिश्र का शास्त्रीय गायन न सिर्फ भारत में बल्कि पूरी दुनिया में बहुत सम्मान से सुना जाता है। राजन मिश्र के निधन के बाद से साजन मिश्र अपने साथ अब अपने पुत्र सारांश को लेकर कार्यक्रम करने लगे हैं लेकिन सारांश अमरीका में है इसलिए लखनऊ के कार्यक्रम में साजन मिश्र अपने शिष्य गरुण मिश्र के साथ लोगों से रूबरू हुए।

पं. साजन मिश्र ने कहा कि कल्चरल कारवां में कलाकार बढ़ते जा रहे हैं। जश्न-ए-अदब का मकसद बहुत अच्छा है। मैं इसके साथ इसलिए जुड़ा हूं ताकि लोग हमारी संस्कृति से जुड़ें। उन्होंने यहां अपना कार्यक्रम राग मारू विहाग पैयां तोरे लागे रहूं सैयां से शुरू किया। उनके साथ पं. धर्मनाथ मिश्र (हारमोनियम), आनंद मिश्र (तबला) और कृतिका तानपुरा पर संगत कर रही थीं।

## एक नजर

### चाकू से गला काटकर की आत्महत्या

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : इटौंजा थाना के अंतर्गत रविवार की रात में अहमदपुर खेड़ा का पुरवा गांव में एक व्यक्ति ने चाकू से गला काटकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इटौंजा इंस्पेक्टर मारकंडेय यादव ने बताया विनोद शराब के नशे में था। नशे में घर पहुंचने पर चाकू से गला काटने लगा। तो परिवार के लोग बचाने के लिए दौड़ पड़े तो उनको भी चाकू लेकर दौड़ा लिया जिससे वह डरकर भाग गए। इसी बीच उसने गला काटकर आत्महत्या कर ली। अत्यधिक रक्त स्राव हो जाने के कारण उसकी मौके पर मौत हो गई। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया घरवालों के अनुसार वह पहले भी पेड़ पर चढ़कर जान देने का प्रयास कर चुका है।

### मोबाइल व पर्स चोरी, खाते से साफ हो गए 1.21 लाख

अमृत विचार, लखनऊ : पारा इलाके में परीक्षा देने गई छात्रा की स्कूटी से मोबाइल व पर्स चोरी हो गया। इसके बाद उसके खाते 1.21 लाख रुपये भी निकल गए। पीड़िता की तहरीर पर पारा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। चिनहट के निजामपर मल्हौर निवासी हरीश पांडेय 24 मई को सीयूईटी की परीक्षा देने पारा रिंगरोड के निकट बीडीआर इंफो सॉल्यूशंस आए थे। हरीश सेंटर के बाहर स्कूटी खड़ी कर डिग्गी में पर्स और मोबाइल रख दिया था। परीक्षा देकर जब वह वापस लौटे तो पर्स और मोबाइल गायब था। इसके बाद उनके खाते 1.21 लाख रुपये निकाल लिए गए। इंस्पेक्टर पारा ब्रजेश कुमार के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### ट्रक में मरणासन्न मिला चालक, अस्पताल में मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बिहार के सिवान क्षेत्र का रहने वाला मोहम्मद इमरान (46) ट्रक में डायपर लादकर बंथरा के कासिमखेड़ा आया था। रविवार देर शाम रोड के किनारे ट्रक खड़ा कर वह उसके केबिन में सो गया। उसके मोबाइल फोन की घंटी लगातार बजने पर उधर से गुजर रहे राहगीर ने केबिन में झांक कर देखा। इमरान को बेहोश देख उसने पुलिस को सूचना दी। बिजनौर पुलिस ने उसे लोक बंधु अस्पताल पहुंचाया लेकिन वहां पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

लखनऊ, अमृत विचार : सरोसा भरोसा गांव में 35 वर्षीय अमित सोनी ने रविवार देर रात फंदा लगा लिया। इंस्पेक्टर पार बृजेश वर्मा के मुताबिक अमित मानसिक तनाव में रहता था। रविवार देर रात परिवार के साथ खाना खाया। उसके बाद अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। परिवार ने फंदे से लटका देखा तो उतार कर रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक अलीगंज स्थित एक निजी अस्पताल के डॉक्टर का सहयोगी था।

# सो रहे मजदूर के चेहरे पर किया पेशाब, विरोध पर पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** दुबग्गा सब्जी मंडी के पास सो रहे मजदूर के मुंह पर एक युवक ने पेशाब कर दी। इसका विरोध किया तो मजदूर की पिटाई की। इस दौरान वहां जुटी भीड़ ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया और उसे गिरफ्तार कर लिया। घटना रविवार दोपहर को दुबग्गा पुलिस थाना क्षेत्र के छंदोइया खेड़ा में हुई।

डीसीपी पश्चिमी डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि छंदोइया खेड़ा गांव में सब्जी मंडी के पास का यह वीडियो है। इसमें पीड़ित और आरोपी संजीव उर्फ संजय मौर्य दिख रहे हैं। जो दिहाड़ी मजदूर हैं, काम कर रहे थे। सभी युवक एक ही गांव के रहने वाले हैं। रविवार दोपहर दोनों अपना काम खत्म करने करने के बाद शराब पीते हैं। बताया कि जब मजदूर सो गया तो संजीव ने साथी के चेहरे पर लघुशंका कर दिया। उन्होंने बताया कि ज्यादा शराब के नशे में वारदात को अंजाम दिया गया है।

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस
- रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को दबोचा, भेजा जेल

### वीडियो देखा तो हुई जानकारी

पीड़ित मजदूर की पत्नी ने बताया कि वह घटना के समय अपनी बहन से मिलने हॉस्पिटल गई थी। बेटे ने पहले पिता के बारे में पूछा, इसके बाद मोबाइल वीडियो दिखाया। तो वह घबरा गई। तुरंत हॉस्पिटल से भागते हुए घर पहुंची। पत्नी ने बताया कि आरोपी ने विरोध करने पर उसके पति को बुरी तरह से पीट दिया था। जिसके कारण मुंह से खून निकलने लगा। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी संजीव को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# झुमका बचाने के लिए लुटेरों से भिड़ गई महिला, घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पीजीआई के कल्ली पश्चिम में सुबह टहलने निकली किरण यादव से बदमाशों ने झुमका लूट लिया। उसे बचाने के लिए, किरण बदमाशों से भिड़ गई। प्रयास असफल होता देख बदमाशों ने किरण को धक्का देकर गिरा दिया। मौका मिलता ही कान से झुमका नोंचकर भाग गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर लिया है।

कल्ली पश्चिम बाबू खेड़ा निवासी किरण यादव (55) रोज की तरह सोमवार सुबह 5 बजे टहलने निकली थी। वह पीजीआई थाने से दो मीटर पहले नहर रोड पर पहुंची ही थी तभी पीछे से आए स्कूटी सवार एक युवक ने उन्हें आवाज दी। रुकते ही उनके पास आया और गले पर झपट्टा मारकर सोने की चेन लूट ली। पीड़ता ने विरोध किया तो बदमाश स्कूटी से उतरा और उन्हें धक्का मारकर गिरा दिया। इसके बाद एक कान की बाली नोच ली। चीख पुकार पर आसपास के लोगों को आता देख बदमाश मोहनलालगंज की तरफ स्कूटी से फर्राटा भरते हुए भाग निकला।

किरण के पति ओम प्रकाश की पहले ही मौत हो चुकी है। बेटा रामू प्रापर्टी डीलर है। इंस्पेक्टर पीजीआई ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

- पीजीआई के कल्ली पश्चिम में सुबह के समय की घटना पुलिस खंगाल रही फुटेज



# जमीन हड़पने में नाकाम होने पर मांगी 50 लाख की रंगदारी

## जाली दस्तावेज तैयार कर जमीन हड़पने का किया था प्रयास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज इलाके में रहने वाले अश्वनी कुमार कात्याल की जमीन हड़पने के लिए जालसाजों ने जाली दस्तावेज तैयार किए। कोशिश करने के बाद भी असफल हो गए। इस पर कात्याल को धमकी दी और 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। पीड़ित ने ठाकुरगंज थाने में तहरीर दी। जिस पर सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

ठाकुरगंज के लाजपत नगर निवासी अश्वनी कुमार कात्याल के मुताबिक उनका एक भूखंड है, जिस पर उन्होंने बाउंड्रीवॉल बनवा रखी है। आरोप है कि ठाकुरगंज के दौलतगंज निवासी प्रेम शंकर तिवारी, राहुल तिवारी व उनके सहयोगी मोहम्मद कासिम, बृजेश कुमार सिंह, रंजित कुमार मोहंता, जयेंद्र प्रताप सिंह और विकास सिंह कूटरचित दस्तावेज तैयार करके इस जमीन को हड़पना चाहते हैं। दिसंबर 2021 से यह गिरोह उनको निशाना बनाए हुए है। लगातार धमकी दे रहे हैं और परेशान कर रहे हैं।

**कहा 50 लाख रुपये दो तो छोड़ देंगे :** अश्वनी कात्याल के मुताबिक आरोपी लगातार दबाव बना रहे थे कि जमीन छोड़ दें। लेकिन वह अपनी कीमती जमीन को बचाने के लिए लड़ रहे थे। कई बार बातचीत की, पर मामला नहीं बना। उन्होंने जब दस्तावेज को जाली घोषित कराया तो आरोपी धमकाने लगे।

आरोपियों ने दबाव बनाया कि विवाद का निपटारा करना चाहते हैं तो 10 हजार वर्गफीट जमीन दें या फिर 50 लाख रुपये रंगदारी। पीड़ित ने इसकी शिकायत ठाकुरगंज इंस्पेक्टर श्रीकांत राय और एसीपी चौक राजकुमार सिंह से की। मामले की जांच की गई तो सही पाया गया। पीड़ित की तहरीर पर सातों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

- पीड़ित ने ठाकुरगंज थाने में दर्ज कराई सात लोगों पर एफआईआर




### बदमाशों ने ठेकेदार से मांगी रंगदारी, एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना के सेक्टर-जे में रहने वाले सिंचाई विभाग के ठेकेदार को धमकी भरी कॉल आई। उससे एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। आशियाना के सेक्टर-जे स्थित अंबिका विहार में शिवेंद्र नारायण पांडेय परिवार के साथ रहते हैं। वह सिंचाई विभाग में ठेकेदारी करते हैं। शिवेंद्र ने बताया कि बुधवार 29 मई को उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने धमकी दी कि अगर ठेकेदार और उसका परिवार जिंदा रहना चाहता है तो उसे एक लाख रुपये भेज दें। यह सुनते ही ठेकेदार ने फोन काट दिया लेकिन फिर उस व्यक्ति ने उसी नंबर से धमकी भरा मैसेज भी किया। जिससे ठेकेदार और उसका परिवार काफी दहशत में आ गये। ठेकेदार ने उसी दिन आशियाना पुलिस से शिकायत की थी जिसके बाद पुलिस ने जांच कर रविवार को मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, आरोपी की तलाश में जुट गई है।

### रंगदारी न देने पर दंपति को पीटा, रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : दबंगों ने दंपति को पांच लाख रुपये की रंगदारी न देने पर बुरी तरह से पीट दिया। बीबीडी निवासी पीड़िता के मुताबिक उनके पति ने अपनी जमीन बेची थी। जमीन बेचने के बाद गांव के आनंद सिंह, शेरा उर्फ सुमित, कल्लू और दीपा सिंह पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने लगे। मना करने पर दबाव बना रहे थे। रुपये न देने पर वह मारने की धमकी दे रहे थे। बीती 7 अप्रैल को वह पति के साथ बेहटा में ननद के घर जा रही थी। बिजनौर स्थित आउटर रिंग रोड पर आरोपितों ने पिकअप से पीछा कर रोक लिया। रुकते ही दोनों की पिटाई कर दी। विरोध पर अश्लील हरकत की। आरोपित ने अगवा करने के लिए गाड़ी में खींचा ही था, तभी चीख पुकार पर राहगीरों को जुटता देखकर भाग निकले। बिजनौर थाने में शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। कोर्ट के आदेश पर शनिवार को बिजनौर थाने में केस दर्ज हुआ है। इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद राणा के मुताबिक मामला दर्ज कर लिया गया है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व आईएएस अधिकारी के फार्म में लगी आग

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** गोपरामाऊ गांव में गोमती नदी के किनारे पूर्व आईएएस अधिकारी खंजन लाल के फार्म में आग लग गई। फार्म में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। लपटें और धुंआ देख ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सभी ने आग बुझाने की कोशिश की लेकिन हवा के तेज झोकों से आग विकराल होने लगी तो पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी गई। दमकल कर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई। आग से फार्म में कई पेड़ और पड़ोसी किसानों के खेतों में सब्जी की की फसल को काफी नुकसान हुआ।

# चार वर्षीया बच्ची से दुष्कर्म विरोध पर की पिटाई, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में रहने वाले एक व्यवसायी की चार साल की मासूम बेटी के साथ उनके किराएदार ने दुष्कर्म किया। मासूम के रोने पर उसकी पिटाई की। मासूम की चीख पुकार सुनकर परिजन आए तो आरोपी वहां से भाग निकला। वारदात रविवार दोपहर की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज किया। वहीं, देर रात को अहिमामऊ पुल अंडर पास के करीब से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एडीसीपी दक्षिणी शशांक सिंह के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी ताहिर अली बस्ती के छावनी का रहने वाला है। वह बढ़ई का काम करता था। करीब छह माह से वह बच्ची के घर पर किराए पर रह रहा था। रविवार को बच्ची की मां बाथरूम में नहाने गई थी। बच्ची बरामदे में लेटी थी। उसके पिता काम पर गए थे। इस बीच ताहिर पहुंचा और बच्ची को अपने कमरे में उठा ले गया। वहां बच्ची के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म करने लगा। बच्ची के चीखने पर उसे पीटा। बच्ची का रोना सुनकर मां दौड़ी तो आरोपित भाग निकला।

- सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में हुई घटना
- बच्ची के घर में ही किराए पर रहता है आरोपी

# दुल्हन से मिलने आया युवक स्कूटी लेकर फरार

**अमृत विचार, लखनऊ :** हुसैनाबाद निवासी पीड़िता के मुताबिक चार साल पहले उनका तलाक हो गया था। एक माह पहले मैट्रिमोनियल साइट पर उनकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई। युवक ने अपना परिचय दिल्ली निवासी सलीम के रूप में दिया। दोनों क बीच मोबाइल पर बातचीत होने लगी। 30 मई को सलीम ने उससे मिलने के लिए लखनऊ आने की बात कही। वह उसे स्कूटी से लेने गई। इसके बाद दोनों अम्बेडकर पार्क घूमने गए। वहां आरोपित सलीम ने स्कूटी पार्क करने के लिए चाभी मांगी। काफी समय बीतने के बाद भी वापस नहीं आया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक पांडेय के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# दबंगों ने महिला को लाठी-डंडों से पीटा, रिपोर्ट

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने पड़ोस में रहने वाली महिला व उसकी बहू की लाठी-डंडों से पीटा। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपियों को हिरासत में लिया है।

घटना माल थानाक्षेत्र के काकराबाद गांव की है। पीड़िता अनिता पत्नी संतोष की तहरीर के अनुसार उनका पड़ोस में रहने वाले अरविंद से नाली को लेकर विवाद चल रहा है। समझौते के अनुसार उसने कुछ दिन पहले नाली की सफाई की थी। आरोप है सोमवार सुबह 10 बजे अरविंद फिर से नाली साफ करने का दबाव बनाते हुए गालियां देने लगा। विरोध करने पर अरविंद और उसकी पत्नी शशि ने लाठी-डंडे से उसके पिटाई करने लगी। चीख-पुकार सुनकर बहू सुनैना जब बचाने आई तो पड़ोसियों ने उसे भी पीटा। इससे दोनों घायल हो गईं। इस दौरान किसी ने वीडियो बनाकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।


अस्पताल में भर्ती महिला

### दो पक्षों में मारपीट, आठ घायल

अमृत विचार, मलिहाबाद : मामूली विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इसमें आठ लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 15 लोगों को आरोपी बनाते हुए मामला दर्ज किया है। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी केसन उर्फ कृष्ण कुमार का आरोप है कि 31 मई की रात करीब 9 बजे नाली बनाते वक्त पड़ोसी राजकिशोर, सुनील, सुमित, सुन्दरलाल व मनीष ने लाठी-डंडों से राजकिशोर, नैंसी देवी व गीता की पिटाई की। बीच-बचाव करने आईं महिलाओं से भी अभद्रता की। वहीं दूसरी तरफ राजकिशोर का आरोप है कि 31 मई की रात करीब साढ़े 9 बजे कृष्णकुमार ने अपने घर के चबूतरे पर लगे हैंडपंप से पानी भरने नहीं दिया। विरोध करने पर कृष्ण कुमार ने राधेलाल शिवदेवी, गुड्डी, श्रवण कुमार, गीता, रविकुमार, आयुष, बिहारीलाल व मीना के साथ मिलकर राजकिशोर, सुन्दरलाल, मनीष, सुमित व साक्षी की पिटाई की। दोनों मारपीट की घटनाओं में 8 लोग घायल हो गए।

# संदिग्ध हालात में फंदे से लटका मिला युवती का शव

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** बिजनौर इलाके में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में अपने ही घर के कमरे में एक युवती का शव फंदे से लटका मिला।

पुलिस के मुताबिक पीजीआई के डलौना निवासी अंजनी साहू की अविवाहित बेटी अनिका साहू (22) पिछले करीब 2 माह से बिजनौर के शारदा नगर स्थित पीएम आवास योजना के ब्लॉक संख्या -22 के कमरा नंबर 22 /37 में अकेले रहती थी। वह एक दुकान पर काम करती थी। सोमवार सुबह करीब 10 बजे उक्त ब्लॉक का सुपरवाइजर आदर्श द्विवेदी अनिका साहू के कमरे के पास से गुजरा तो कमरे से भीषण दुर्गंध आ रही थी। उसने वहां पहुंचकर देखा तो कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। बाद में आदर्श ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर पंखे के हुक से दुपट्टे के सहारे अनिका का शव लटका हुआ था। कई दिन बीतने के कारण शव सड़ गया था। शव के कई हिस्से सड़न के कारण टूटकर जमीन पर गिर गए थे। इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद कुमार राणा की सूचना पर एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी ने मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। इंस्पेक्टर बिजनौर अरविंद कुमार राणा के अनुसार शव करीब दस दिन पुराना है और मामला आत्महत्या का लग रहा है।

# महिला का गला घोंटने का प्रयास

संवाददाता, लखनऊ/ठाकुरगंज

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज के अलमासबाग बालागंज में रुपये के लेनदेन में मुख्य आरक्षी की पत्नी को कुछ लोगों ने कमरे में बंधक बना लिया। गमछे से उसका गला घोंटने का प्रयास किया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गए तो उसकी जान बची। आरोप है कि इस दौरान उसके साथ अश्लील हरकतें भी की गई। पुलिस के मुताबिक तहरीर मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि सरोजनीनगर गौरी बाजार की रहने वाली महिला ने परिचितों के ही खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है। जिसमें बताया कि उसके पति पुलिस विभाग में मुख्य आरक्षी है। वर्तमान में वह सीतापुर जनपद में तैनात है। आरोप है कि अलमासबाग बालागंज के रहने वाले परिचितों ने उनसे रुपये उधार लिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी लोग रुपये वापस नहीं कर रहे थे। काफी दिनों से टालमटोल कर रहे थे। वह रुपये मांगने के लिए आरोपियों के घर पहुंच गई। जब रुपये मांगे तो आरोपियों ने गालियां देनी शुरू कर दी। विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। उसे कमरे में बंधक बनाकर पिटाई कर दी। आरोप है कि जान से मारने की नियत से आरोपियों ने गमछे से गला घोंटने का प्रयास किया। इस दौरान उनके साथ अश्लील हरकतें की गई।

- मुख्य आरक्षी की पत्नी है पीड़िता, बंधक बनाकर घटना को दिया अंजाम
- ठाकुरगंज के अलमासबाग में हुई घटना पुलिस ने शुरू की जांच

### रुपये के लेनदेन का है मामला

मुख्य आरक्षी की पत्नी ने बताया कि वह आठ माह के गर्भ से है। आरोपी ने उसके पेट पर पैर भी मारा है। किसी तरह वहां से जान बचाकर थाने पहुंची। महिला ने इंस्पेक्टर से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय के मुताबिक मामला रुपये के लेनदेन का है। जांच की जा रही है। परिचितों को हिरासत में ले लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोसाईंगंज के रानीखेड़ा गांव निवासी दीपक सोमवार को खरबूजा खरीदने बाजार जा रहा था। वह सुल्तानपुर हाइवे पर बसहरिया गांव मोड़ के पास पहुंचा था, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे दीपक उछलकर दूर जा गिरा और बाइक कार के बोनट में फंस गई। भागने के चक्कर में कार सवार ने रफ्तार बढ़ा दी। 20 मीटर तक बाइक कार में फंसकर घिसटती चली गई। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर हाइवे किनारे गड्ढे में जाकर पलट गई। ग्रामीणों को जुटता देख कार सवार दोनों युवक भाग निकले।

## सार-संक्षेप

### एटीएम में मारपीट का वीडियो वायरल

अमृत विचार, तालकटोरा : राजाजीपुरम में कोठारी बंधु तिराहा स्थित एसबीआई के एटीएम में सिक्योरिटी गार्ड बिहार के आरा क्षेत्र के निवासी चंदन सिंह से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। चंदन के अनुसार बीती रात शक होने पर उसने एटीएम में मौजूद युवक को बाहर निकलने के लिए कहा। इस पर आरोपी युवक मारपीट करने लगा। इस दौरान आरोपी ने गेट पर लात मारी जिससे शीशा टूट गया। इस पर चंदन सिंह ने बाहर निकल कर युवक की फोटो लेनी चाही तो उसने फिर से मारपीट की। आसपास मौजूद लोगों में से किसी ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस के मुताबिक सिक्योरिटी गार्ड और आरोपी युवक को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया है।

### पत्नी को भगा ले जाने की दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर इलाके के एक व्यक्ति ने उन्नाव जिले के सोहरामऊ स्थित जैती खेड़ा निवासी अंशुमन के खिलाफ पत्नी को बहला फुसला कर शादी के लिए भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि उसकी पत्नी सरोजनीनगर इलाके की एक कंपनी में काम करती थी। वहीं पर अंशुमन भी काम करता था। दोनों के बीच बातचीत होती रहती थी। 18 मई को बातचीत करने के दौरान पीड़ित को शक हुआ तो उसने अंशुमन को डांट कर भगा दिया। आरोप है कि 22 मई की दोपहर पीड़ित की पत्नी अचानक घर से गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। पीड़ित ने अंशुमन के ऊपर पत्नी को शादी करने के लिए बहला फुसला कर भगा ले जाने का संदेह जताया है। सरोजनीनगर पुलिस पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### डॉक्टर को जान से मारने की धमकी, एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर इलाके में रहने वाली महिला चिकित्सक को एक युवक ने जान से मारने की धमकी दी। डॉक्टर ने गोमतीनगर थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। गोमतीनगर के विनयखंड-5 में रहने वाली डॉ. चित्रा ने बताया कि 30 मई को एक युवती को इरशाद नाम का युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। युवती की मां ने इरशाद के अलावा साहिद के नाम पर केस दर्ज कराया था। 1 जून को साहिद ने उनके घर पर काम करने वाले नौकरानी को रास्ते में रोक लिया। आरोपी ने नौकरानी से कहा कि डॉ. चित्रा ने मेरा जीना हराम कर दिया है। उन्होंने मुकदमे में मेरा नाम फर्जी लिखा दिया। डॉ. चित्रा को चैन से जीने नहीं दूंगा। डॉ. चित्रा के अनुसार साहिद का संपर्क आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से है। उसकी धमकी से परिवार के लोग सहमे हुए हैं। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि महिला डॉक्टर की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### लैब टेक्नीशियन को मारा चाकू, घायल

अमृत विचार, लखनऊ : कृष्णानगर मेट्रो स्टेशन के पास युवक ने लैब टेक्नीशियन पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में टेक्नीशियन गंभीर रूप से घायल हो गया। सिग्नल के पास ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों ने युवक को दौड़ाकर दबोच लिया। उसे थाने पहुंचाया। वहीं, घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया अंबेडकरनगर के जहांगीरगंज स्थित केदरूपुर गांव निवासी अंकुश मिश्रा ने पंडित खेड़ा में रहते हैं। वह एक निजी कंपनी में लैब टेक्नीशियन है। अंकुश ने बताया कि सोमवार को बाइक से कुछ खाने के लिए रुक गया था। इस बीच एक युवक आया और अचानक चाकू निकाला और कई वार कर दिए, जिससे चेहरे और पीठ पर गंभीर चोट लग गई। वहां मौजूद यातायात पुलिस कर्मियों ने राहगीरों की मदद से हमलावर युवक को पकड़ लिया। इंस्पेक्टर कृष्णानगर के मुताबिक कार्रवाई की जा रही है।

# दहेज उत्पीड़न पर पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार:** परिजनों की सहमति पर प्रेमी से शादी करने के बाद ससुरालवाले दहेज में कार न मिलने पर युवती को अपने घर ही नहीं ले गए। काफी समझाने पर उन्होंने उसे पति के साथ किराये के घर में भेजा। कार देने के बाद भी वे संतुष्ट नहीं हुए और घर नहीं ले गए। इस पर पीड़िता ने पति और सास-ससुर समेत छह लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न के साथ-साथ मारपीट और तलाक देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मामला विष्णु लोक कॉलोनी का है जहां की रहने वाली निधि रावत युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल मुख्यालय में कनिष्ठ सहायक के पद पर कार्यरत है। उसका हरदोई जिले के ज्योति नगर, महोलिया फाटक निवासी आकाश गुप्ता पुत्र माधव राम गुप्ता से प्रेम प्रसंग था। परिजनों की सहमति के बाद 28 जून 2023 को उन्होंने विवाह किया। विदाई के समय ससुराल वालों ने कार और उचित दहेज न मिलने की बात कह कर उसे ससुराल ले जाने से मना कर दिया। तब काफी समझाने बुझाने के बाद पीड़िता को किराए वाले घर पर लेकर गए। जहां वह अपने पति आकाश गुप्ता के साथ रहने लगी। पीड़िता ने आकाश के नाम एक स्विफ्ट डिजायर कर फाइनेंस करा दी लेकिन इसके बाद भी उसे ससुराल नहीं ले गए।

आरोप है कि 20 अप्रैल 2024 को उसने अपने पति से ससुराल ले चलने को कहा तो उसने जान से मारने की धमकी दी और तलाक देने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसे मारा पीटा और कार लेकर भाग गया। आरोप है कि आरोपियों ने शादी में दिया गया पूरा स्त्री धन हरदोई ले जाकर बेच दिया। निधि ने पति आकाश, ससुर माधव राम, सास ममता गुप्ता, देवर प्रदीप गुप्ता, ननद सेजल व प्रिया गुप्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप

अमृत विचार, मलिहाबाद : दहेज के लिए ससुरालवालों की प्रताड़ना से परेशान होकर विवाहिता ने पति, सास, जेठानी व ननदोई पर के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। ग्राम दहियाताली निवासी ईश्वरदीन की पुत्री सुमन का विवाह रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम परनखेड़ा निवासी रामेंद्र के साथ वर्ष 2021 में हुआ था। आरोप है कि ससुराल वाले दहेज में बुलेट की मांग करते हुए उसका खर्चा-पानी बंद कर दिया। दो महीने बाद पति उसे दिल्ली ले गया। वहां आएदिन रामेंद्र उसके साथ मारपीट करता था। जानकारी मिलने पर पीड़िता को उसका भाई दिल्ली पहुंचा और उसे घर ले आया। सोमवार को सुमन ने माल थाने में तहरीर देकर पति रामेंद्र, सास बिशुनदेई, जेठानी रामदेवी व रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जानकीनगर निवासी ननदोई सुखराम पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया। प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी ने बताया कि मामला पारिवारिक न्यायालय भेजा गया है।

# कार और दो लाख नहीं मिले तो पत्नी को दिया तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बालागंज निवासी विवाहिता ने ठाकुरगंज थाने में पति और ससुराल वालों पर एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि पति ने दहेज में कार, लखनऊ में एक प्लॉट और व्यापार के लिए दो लाख रुपये मांगे थे। इसका विरोध करने पर उसे तीन तलाक दे दिया। पीड़िता की प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है।

बालागंज निवासी पीड़िता के मुताबिक तीन साल पहले उनका निकाह लखीमपुर खीरी निवासी फुरकान अली से हुआ था। आरोप है कि निकाह के कुछ दिन बाद पति व ससुरालीजन कम दहेज को लेकर उन्हें प्रताड़ित करने लगे। पति आए दिन गाली-गलौज व पिटाई करने लगा। कई दिनों तक भूखा भी रखा। पति पीड़िता से दहेज में कार व दो लाख रुपये की मांग करने लगा। इस पर उसने असमर्थता जाहिर की। आरोप है कि जब दहेज दे पाने में असमर्थता जाहिर की तो आरोपियों ने उसकी पिटाई की। इसके बाद घर से निकाल दिया। इसके बाद से वह अपने मायके में रह रही है।

- बालागंज की युवती का तीन वर्ष पहले लखीमपुर में हुआ था निकाह

# आरव और सईद बने संयुक्त विजेता

## लायंस वर्सेस कब्स शतरंज टूर्नामेंट में शत्रुघ्न, शादाब और वर्तिका दूसरे स्थान पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लायंस वर्सेस कब्स शतरंज टूर्नामेंट में विजयी रहे प्रतिभागी ट्रॉफी के साथ। अमृत विचार

**अमृत विचार:** 14 साल के आरव गर्ग और अनुभवी खिलाड़ी सईद अहमद ने लायंस वर्सेस कब्स शतरंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए संयुक्त रूप से विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया।

चेस क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्ल्यू-लखनऊ) की देखरेख में शहर के एक निजी होटल में आयोजित इस टूर्नामेंट में 7वें और अंतिम राउंड के बाद दोनों 6.5-6.5 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। जिसके बाद दोनों संयुक्त विजेता घोषित किए गए। शत्रुघ्न रावत, लखीमपुर के शादाब खान और शीर्ष महिला खिलाड़ी वर्तिका आर वर्मा 5 अंक के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर रहे।

वहीं पिछले एक साल से लगातार ओपन कैटेगरी में लगातार टॉप-10 में जगह बना रही लखनऊ की सबसे मजबूत महिला खिलाड़ी वर्तिका आर वर्मा महिला वर्ग में 5 अंक के साथ शीर्ष पर रही। अंडर-16 वर्ग में 10 वर्षीय अमेया राजेंद्र और 14 वर्षीय उज्ज्वल राज श्रीवास्तव ने 5.5 अंकों के साथ अपनी धाक जमाई। इस अवसर पर फिडे इंटरनेशनल आर्बिटर नवीन कार्तिकेयन ने कहा कि शतरंज क्लब ब्लैक एंड व्हाइट (सीसीबीडब्ल्यू) द्वारा आयोजित लायंस वर्सेस क्बस टूर्नामेंट से अनरेटेड खिलाड़ियों को वरिष्ठ नागरिकों से सीखने में मदद मिलती हैं। वरिष्ठ नागरिक इंटरनेट युग से पहले ही शतरंज में माहिर हो गए थे। आज आपके सेलफोन पर एक एप भी अधिक मजबूत खेलता है जिससे अभ्यास करना भी आसान हैं। हालांकि यह विशुद्ध आंतरिक क्षमता है कि हमारे वरिष्ठ नागरिक इतना अच्छा खेलते हैं। समापन समारोह में जीएमजेएच ग्लोबल के एमडी मोहम्मद जावेद खान ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

### परिणाम

आरव गर्ग, सईद अहमद-6.5 अंक, शत्रुघन रावत, शादाब खान (लखीमपुर)-5 अंक, नीरज चौरसिया- 4.5 अंक, संजीव मिश्रा (कानपुर), रत्नेश शंकर वर्मा, निखार सक्सेना, जफर महबूब, आयुष सिंह-4 अंक।

वरिष्ठ नागरिक : शरद कुमार शर्मा, राजेंद्र महाना-4.5 अंक, आरके गुप्ता (झांसी), कमलेश कुमार केसरवानी-4 अंक, सकीलुद्दीन-3 अंक

महिला : वर्तिका आर वर्मा-5 अंक, विंकी दीक्षित-2 अंक

# कर्बला अब्बास बाग मामले में वक्फ ट्रिब्यूनल ने दिया स्टे

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के अधीन हरदोई रोड स्थित वक्फ कर्बला अब्बास बाग की संपत्ति को बर्बादी से बचाए के संबंध में कर्बला के प्रशासक मौलाना कल्बे जव्वाद की तरफ से दायर मुकदमे की सुनवाई के बाद वक़्फ़ न्यायाधिकरण ने वक़्फ़ हित में दफ़ा 37 में दर्ज संपूर्ण वक्फ सम्पत्ति पर यथा स्थिति बनाये बनाये रखने का आदेश पारित किया है।

उल्लेखनीय है कि कर्बला अब्बास बाग़ की जमीन पर कब्जे कर मैरिज हाल डीएल लॉन, बीएल लॉन, मारुति का शोरूम और कई बड़े व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोले गए हैं। कई पक्के मकान भी शामिल हैं जो कब्जा कर बनाये गए हैं। इन संपत्तियों को मुक्त कराने के लिए मौलाना कल्बे जव्वाद ने पुलिस के पास भी शिकायत की और कर्बला अब्बास बाग़ में धरना भी दिया लेकिन कोई परिणाम न निकलने पर उन्होंने वक्फ ट्रिब्यूनल में मुकदमा कायम कराया। जिस पर कोर्ट ने स्टे दे दिया। शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने कहा कि बोर्ड इस फैसले का स्वागत करता है। इस फैसले से वक्फ बचाने की मुहिम में तेजी आयेगी।

# जय प्रकाश ने दिलाई बीकेटी को जीत

**अमृत विचार, लखनऊ:** मैन ऑफ द मैच जय प्रकाश गुप्ता ( 4 विकेट और नाबाद 55 रन ) के हरफनमौला प्रदर्शन के दम पर सीएसडी सहारा अकादमी बीकेटी ने लीग मैच में जीत दर्ज की।

सूर्या ग्राउंड पर सोमवार को खेले गए मैच में सहारा अकादमी बीकेटी ने जेके स्पोर्ट्स क्लब को 8 विकेट से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए जेके स्पोर्ट्स क्लब ने 30.2 ओवर में 9 विकेट खोकर 112 रन बनाए। अनिरुद्ध सिंह ने 27 और प्रनव सिंह ने 20 रन बनाए। सीएसडी सहारा अकादमी बीकेटी की ओर से जय प्रकाश ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने 7.2 ओवर में 3 मेडन और 12 रन देकर 4 विकेट चटकाए। आशुतोष वर्मा और शिवम कुमार ने 2-2 विकेट चटकाए।

जवाब में सीएसडी सहारा अकादमी बीकेटी में 13 ओवर में 2 विकेट खोकर 113 रन बनाए और जीत दर्ज की। अंकित यादव ने 8 चौके और एक छक्के की सहायता से 40 रन बनाए। जय प्रकाश गुप्ता ने 8 चौके और एक छक्के की सहायता से नाबाद 55 रन बनाए।





मैच जीतने के बाद जश्न मनाते प्रेसीडेंट एकादश टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

# प्रेसिडेंट एकादश एक विकेट से जीता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ टर्फ क्रिकेट में प्रेसिडेंट इलेवन की शानदार जीत

**अमृत विचार :** माहेश्वरी समाज लखनऊ की देखरेख में माहेश्वरी युवा परिषद कपूरथला स्थित ग्राउंड में टर्फ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस रोमांचक मुकाबले में प्रेसिडेंट एकादश ने मंत्री इलेवन को एक विकेट से हराया। सुनील महेश्वरी प्रेसीडेंट एकादश के कप्तान थे।

संस्कार महेश्वरी ने मंत्री एकादश का नेतृत्व किया। वेदांश महेश्वरी आदित्य, माधव, श्याम, केशव, राम, कृष्णा ,शैलेश, शिवेक, सुमित, तुषार, राहुल, सर्वेश, वैभव, हर्षित ,आकाश एवं सक्षम ने भाग लिया। माहेश्वरी समाज लखनऊ के पूर्व अध्यक्ष राधे श्याम जाजू एवं उपाध्यक्ष गोविंद भुराडिया एवं मीडिया प्रभारी विनोद माहेश्वरी टूर्नामेंट के दौरान मौजूद रहे। प्रदेश मंत्री रविंद्र गांधी एवं संगठन मंत्री विनम्र माहेश्वरी ने दोनों टीमों को बधाई दी। महिला मंडल की अध्यक्ष किरण ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# सॉफ्ट टेनिस में उत्तर प्रदेश पुरुष टीम ने जीता कांस्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



ट्रॉफी के साथ कांस्य पदक विजेता।

**अमृत विचार:** पंजाब (मोहाली) में 29 मई से 2 जून तक आयोजित हुई 21वीं सीनियर नेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश पुरुष टीम ने कांस्य पदक जीता। ।

पहले युगल में शनीष मणि मिश्र और ओम यादव की जोड़ी ने प्रणव और कारण सिंह को 3-0 से हराया। चंडीगढ़ के आर्यन ठाकुर ने एकल में अतुल पटेल को 3-0 से शिकस्त दी। रिवर्स युगल में प्रणव मिश्र और वंश यादव की जोड़ी ने रोहित धीमान और सहज की जोड़ी को 3-0 से हराया।

क्वार्टरफाइनल में उत्तर प्रदेश ने बिहार को 2-0 से हराया। पहला युगल ओम यादव और प्रणव मिश्र की जोड़ी ने आकृत सिंह और नीतीश को 3 -0 से हराया। एकल में अतुल पटेल ने सत्यम सिंह को 3-0 से हराया। सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश से उत्तर प्रदेश 1-2 से हार गया। पहला युगल अतुल पटेल और ओम यादव की जोड़ी ने अभिसेख और यशपाल को 3-1 से हराया। एकल में जय मीना ने शनीष मणि मिश्र को 3-0 से हराया। उत्तर प्रदेश के चेयरमैन अभिषेक कौशिक, महासचिव प्रशांत शर्मा और कोषाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने टीम को शुभकामनाएं दी।

# सूक्ष्म जीव विज्ञान भी पढ़ाएगा पुनर्वास विवि

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ शंकुतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में अगले सत्र से महामारी विज्ञान में सूक्ष्म जीव विज्ञान (एपिडेमियोलॉजी की माइक्रोबायोलॉजी) विषय की पढ़ाई कराई जायेगी। यह जानकारी कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह ने दी ।

सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग की एक वर्षीय, तीन वर्षीय व पांच वर्षीय कार्ययोजना के प्रस्तुतिकरण के दौरान कुल सचिव रोहित सिंह व कुलपति की मौजूदगी में विभाग के समन्वयक डॉ. दीपक चंद शर्मा ने बताया कि विभाग में अब तक प्रवेशित परास्नातक छात्रों में से आधे से अधिक का प्लेसमेंट विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानों में हुआ है, इसमें कुछ छात्र-छात्राएं विदेशों में अंतरराष्ट्रीय शोध परियोजनाओं में शोध कार्य कर रहे हैं।

# युवराज व आयुष्मान टेनिस चैंपियनशिप के अगले दौर में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ दूसरी वरीयता प्राप्त कृष्णा सिंह हार कर मुकाबले से बाहर

**अमृत विचार :** शीर्ष वरीय युवराज सिंह और तीसरी वरीयता प्राप्त आयुष्मान पाठक ने जीत दर्ज करते हुए अंडर-12 आइटा टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में जगह बना ली। युवराज ने अथर्व राय को 4-0, 4-0 और आयुष्मान ने हारिस खान को 4-1, 4-1 से हराया। चैंपियनशिप के एक उलटफेर भरे मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त कृष्णा सिंह हार कर मुकाबले से बाहर हो गए। उन्हें अथर्व गोयल ने 1-4, 4-2, 4-2 से हराया।

ला-मार्टीनियर कॉलेज स्थित एसडीएस टेनिस अकादमी में खेली जा रही पी बासु ने ईशान कालरा को 4-2, 5-3, 5वीं वरीयता प्राप्त मंत्र ने श्रेष्ठ कुमार को 4-0, 4-0 से हराया। छठवीं वरीयता प्राप्त प्रणय शर्मा ने अविघ्न वर्मा को 4-0, 4-0 से शिकस्त दी। 7वीं वरीयता प्राप्त आरव शुक्ला ने ए शेख को 4-0, 4-1 से हरा कर अगले दौर में जगह बनाई। आठवीं वरीयता प्राप्त अर्णव श्रीवास्तव ने पाथिव सिंह को 4-1, 4-1 से हराया। बालक वर्ग में पहले दौर के अन्य मुकाबलों में तेजस सिंह, अध्ययन सिंह, आरव पटेल, प्रियांश ठाकुर, अर्णव गर्ग, अनुज, ने जीत दर्ज की।

बालिका वर्ग में हिया चौहान ने आराध्या कटारिया को 4-0, 4-0 से हराया। रिहाना दास ने अनाया पटेल को 4-2, 4-0 और वान्या पुंडीर ने कौस्तवी यादव को 4-0, 4-1 से हराया। परिधि ठाकुर ने सिद्धिमा मिश्रा को 4-2, 5-3 को शिकस्त दी।

# गोमती नगर में तैराकी सीखेंगी महिलाएं

## एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में प्रशिक्षण शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** तैराकों को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में सोमवार से तैराकी की शुरुआत हुई।

गोमतीनगर के विनय खंड-2 स्थित मॉडर्न तैराकी अकादमी का उद्घाटन मुख्य अतिथि इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह (एमएलसी) और अति विशिष्ट अतिथि डॉ.सैयद रफत जुबैर रिजवी (महासचिव, लखनऊ ओलंपिक संघ) ने किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सुभाष तुली (संस्थापक निदेशक, मॉडर्न ग्रुप ऑफ कॉलेजेज), डॉ. राजीव तुली (निदेशक, मॉडर्न ग्रुप ऑफ कॉलेजेज) और सिद्धार्थ तुली मौजूद रहे।

उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्य रुपाली पांडेय ने की। इस अवसर पर स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया को उत्कृष्ट सेवा के लिए आईएसओ सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के निदेशक डॉ.आनन्द किशोर पाण्डेय ने बताया कि महिलाओं में स्विमिंग खेल को बढ़ावा देने के लिए उनके प्रशिक्षण के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यहां दो पुरुष कोच और एक महिला कोच प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगे जो कई सत्र में ट्रेनिंग देंगे। रानी लक्ष्मी बाई अवॉर्डी कोच गरिमा कपूर महिला खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देंगी।



तरणताल का उद्घाटन करते एमएलसी अवनीश सिंह। अमृत विचार



नाट्य निर्देशन की कार्यशाला की जानकारी लेते संगीत नाट्य अकादमी के निदेशक डॉ . शोभित। अमृत विचार

# नाट्य निर्देशन की कार्यशाला की जानकारी लेने पहुंचे संगीत नाट्य अकादमी के निदेशक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ प्रतिभागियों से बातचीत कर निदेशक ने प्राप्त किया परिचय

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी में 27 मई से गौतम सिद्धार्थ के दिशा-निर्देशन में चल रही नाट्य निर्देशन की कार्यशाला में सोमवार को अकादमी निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर भी मौजूद रहे।

अकादमी निदेशक ने कार्यशाला के प्रतिभागियों से बातचीत की और प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त किया।

कार्यशाला में प्रियांशु सिंह, सचिन तिवारी, नीलम श्रीवास्तव, आशीष सिंह, चन्द्रभाष सिंह, राधिका वर्मा, इमरान खान, कविता श्रीवास्तव, राम गोपाल, विशाल कृष्ण, अग्नि सिंह, आशुतोष गुप्ता, सन्दीप कुमार तथा रानी सिंह प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

अकादमी निदेशक की मौजूदगी में कार्यशाला के दौरान कार्यशाला निर्देशक ने नाट्य निर्देशन के महत्व की जानकारी दी।

# युवराज और आयुष्मान अगले दौर में

**अमृत विचार, लखनऊ :** शीर्ष वरीय युवराज सिंह और तीसरी वरीयता प्राप्त आयुष्मान पाठक ने जीत दर्ज करते हुए अंडर-12 आइटा टेनिस चैंपियनशिप के दूसरे दौर में जगह बना ली। युवराज ने अथर्व राय को 4-0, 4-0 और आयुष्मान ने हारिस खान को 4-1, 4-1 से हराया। चैंपियनशिप के एक उलटफेर भरे मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त कृष्णा सिंह हार कर मुकाबले से बाहर हो गए। उन्हें अथर्व गोयल ने 1-4, 4-2, 4-2 से हराया।

ला-मार्टीनियर कॉलेज स्थित एसडीएस टेनिस अकादमी में खेली जा रही पी बासु ने ईशान कालरा को, 5वीं वरीयता प्राप्त मंत्र ने श्रेष्ठ कुमार को हराया। छठवीं वरीयता प्राप्त प्रणय शर्मा ने अविघ्न वर्मा को शिकस्त दी। 7वीं वरीयता प्राप्त आरव शुक्ला ने ए शेख को हरा कर अगले दौर में जगह बनाई। आठवीं वरीयता प्राप्त अर्णव श्रीवास्तव ने पाथिव सिंह को 4-1, 4-1 से हराया।

# आर्यन की बल्लेबाजी से ब्लेज विलो सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ एसएमआर अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट में सीएसडी सहारा अकादमी गोमती नगर को हराया

**अमृत विचार :** मैन ऑफ द मैच आर्यन यादव और विशाल चौहान की आतिशी बल्लेबाजी की बदौलत ब्लेज विलो क्रिकेट अकादमी ने एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। एसएमआर क्रिकेट ग्राउंड पर सोमवार को खेले गए मैच में ब्लेज विलो ने सीएसडी सहारा क्रिकेट अकादमी गोमतीनगर को क्वार्टर फाइनल में 131 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए ब्लेज विलो ने 40 आवेर में 7 विकेट खोकर 322 रन बनाए। आर्यन यादव ने आतिशी बल्लेबाजी की। उन्होंने 67 गेंदों में 12 चौके और 3 छक्के की सहायता से 86 रन बनाए। विशाल चौहान ने 12 चौको, 4 छक्को की सहायता से 69 गेंदों में 87 रन बनाए। सत्यम पाण्डेय ने 48 और राजवीर सिंह ने 45 रनों की पारी खेली। सहारा अकादमी गोमतीनगर की ओर से समीर कुमार सिंह ने 3 और मो. अकरम खान ने 2 विकेट चटकाए। जवाब में सहारा अकादमी गोमतीनगर की टीम 27.4 ओवर में सभी विकेट खोकर 191 रन ही बना सकी। ऋषभ पाण्डेय ने 85 और मो. अकरम खान ने 35 रन बनाए। ब्लेज विलो की ओर से शौर्य प्रताप सिंह ने 3, आर्यमंश पाण्डेय और महेंद्र प्रताप ने 2-2 विकेट चटकाए।

## सार-संक्षेप



कार्यक्रम में पहुंची बाल विकास पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते एसआर स्कूल के चेयरमैन पवन सिंह चौहान। अमृत विचार

### अंतिम वर्ष के छात्रों को दी गई विदाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** बख्शी का तालाब स्थित एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में सोमवार को फेयरवेल समन्वय 2024 का आयोजन किया गया, जिसमें 3500 छात्रों ने भाग लिया। यह समारोह अंतिम वर्ष के छात्रों के सम्मान में आयोजित किया गया, जिनकी अंतिम वर्ष की परीक्षा हो चुकी है। ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए संस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आवास एवं शहरी विकास मंत्री कौशल किशोर, कारागार मंत्री सुरेश राही, बाल विकास पुष्टाहार मंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक योगेश शुक्ला, शिव भूषण सिंह (प्रदेश मंत्री भाजपा), विनय प्रताप सिंह (जिला अध्यक्ष लखनऊ) उपस्थित रहे।



डीआरएम के हाथों सम्मानित हुए रेलवे कर्मचारी। अमृत विचार

### 29 सेवानिवृत्त कर्मियों को डीआरएम ने दिए चांदी के पदक

**अमृत विचार, लखनऊ :** डीआरएम एसएम शर्मा ने सोमवार को 31 मई को सेवानिवृत्त हुए 29 रेल कर्मचारी को चांदी के मेडल देकर सम्मानित किया। इन कर्मियों को समापक भुगतान प्रपत्र भी दिए गए। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक रेखा शर्मा ने बताया कि समापक भुगतान प्रपत्र का भुगतान कर्मी के बैंक खाते में आरटीजीएस से भेजा जायेगा। इन कर्मचारियों को 10,31,35,715 रुपये का भुगतान किया गया। मंडल कार्मिक अधिकारी, आरसी बैरवा ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों का स्वागत करने के साथ उनकी सेवाओं के लिए आभार व्यक्त किया।

### आज भंडारा लगाएंगी नगर निगम की महिला कर्मचारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम की महिला अधिकारी व कर्मचारी ज्येष्ठ माह के द्वितीय मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय के सामने झंडी पार्क में भंडारा लगाएंगी। इस अवसर पर सुंदर कांड का पाठ होगा। बजरंगबली का हवन पूजन करने के बाद महापौर सुषमा खर्कवाल प्रसाद वितरण करेंगी। भंडारे में नगर निगम के सभी जोन की महिला अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगी। भंडारे को जीरो वेस्ट बनाने के लिए अलग-अलग डस्टबिन रखे जाएंगे। जिससे कूड़ा इधर-उधर न फैले।

विश्व साइकिल दिवस | शहर में बढ़ रहा है साइकिल पर स्टंट का क्रेज

# पैरों के इशारों पर नाचती है राजधानी के स्टंटर्स की साइकिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ





साइकिल पर अपना हुनर दिखाते अभिषेक और अदनान। अमृत विचार

**अमृत विचार:** चलती हुई साइकिल के हैंडल पर खड़े होना, इनके लिए बाएं हाथ का खेल है। एक पहिये पर साइकिल दौड़ाना इनके लिए मामूली बात है। साइकिल के साथ ऐसे कारनामे करने वाले ये साइकिल स्टंटर्स केवल शहर में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी शो और प्रतियोगिताओं में जीत के साथ जलवा बिखेर रहे हैं। विश्व साइकिल दिवस पर शहर में विभिन्न जगहों पर साइकिलिंग का संदेश देने को इन स्टंटबाजों ने साइकिल चलाई।

साइकिल से स्टंट करने वाले अभिषेक ने बताया कि साइकिल स्टंट के लिए अधिकांश लोग एमटीवी साइकिल का प्रयोग करते हैं। स्टंट करने वाली साइकिलों की शुरुआत 15 हजार से शुरू होती है। अधिकांश लोग इसके लिए साइकिल विदेशों से मंगाते हैं। जिनमें वियतनाम, मलेशिया और सिंगापुर प्रमुख हैं।

अदनान बताते है कि उन्हें साइकिल से स्टंट करते हुए तकरीबन 7 वर्ष से अधिक हो चुके है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में साइकिल से स्टंट करने वाले कम है। सबसे अधिक लोग कोलकाता में है। वहां पर यह स्टंट तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने बताया कि स्टंट करने वाले साइकिल की कीमत एक लाख रुपये तक है। लखनऊ में ही लोग 40 हजार रुपये तक की साइकिलों से स्टंट करते हुए देखे जा सकते हैं। अदनान ने बताया कि इस समय लखनऊ में साइकिल से स्टंट करने वाले तकरीबन एक दर्जन से अधिक ग्रुप है। इन्होंने अपने ग्रुप के नाम रखे हुए हैं। रील, वाट्सएप के साथ ही सोशल मीडिया के अन्य प्लेटफार्मों पर कई लोगों ने अपने वीडियो डाल रखे हैं।

> साइकिल स्टंट की शुरुआत किसी सीनियर खिलाड़ी के निर्देशन में ही करे। शुरुआत मिट्टी वाली जमीन से करे। हेल्मेट जरूर पहने। हाथों और पैरों में नी गार्ड जरूरी होते हैं। इसके अलावा पीठ और गले के नीचे से कमर तक पहनने के लिए सेफ्टी पैड भी आती है। साइकिल स्टंट करने वाले बढ़ रहे हैं। लेकिन विदेशों की तरह अभी हमारे यहां इसके प्रायोजक कम है। ऐसे में लोग जल्द ही स्टंट से किनारा भी कर लेते हैं।
>
> -आमिर, अध्यक्ष, लखनऊ एडवेंचर स्पोर्ट्स साइकिल स्टंटिंग एसोसिएशन

### कम हो गए स्टंट के शो

अदनान ने बताया कि विदेशों में इसकी प्रतियोगिताएं भी होती है। पोलैंड में आयोजित हुई इसकी प्रतियोगिता में भारतीय स्टंटर्स ने जीत दर्ज की है। लखनऊ में स्टंट के शो और प्रतियोगताएं हो चुकी है। लंबे समय से स्टंट के शो नहीं हो रहे हैं। बड़ी कंपनियां अपने प्रमोशन के दौरान भी स्टंट शो के आयोजन करवाती है।

# सामाजिक बदलाव के प्रेरक हैं भगत सिंह और पाश : जरीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** कौशल किशोर की पुस्तक भगत सिंह और पाश अंधियारे का उजाला की समीक्षा गोष्ठी में डॉ. जरीन हलीम ने कहा कि यह किताब वैचारिक रूप से समृद्ध करती है। हमारी जानकारी को बढ़ाती है और सामाजिक बदलाव के लिए प्रेरित करती है।

डॉ. जरीन हलीम ने किताब के विविध पहलुओं पर कहा कि कौशल किशोर ने संक्षेप में ही सही लेकिन दुनिया के अनेक क्रांतिकारियों की जीवनी एवं उनके संघर्षों से अवगत कराया। मिथिलेश श्रीवास्तव, असगर मेहदी, प्रशांत जैन और कुमार विनीताभ ने भी अपने विचार रखे। इनका कहना था कि जिहालत और वैचारिक दरिद्रता के दौर में यह एक जरूरी किताब है जो हमारे समय, समाज, साहित्य से रुबरू है।

## एक नजर

### अज्ञात चालक पर एफआईआर

लखनऊ, अमृत विचार : बड़ी जुगौली में मंदिर जा रही 80 वर्षीय कृष्णावती को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। इलाज के लिए लोहिया अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। बेटे जगदीश ने सोमवार को अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

### पुल के नीचे मिला अधेड़ का शव

लखनऊ, अमृत विचार : गुडंबा की रिंगरोड पुल के नीचे सोमवार को अधेड़ का शव पड़ा मिला। पुलिस ने बताया कि शव सीतापुर के रसूलपुर निवासी सुंदर (45) का है। भतीजे सूरज ने बताया कि मानसिक रूप से बीमारी से ठीक होने के बाद से मजदूरी करते थे। परिवार में पत्नी व बच्चे हैं, लेकिन वह अलग रहते हैं।

### दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

लखनऊ, अमृत विचार : मड़ियांव पुलिस ने सोमवार को दुष्कर्म के आरोपित ठाकुरगंज निवासी सहबाज खान उर्फ सहबाज को गिरफ्तार कर जेल भेजा। पुलिस के मुताबिक आरोपित ने युवती को झांसा देकर दुष्कर्म किया था।

### दुकानदार को पीटा एफआईआर दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में रंगदारी न देने पर दबंगों ने कपड़ा व्यापारी की पिटाई की और दुकान में तोड़फोड़ कर चेन और गल्ले में रखे 50 हजार रुपये लूट लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। गोसाईगंज बाजार निवासी शुभम वर्मा की सुशांत गोल्फ सिटी के खुर्दही बाजार में रेडीमेड कपड़े की दुकान है। आरोप है कि सोमवार को वह अपने पार्टनर विपिन के साथ दुकान पर थे। शाम पांच बजे सतीश सैनी, शुभम शुक्ला, दीपक सोनी दुकान पर आए। वह धमकाने लगे कि दुकान चलाना है तो 20 हजार रुपये हर माह देने होंगे। मना करने पर तीनों उनकी पिटाई करने लगे। आरोप है कि हमलवारों ने दुकान में तोड़फोड़ की और गल्ले में रखे 50 हजार रुपये लूट लिए।

### महिला से की छेड़छाड़

लखनऊ, अमृत विचार : एक गांव की महिला से विजय कुमार नाम के युवक ने छेड़छाड़ की। जबरन घर में खीचकर ले जाने लगा। विरोध करने पर आरोपित ने अपने मित्र पिंटू के साथ मिलकर महिला को पीट दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं एक अन्य मामले में एक महिला ने गांव के मनोज और सजीवन पर उनकी पुत्री से मारपीट करने और छेड़छाड़ करने व विरोध पर मारपीट का आरोप लगाया।

### मीटर पैनल में लगी आग

लखनऊ, अमृत विचार : रतन स्क्वायर में मीटर के पैनल में सोमवार को आग लग गई। सूचना पर दो गाड़ियों के साथ दमकलकर्मी पहुंच गए। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग से कोई जनहानी नहीं हुई।

# मां-बेटों समेत चार शव पहुंचते ही मचा कोहराम

## रविवार सुबह हादसे में हुई थी मौत, सोमवार शाम को बैकुंठ धाम पर किया गया अंतिम संस्कार



चार लोगों के शव घर पहुंचे तो मोहल्ले में एकत्र हुए लोग। अमृत विचार



लखीमपुर में हुए सड़क हादसे में मृत लोगों बैकुंठ धाम रखे शव। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : इंदिरानगर के कुर्मांचलनगर में सोमवार दोपहर को मां-बेटों समेत एक साथ चार शव पहुंचे। शव जैसे ही एंबुलेंस से उतारे गए तो पूरे कुर्मांचलनगर में कोहराम मच गया। करुण क्रंदन से सभी की आंखे नम हो गई। चारों की मौत लखीमपुर जेबीगंज बाईपास पर रविवार सुबह हुए हादसे में हुई थी। हादसे में घायल दिनेश चंद्र के बेटे कमल व उनकी पत्नी ममता को ढाढस बंधा रहे थे।

कुर्मांचलनगर निवासी दिनेश चंद्र उपाध्याय नाती दिव्यांश के मुताबिक नाना दिनेश उपाध्याय (67), नानी विमला उपाध्याय (60), मामा दीपक उपाध्याय (40), राजीव उपाध्याय (40) और मामी विमला उपाध्याय के उत्तराखंड कार से जा रहे थे। लखीमपुर जेबीगंज बाईपास पर हुए हादसे में विमला नाम की दोनों महिलाएं, दीपक और राजीव की मौत हो गई। वहीं दिनेश गंभीर रूप से घायल हो गए। दिनेश राज्य कर्मचारी कल्याण निगम से क्षेत्रीय प्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सोमवार दोपहर को जब चारो शव कुर्मांचलनगर पहुंचे तो लोगों की भीड़ जुट गई। सभी लोग हादसे में घायल दिनेश चंद्र उपाध्याय के इकलौते बचे बेटे कमल और उनकी पत्नी ममता समेत अन्य परिवारीजन को सांत्वना दे रहे थे। एक साथ परिवार के चार लोगों की मौत का गम कमल बर्दाश्त नहीं कर पा रहा था। वह रह-रहकर बेसुध हो जाता था। पड़ोसी बार-बार पानी से चेहरा धुलकर कमल को सामान्य कर रहे थे। कमल ने बताया कि दिनेश चंद्र पत्नी, दोनों बेटों और छोटे भाई की पत्नी विमला के साथ हल्द्वानी अमरावती कालोनी में रहने वाले बड़े भाई बाल कृष्ण उपाध्याय के घर जा रहे थे। लखीमपुर जेबीगंज बाईपास के पास हाईवे पर सामने से आ रहे ई-रिक्शा को बचाने के चक्कर में उनकी कार अनियंत्रित हो गई। कार डिवाइडर तोड़ती हुई सड़क की दूसरी पट्टी पर आ रहे कंटेनर से भिड़ गई। हादसे में दिनेश की पत्नी विमला, दोनों बेटे और छोटे भाई की पत्नी विमला की मौत हो गई थी। दिनेश शाहजहांपुर अस्पताल में भर्ती है। हादसे में घायल दिनेश की हालत अभी नाजुक है। वह शाहजहांपुर अस्पताल में भर्ती हैं। उन्हें दोनों बेटों, पत्नी और छोटे भाई की पत्नी की मौत की जानकारी नहीं दी गई है। उन्हें बताया गया कि घायल परिवार के दो सदस्य उनकी देखरेख में वहां भी रुके हैं।

**बैकुंठ धाम पर अंतिम संस्कार**

दोपहर में शव कुर्मांचलनगर पहुंचा। करीब एक घंटे वहां रखने के बाद परिजन बैकुंठ धाम के लिए निकले। शाम करीब पांच बजे करीब बैकुंठ धाम पर कमल ने चारों परिजनों के चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान रिश्तेदार, मोहल्ले के लोग सहित कई लोग मौजूद थे।

# नगर निगम मुख्यालय में आग से मची भगदड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय के भूतल में सोमवार दोपहर लगभग 3:30 बजे वायर में में आग लग गई। इसके साथ ही बिजली गुल हो गई। धुआं देखकर कर्मचारी सीट छोड़कर बाहर की ओर भागे। लिपिक शमील अखलाक और कुछ कर्मचारियों ने हिम्मत दिखाते हुए अग्निशामक यंत्र की मदद से आग पर काबू पाया। घटना के समय मुख्यालय में लगभग 400 कर्मचारी व अधिकारी मौजूद थे। कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, इससे कर्मचारियों में आक्रोश दिखा। नगर निगम मुख्यालय में लगे अग्निशामक यंत्रों की वैधता 17 मई 2024 को समाप्त हो चुकी है। वीएस इलेक्ट्रानिक एंड फायर सर्विस ने 18 मई 2023 को टेस्टिंग करके रिफिलिंग की थी।

# बोरे से ढके गए गोशालाओं के टीनशेड



बीकेटी ब्लॉक के भगौतीपुर गोशाला के टीनशेड में लगे बोरे में पानी छिड़कता कर्मी।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गोशालाओं में हीट वेव से बचाव के इंतजाम न होने संबंधी खबर अमृत विचार ने प्रकाशित की तो अधिकारी नींद से जागे और गोवंश को तेज धूप और लू से बचाने के लिए टीनशेड, बोरे और पुआल से ढके गए और उनमें पानी छिड़का गया।

मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने सभी खंड विकास अधिकारियों और अधिशासी अधिकारियों को गोशालाओं में गोवंश को धूप और लू से बचाने के लिए टीनशेड, तिरपाल, बोरे, पुआल, पन्नी आदि से ढकने के निर्देश दिए हैं। रविवार को अमृत विचार ने बीकेटी ब्लॉक में गोशालाओं की पड़ताल की तो तेज धूप में चारों तरफ से खुले और गर्म टीनशेड के नीचे गोवंश बेहाल दिखे। यह खबर 3 जून को प्रकाशित हुई तो हरकत में आए अधिकारियों ने टीनशेड के ऊपर बोरा व पुआल बिछवाए। धूप व गर्म हवा रोकने के लिए टीनशेड चारों तरफ बोरे से ढके गए और उनमें पानी छिड़का गया। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि संबंधित अधिकारियों द्वारा इंतजाम किए जा रहे हैं।

**खबर का असर**



तप रहे गोशालाओं के टीनशेड धूप और लू से गोवंश बेहाल

3 जून को अमृत विचार में प्रकाशित खबर

# जेई से एमडी तक मैदान में उतरे फिर भी गुल हो रही बिजली

- 100 नए ट्रांसफार्मर, 200 कूलर खरीदने के बाद भी पटरी पर नहीं आ रही व्यवस्था
- मुख्य अभियंता ने दिए नाइट पेट्रोलिंग करने के आदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: विद्युत विभाग ने अनुरक्षण कार्य पर करोड़ों रुपये खर्च किए, 100 से ज्यादा नए ट्रांसफार्मर खरीद, पावर ट्रांसफार्मर ठंडे रखने के लिए 200 से ज्यादा कूलर भी खरीदे गए। एमडी और अभियंता तक मैदान में उतर आए हैं, इसके बावजूद अघोषित बिजली कटौती से राहत नहीं मिल पा रही है।

आपूर्ति बाधित होने का कारण जानने के लिए लोड चेक किया जा रहा है। जेई, एसडीओ, अधिशासी अभियंता हीटिंग, एबीसी केबल, जम्फर, पेटीफ्यूज और इन्सुलेटर की जांच करने में लगे हैं। सोमवार को मुख्य अभियंता सुनील कपूर ट्रांसगोमती ने उपकेंद्रों का दौरा कर अधिकारियों को भी नाइट पेट्रोलिंग करने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि उपकेंद्रों के पावर ट्रांसफार्मर के लोड और कूलिंग पर नजर रखें। कर्मचारी ट्रांसफार्मर, एबीसी केबल, पेड़ो की कटाई-छटाई करते रहें। रिचार्ज मीटर और नए कनेक्शन देने के लिए अधिकारियों को 12 बजे तक उपकेंद्र पर रहने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि फॉल्ट होने से जल्द से जल्द सुधारा जाए। उधर, मुख्य अभियंता, सिस गोमती रजत जुनेजा ने कहा कि आपूर्ति सामान्य रखने के लिए उपकेंद्रों पर ट्रांसफार्मरों के लोड, तापमान पर नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही फॉल्ट को सही करने के लिए कर्मचारियों की सीमा भी तय की गई है। जल्द ही क्षेत्र में हो घंटों बाधित हो रही सप्लाई से उपभोक्ताओं को निजात मिल सकेगी।

**18 घंटे ठप रही छह इलाकों की बिजली आपूर्ति**

ट्रांसफार्मर फुंकने और अंडरग्राउंड केबल ब्रेकडाउन होने से राजाजीपुरम, तालकटोरा, गोमतीनगर के विराजखंड, बीकेटी, उतरेठिया की आपूर्ति 18 घंटे से ज्यादा समय बाधित रही। आलमबाग के पवनपुरी में केबल जल गई। इससे 10घंटे से ज्यादा आपूर्ति बाधित रही। तालकटोरा पावर हाउस के गढ़ी कनौरा अंबेडकर चौराहा के आसपास 5 घंटे बिजली गुल रही। इंद्रिरानगर के सेक्टर-6 में 3 घंटे, बीकेटी के शाढ़ामऊ में 4 घंटे आपूर्ति ठप रही। राजाजीपुरम, यहियागंज, बंगला बाजार, गोमतीनगर में बिजली की दिनभर आवाजाही बनी रही। राजाजीपुरम ओल्ड, चंदर नगर, गोमती नगर, चिनहट, विकास नगर, इंजीनियरिंग कॉलेज, बालाघाट, सरोजनी नगर, नादरगंज, इंदिरा नगर सेक्टर-14 ओल्ड और न्यू शिवपुरी, शक्ति नगर पावर हाउस सहित कई इलाकों में बिजली गुल हो रही है। मुलायम नगर में ओवरलोडिंग के चलते पटेल नगर और आसपास के इलाकों में 3 घंटे बाद भी बिजली नहीं आई। बिजली न होने से लोग गर्मी से बेहाल रहे। टुल्लू पंप न चलने से पानी के लिए भी परेशानी हुई।

## सार-संक्षेप

### कुत्तों के आतंक से परेशान 73 लोगों ने थाने में दी तहरीर

अमृत विचार, लखनऊ : गोमतीनगर के विनयखंड में दो महीने से कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हो गए हैं। कुत्तों ने 28 अप्रैल को मनोहर लाल के बेटे शास्वत को काट लिया था। दो दिन पहले कुत्तों ने कुछ और लोगों को दौड़ा लिया। परेशान होकर मनोहर लाल के साथ मोहल्ले के 73 लोगों ने हस्ताक्षर कर कुत्ता पालने वाले परिवार के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। विनय खंड निवासी मनोहर लाल ने बताया कि मोहल्ले का एक परिवार चार साल से चार कुत्ते पाले हुए है। ये कुत्ते पहले सड़क पर घूमा करते थे। इन्हें इस परिवार ने संरक्षण देते हुए घर में रख लिया था। कुछ दिन बाद इन्हें घर के बाहर कर दिया। अभी भी गेट के बाहर इन कुत्तों का भरण पोषण यह परिवार ही कर रहा है। ये कुत्ते कई लोगों को काट चुके है। कई बार इनके अचानक दौड़ा लेने से बाइक सवार लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके है। पीड़ित कालोनीवासियों ने गोमती नगर थाने में तहरीर देकर इस मामले में कार्रवाई करने की मांग की है।

### जोन आठ में बैठने को कुर्सियां मिलीं न ठंडा पानी

अमृत विचार, लखनऊ : हीट वेव और भीषण गर्मी से बचाव के लिए नगर निगम सभी जोन में कूलिंग प्वाइंट बना रहा है। कुछ जोन के अधिकारी इसमें लापरवाही बरत रहे हैं। हजरतगंज के लालबाग स्थित नगर निगम मुख्यालय पर कूलिंग प्वाइंट में लोगों के बैठने के लिए सोफे और कूलर आदि लगाने के साथ घड़ों में ठंडे पानी की व्यवस्था की गयी है। वहीं जोन आठ कार्यालय में बने कूलिंग प्वाइंट में न तो कुर्सियां हैं और न पीने का पानी। घड़ों की जगह रखे गए दो कूल केज में पानी खाली था। जिससे अपने काम से कड़ी धूप में जोनल कार्यालय आने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जोनल अधिकारी अजीत राय के अनुसार रमाबाई स्थल पर तैयारियों को लेकर मेरे साथ पूरी टीम वहां लगी है। इसलिए जोनल कार्यालय पर पेयजल की व्यवस्था नहीं हो पाई होगी।

### दो आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

अमृत विचार, लखनऊ : वजीरगंज पुलिस ने दो मामलों के आरोपियों को सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। 22 अप्रैल को 26 साल की महिला ने बसंतकुंज कालोनी हरदोई रोड, दुबग्गा के रहने वाले आकाश जायसवाल के खिलाफ रेप का मामला दर्ज कराया। पुलिस ने सिटी स्टेशन के पास से सोमवार सुबह 7 बजे आरोपी को गिरफ्तार किया। वहीं, मिथिलापुर वीर जवाहरनगर चौराहे के रहने वाले चन्द्रपाल सिंह को गिरफ्तार किया। 31 मई को आरोपी चंद्रपाल कोर्ट में चार पहिया गाड़ी व लाइसेंसी पिस्टल लेकर चला गया था। आरोपी ने खुद को रेलवे का जज बताकर सुरक्षाकर्मियों को अर्दब में लिया था। परिसर में एक महिला से छेड़छाड़ की थी। कोर्ट में गुस्साए अधिवक्ताओं ने चंद्रपाल की पिटाई कर दी थी। जिसकी वजह से आरोपी को गंभीर चोटें आई थी। पुलिस ने चंद्रपाल को सोमवार को जेल भेज दिया।

### तालाब की जमीन पर हो रहा अवैध निर्माण

अमृत विचार, गोसाईंगंज : गोसाईंगंज क्षेत्र के महुराखुर्द गांव में सोमवार को दबंग ने सरकारी तालाब की जमीन पर कब्जा कर पक्का निर्माण शुरू कर दिया। दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम मोहनलालगंज से लिखित शिकायत कर सरकारी तालाब की जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे को रोकने की मांग की। एसडीएम ने राजस्व व पुलिस की सयुंक्त टीमों को मौके पर जाकर कार्रवाई के निर्देश दिए। गोसाईगंज के महुराखुर्द गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को मोहनलालगंज एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा से उनके कार्यालय में मिलकर लिखित शिकायत करते हुए बताया उनके गांव में सरकारी तालाब में लोगों के घरों समेत बारिश का पानी इकट्ठा होता है। नंदकिशोर ने तालाब की जमीन पर पक्का निर्माण शुरू कर दिया जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

# साइबर हैकरों से बचाएंगे सीईएसओ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आवास विकास परिषद और विकास प्राधिकरण की संपत्तियां साइबर हैकरों से बचाई जाएंगी। विभागों में चीफ इंफार्मेशन सिक्योरिटी ऑफीसर (सीईएसओ) नामित किए जाएंगे। ये संपत्तियों का ऑनलाइन डेटा सुरक्षित और गोपनीय रखेंगे।

आवास विकास परिषद और विकास प्राधिकरण अपनी आवासीय व व्यवसायिक संपत्तियों में फर्जीवाड़ा और डेटा लीक होने जैसी घटनाओं को रोकने के लिए साइबर सुरक्षा करेगा। आईटी एवं इलेक्ट्रानिक विभाग के सुझाव पर शासन के निर्देश पर दोनों विभाग एक-एक चीफ इंफार्मेशन सिक्योरिटी ऑफीसर नामित करेंगे। यह संपत्तियों के ऑफलाइन व ऑनलाइन अभिलेख सुरक्षित रखेंगे। लॉगिन व पासवर्ड गोपनीय रखेंगे और संबंधित अधिकारी व कर्मचारी को देकर उसकी तकनीकी निगरानी करेंगे। समय-समय पर तकनीकी जांच करेंगे। ऑडिट आदि की गोपनीय रिपोर्ट भी अपनी निगरानी में रखेंगे।

आवास विभाग ने निदेशक आवास बंधु रवि जैन को चीफ इंफार्मेशन सिक्योरिटी आफिसर नामित किया है। जबकि विकास प्राधिकरण में अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रबंध निदेशक आईटी एवं इलेक्ट्रानिक नेहा जैन ने बताया कि तकनीकी सुरक्षा से डेटा हैक नहीं होगा।

# गब्बर की करोड़ों की संपत्ति होगी कुर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: मलिहाबाद के मोहम्मदनगर में 1 फरवरी को जमीन के विवाद में तिहरा हत्याकांड हुआ था। इस हत्याकांड के मुख्य आरोपी गब्बर उर्फ सिराज की करीब करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की जाएगी। इसके लिए पुलिस व प्रशासन की टीम ब्यौरा जुटाने में लगी है। मलिहाबाद एसडीएम की ओर से यह कार्रवाई तहसील परिसर के सरोजनी नायडू सभागार में की जाएगी।

इसके पूर्व पुलिस उपायुक्त पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार ने गब्बर की करीब 32 करोड़ की संपत्ति कुर्क कराई थी। एसडीएम मलिहाबाद ने मोहम्मदनगर, मीठेनगर, हमिरापुर में गब्बर की भूमि, बाग समेत तमाम संपत्तियों का ब्योरा जुटा लिया है। जल्द ही गब्बर की संपत्तियों की नीलामी की जाएगी।

बीती 1 फरवरी को लल्लन उर्फ गब्बर और उसका बेटे फराज का जमीन की पैमाइश को लेकर रिश्तेदार फरीद से विवाद हो गया था। विवाद के दौरान गब्बर और फराज दो साथियों के साथ फरीद के घर पहुंचे। वहां, ताबड़तोड़ गोलियां चलाई। फरीद की पत्नी, बेटे और रिश्तेदार ताज की मौत हो गई थी। इस मामले में गब्बर उसके बेटे समेत चारों आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है।

# विंग कमांडर व कर्नल समेत 5 लोग से 12 .30 लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साइबर जालसाजों ने विंग कमांडर और कर्नल समेत चार लोगों से 12.30 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने विंग कमांडर के क्रेडिट कार्ड से जालसाजों ने 98 हजार रुपये निकाल लिए। वहीं कर्नल देहरादून में होटल बुकिंग कराने के नाम पर 1.45 लाख रुपये ठग लिए। इसी दो अन्य लोगों से भी जालसाजों ने लाखों रुपये ठगे। पीड़ितों ने सुशांत गोल्फ सिटी, पीजीआई और गोमतीनगर थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है।

आशियाना के जलवायु विहार निवासी विंग कमांडर एसके पांडेय के मुताबिक 2 जून की सुबह अनजान नंबर से कॉल आई। उन्हें बताया गया कि भुगतान न होने के कारण उनका ग्रीन गैस का कनेक्शन काट दिया गया है, जबकि वह भुगतान कर चुके थे। भुगतान संबंधी जानकारी साझा करने के बाद जालसाजों ने उनके क्रेडिट कार्ड से तीन बार में 98799 रुपये निकाल ली। आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह के मुताबिक एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

**खाते से उड़ाए 2.60 लाख**

सुशांत गोल्फ सिटी के दिलकुशा नीलमथा निवासी मिथुन शर्मा के मुताबिक जालसाजों ने उनके बैंक अकाउंट से 90 हजार और क्रेडिट कार्ड से 1.70 लाख रुपये निकाल लिए। 24 मई को उन्हें ऑनलाइन ठगी के बारे में पता चला। उन्होंने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में केस दर्ज कराया है।

**निवेश के नाम पर ठगी**

गोमतीनगर विराम खंड निवासी मनीष वर्मा ने बताया कि जालसाजों ने उनके साथ ऑन लाइन ठगी की। निवेश के साथ टास्क पूरा करने पर मोटा मुनाफा दिलाने का झांसा दिया। इसके बाद खाते से सात बार में 2,30,000 रुपये जमा कराए। जब मुनाफा देने का समय आया तो सभी ग्रुप के सदस्य गायब हो गए।

**होटल बुक कराने के नाम पर कर्नल से ठगी**

पीजीआई के एल्डिको उद्यान निवासी कर्नल हर्षवर्द्धन सिंह ने बताया कि जालसाजों ने देहरादून के जिंजर होटल में कमरा बुक कराने के नाम पर जालसाजों ने उनके खाते से 146960 ठग लिए। जानकारी होने पर उन्होंने इसकी शिकायत साइबर क्राइम सेल में की।

**होटल की समीक्षा के नाम पर 4.94 लाख उड़ाये**

पीजीआई के वृंदावन कालोनी निवासी हर्षित पांडेय से साइबर ठगों ने होटल की समीक्षा कराने का झांसा दिया। उनके द्वारा दिए गए रेटिंग के आधार कारोबार का विस्तार का हवाला दिया। साथ ही उनसे इस काम के लिए 4,94,200 रुपये जमा कराए। इसके बदले में चार गुना मुनाफा देने का झांसा दिया था। लेकिन कुछ दिन बाद जिस ग्रुप में जोड़ा गया था। उसे बंद कर दिया गया। पीड़ित ने ठगी की जानकारी होने पर पीजीआई थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)

मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992

पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### एडीओ पंचायत निलंबित

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : चुनाव आचार संहिता के दौरान गांव में तैनात सफाई कर्मियों को अपने कार्यालय से संबद्ध करने के मामले में पंचायतीराज विभाग के निदेशक अटल कुमार राय ने एडीओ पंचायत आनंद कुमार सिंह को निलंबित करते हुए डीपीआरओ कार्यालय से संबद्ध किया है। बीती 18 अप्रैल को एडीओ पंचायत ने आचार संहिता लागू होने के बावजूद बिना आयोग से अनुमति लिये सफाईकर्मी सुंदरलाल, सुभाष चंद्र और जितेंद्र कुमार को अपने कार्यालय में संबद्ध कर दिया था जबकि इन तीनों की ड्यूटी चुनाव में लगाई गई थी। शिकायत के बाद शासन स्तर पर इसकी जांच चल रही थी।

### रुपये छीनने की घटना जांच में निकली झूठी

सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : खरबूजा व्यापारी 54 हजार रुपए रुपए छीनने और मारपीट की घटना पुलिस की जांच में फर्जी निकली। निरीक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर पर जांच चालू हुई तो उसके सभी आरोप झूठे निकले है। उसने गलती स्वीकार कर ली है।

### शांतिभंग की आशंका में 27 आरोपी गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को पुलिस ने 27 आरोपियों पर शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया।

# नदी में डूबने से मामा व दो भांजों की मौत

## सीतापुर के कमलापुर इलाके में हुई घटना, एक साथ बुझे घर के दो चिराग

संवाददाता, सीतापुर


उमंग बाजपेई।


अनिकेत बाजपेई।


विवेक।(फाइल फोटो)

**अमृत विचार :** कमलापुर थाना इलाके में नदी में नहाने गये तीन बच्चों की डूबने से मौत हो गई। हादसा उस वक्त हुआ जब तीनों बच्चे नहाने के दौरान गहरे पानी में डूबने लगे। डूबने से मरने वालो में दो सगे भाई और एक मामा शामिल है।

महोली कोतवाली के ग्राम भुजिया निवासी महेंद्र बाजपेई के दोनों पुत्र उमंग (11), अनिकेत (10) अपनी मां के साथ ननिहाल कमलापुर थाना इलाके के ग्राम रायपुर गये थे। रिश्ते में लगने वाले मामा विवेक शुक्ला (11) पुत्र रामशंकर दोनों भांजों के साथ गांव के बाहर निकली सरायं नदी में नहाने के लिए निकले। गांव के ही दो अन्य बच्चे रवि (15) पुत्र रामशंकर और प्रशांत (14) पुत्र जयशंकर के साथ घाट पहुंचकर नहा रहे थे। बच्चों ने बताया कि विवेक का पांव फिसल गया और वह डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में दोनों भांजे भी डूबने लगे। यह देखकर रवि और प्रशांत गांव की तरफ भागकर आए और गांव में लोगों को जानकारी दी।

ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर डूबे रहे तीनों बच्चों को निकालने के लिए नदी में छलांग लगा दी। स्थानीय ग्रामीण राजेंद्र ने कड़ी मशक्कत के बाद तीनों को बाहर निकाला। परिजन तीनों को अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

**दोस्तों के साथ नदी नहाने गया युवक डूबा, मौत : तम्बौर, सीतापुर, अमृत विचार।** अकबरपुर गांव स्थित शारदा नदी में अपने तीन दोस्तो के साथ तम्बौर कस्बे के नवाब साहब पुरवा निवासी जीशान (17) पुत्र मुख्तार नहाते समय डूब गया। लोगों ने उसे नदी से निकालकर सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### गर्भवती के पेट पर मारा ढेला, प्रसव के बाद नवजात की मौत

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचार :** बच्चों के झगड़े में एक व्यक्ति ने गर्भवती को मिट्टी का ढेला फेंककर पेट में मार दिया जिससे उसकी हालत खराब हो गई। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रसव कराया गया। दो जून को नवजात की मौत हो गयी। महिला की तहरीर पर दोषी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। मोहम्मदपुर खाला थानांतर्गत गुलरिया बरेठी गांव की विमला पत्नी राजेन्द्र गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 28 मई को दरवाजे पर बैठी थी। कुछ बच्चे झगड़ा करने लगे। इसी बीच गोविंद ने गाली देते हुए मिट्टी का एक ढेला फेंका जो आकर उसके पेट में लगा।

# बाराबंकी में अब तक चुनी गयी हैं दो महिला सांसद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** आजादी के बाद से अब तक जिले में दो महिला सांसद चुनी गयी हैं। मंगलवार को मतगणना के बाद पता चलेगा कि भाजपा प्रत्याशी चुनाव जीतकर तीसरी महिला सांसद बनते हुए जिले में भाजपा की हैट्रिक लगाएंगी या फिर गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया जीत दर्ज कर सबसे कम उम्र के सांसद बनने का तमगा हासिल करेंगे।

18वीं लोकसभा चुनाव के तहत 20 मई को मतदान हुआ था। इस चुनाव में पिछले चुनाव की तरह 13 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे हैं। मतगणना में किस प्रत्याशी के सिर पर जीत का सेहरा बंधेगा यह दोपहर तक मालूम हो जाएगा। प्रमुख दोनों दलों के प्रत्याशी भले ही अपनी-अपनी जीत का दावा ठोंक रहे हो लेकिन जिले के मतदाताओं ने किसे अपना आशीर्वाद दिया है यह सबके सामने होगा। वहीं अगर भाजपा प्रत्याशी राजरानी जीतीं तो आजादी के बाद से अब तक जिले की वह तीसरी महिला सांसद होंगी। इससे पहले 2014 में भाजपा की प्रियंका रावत ने रिकार्ड मतों से जीत हासिल की थी। पहली महिला सांसद सन् 1951 में कांग्रेस की गंगादेवी चुनी गयी थीं।

वहीं दूसरी ओर कांटे की इस लड़ाई में गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया को अगर जीत मिलती है तो वह सबसे कम उम्र के सांसद बनकर दिल्ली पहुंचने वाले युवा चेहरा होंगे। 2009 के बाद से कांग्रेस से यह सीट भाजपा ने छीन ली थी। उस समय कांग्रेस के डॉ.पीएल पुनिया ने बसपा के कमला प्रसाद रावत को हराकर यह सीट जीती थी।

### केवल रामसागर रावत ने बनाई है हैट्रिक

भाजपा ने 2014 और 2019 लोकसभा चुनाव में जीत के बाद भी प्रत्याशी बदला है लेकिन रामसागर रावत ने 1989 में जनता दल, 1991 में जनता पार्टी और 1996 में समाजवादी पार्टी के टिकट पर लगातार तीन लोकसभा चुनाव जीत कर रिकार्ड बनाया है। इनके रिकार्ड को आज तक कोई तोड़ नहीं सका है। उन्होंने हर बार दल बदलकर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। वहीं भाजपा प्रत्याशी की जीत होती है तो वह प्रत्याशी की नहीं, बल्कि पार्टी की लगातार तीसरी जीत होगी।

### 18 किलो पोस्ते के छिलके साथ गिरफ्तार

**सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार :** चकसार के पास पुलिस ने सोमवार को बाइक सवार कोठी थाना क्षेत्र के पीरपुर मजरे इब्राहिमाबाद गांव निवासी राजेश कुमार रावत के पास से एक बोरे में रखी 17 किलो 800 ग्राम पोस्ता का छिलका बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

# पति की हत्या में महिला व उसके प्रेमी को उम्रकैद

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश ने पति की हत्या मामले में महिला और उसके प्रेमी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। महिला ने करीब चार साल पहले प्रेमी के साथ मिलकर पति की गला घोंटकर हत्या कर दी थी और उसका शव अकराबाद में फेंक दिया था जो वहां के चौकीदार को लावारिस हाल में मिला। पुलिस द्वारा छपवाए गए पंफलेट के आधार पर मृतक के पिता ने पांच दिन बाद पहचान की थी।

मामले की रिपोर्ट अलीगढ़ के थाना अकराबाद में कप्तान सिंह निवासी ग्राम पुराहार बुलाकी नगर थाना अलीगंज ने 10 फरवरी 2020 को दर्ज कराई थी। बताया कि उनका पुत्र देवेंद्र उर्फ दुशेंद्र (40) अपने दो नाबालिग बच्चों और पत्नी राधा के साथ एटा शहर के शांतिनगर में रहता था। 5 जनवरी 2020 को जब वह वहां गए तो पुत्रवधू मिली। देवेंद्र के बारे में पूछने पर बताया कि वह 2 जनवरी को सुबह 6 बजे काम से नोएडा गए हैं। नोएडा सहित अन्य स्थानों पर तलाश करने पर वह नहीं मिला। 6 जनवरी को कोतवाली नगर एटा में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई।

वहां अकराबाद पुलिस ने पंफलेट दिखाए तो पुत्र की पहचान की। इसके बाद घर आकर उन्होंने और परिजन ने पुत्रवधू से कड़ाई से पूछताछ की। इसमें उसने कबूला कि 1 जनवरी की रात उसने अपने प्रेमी संजय यादव निवासी नगला चमन थाना जसरथपुर व दो अज्ञात लोगों को बुलाकर गला घोंटकर देवेंद्र की हत्या कर दी और शव को अकराबाद थाना क्षेत्र के गांव रामपुर लधौआ में जीटी रोड किनारे ले जाकर फेंक दिया।

# पिटाई के बाद गला दबाकर की गई थी सूरज की हत्या

खुलासा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** नगर कोतवाली क्षेत्र के रानी बाजार के रहने वाले सूरज गुप्ता की हत्या गला दबाकर की गयी थी। हत्या से पहले आरोपियों ने उसकी पिटाई भी की थी। मृतक सूरज गुप्ता के शव के दोबारा कराए गए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। अयोध्या में कराए गए पोस्टमार्टम के बाद आई रिपोर्ट ने पहली पीएम रिपोर्ट पर सवाल खड़ा कर दिया है। पहली पीएम रिपोर्ट में सूरज गुप्ता की मौत हार्ट अटैक से होने का जिक्र किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई इस गड़बड़ी पर डीएम ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जवाब तलब किया है। वहीं इस घटना के खुलासे में हुई हड़बड़ी ने पुलिस कार्यशैली की भी पोल खोल दी है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के रानी बाजार के रहने वाले गला व्यापारी धर्म प्रकाश के बेटे सूरज गुप्ता की 28 मई को हत्या कर दी गई थी। हत्या के बाद उसका शव कोतवाली क्षेत्र के लालपुर चंद्रभान गांव के निकट फेंक दिया गया था। तीन दिन बाद 31 मई को पुलिस ने सूरज गुप्ता के दोस्त राम नेवटिया व उसके एक अन्य सहयोगी शिवा को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया था। पुलिस के मुताबिक दोनों हत्यारेपियों ने वारदात को अंजाम दिए जाने के बाद कबूल की थी लेकिन मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने पुलिस की कहानी को उलझा दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सूरज की मौत हार्ट अटैक से होने का जिक्र था जबकि पुलिस ने इसे गला दबाकर की गयी हत्या का मामला बताया था।पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार भी किया था लेकिन पीएम रिपोर्ट ने पुलिस की कहानी को उलझा दिया था। मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने शव का दोबारा पोस्टमार्टम कराने के लिये डीएम से अनुमति मांगी थी।

### डांट से क्षुब्ध किशोरी ने की खुदकुशी

**खीरो, रायबरेली।** खीरो क्षेत्र के गांव पाहो गांव में सोमवार की शाम परिजनों की डांट से क्षुब्ध लक्ष्मी (17) पुत्री शिवनरेश ने घर के अंदर पंखे के हुक में साड़ी से फांसी लगाकर जान दे दी।

पाहो गांव निवासी शिवनरेश ने बताया कि मेरी पुत्री लक्ष्मी (17) का गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार को युवक शहर से गांव आकर मृतका से मिलने उसके घर आ गया। दोपहर बाद मृतका के पिता ने उसे देखकर दोनों को डांटा। युवक के जाने के बाद वह घर से बाहर चला गया। शाम लगभग 5 बजे जब वह घर पहुंचा तो लक्ष्मी को घर के अंदर पंखे के हुक में साड़ी के सहारे लटका देखा। मृतका के पिता ने पड़ोसियों के सहयोग से उसे नीचे उतारकर सीएचसी खीरों पहुंचाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।मृतका लक्ष्मी की घर के कामकाज के साथ अपने छोटे भाइयो आयुष,अनुभव, छोटी बहन रागिनी, कल्पना, चांदनी की देखरेख करती थी।

# गठबंधन 295 प्लस सीटें जीतेगाः डॉ. पीएल पुनिया


पत्रकारों से वार्ता करते डॉ. पीएल पुनिया। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। 4 जून को सारे एग्जिट पोल झूठे साबित होंगे। इंडिया गठबंधन 295 प्लस सीटें जीतकर सरकार बनायेगा। 2024 का लोकसभा चुनाव जनता ने स्वयं लड़ा है।

ये बातें कांग्रेस की केन्द्रीय चुनाव संचालन समिति के सदस्य पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने सोमवार को अपने ओबरी आवास पर इंडिया गठबन्धन के नेताओं के साथ हुई प्रेस वार्ता में कहीं। पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुये पूर्व सांसद ने कहा कि जो भी एग्जिट पोल टीवी चैनलों पर दिखाये जा रहे हैं, वह सभी आधारहीन हैं। रामनगर के विधायक फरीद महफूज किदवई ने कहा कि एग्जिट पोल के नतीजे झूठे हैं। विधायक सुरेश यादव ने कहा कि हमें हमारी जनता और अपनी मेहनत पर भरोसा है। विधायक गौरव रावत ने कहा कि बाराबंकी समाजवादियों का गढ़ है। पूर्व सांसद रामसागर रावत व पूर्व विधायक मीता गौतम ने कहा कि बाराबंकी में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया मजबूत स्थित में हैं। नगर पालिका परिषद नवाबगंज के चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा पूर्व सांसद रामसागर रावत, विधायक धर्मराज यादव आदि थे।

### सात किलो चांदी के साथ दो गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के कप्तान साहब हाता निवासी एक सर्राफ करोबारी ने कारीगर को बिछिया बनाने के लिये चांदी दी थी, जिस पर कारीगर ने बिछिया चोरी होने की जानकारी दी। करोबारी ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर एसपी के निर्देश पर चलाये गये अभियान के दौरान पुलिस ने चोरी गई चांदी के साथ कारीगर और उसके साथी को गिरफ्तार कर कोर्ट भेजा है। कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने बताया कि कप्तान साहब हाता निवासी किशोर वर्मा चांदी सर्राफ कारोबारी है। उन्होंने कुछ दिन पहले ब्रह्मनगर में रहने वाले कारीगर दीपक वर्मा को बिछिया बनाने के लिए साढ़े सात किलो चांदी दी थी, लेकिन रविवार की रात लगभग 11 बजे दीपक ने किशोर को दी गई चांदी से बनाई बिछिया चोरी होने की जानकारी दी। गंगाघाट पुलिस ने दीपक और उसके साथी सुमित सोनी को श्रीनगर पोनी रोड सरकारी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से 7 किलो 220 ग्राम चांदी की बिछिया बरामद की।

## सार-संक्षेप

### बिना मेट कराया जा रहा मनरेगा का कार्य


खेल मैदान में कार्य करते मनरेगा श्रमिक। अमृत विचार

**रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार :** ब्लॉक बनीकोडर में अधिकांश ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधान बिना मेट के मनरेगा के कार्य करवा रहे हैं। जबकि मेट की तैनाती ही मनरेगा सम्बन्धी कार्यों की देखरेख के लिए की गई थी। मामला ग्राम पंचायत भावनियापुर खेवली का है। जहां अमृत सरोवर पर 14 मनरेगा मजदूरों द्वारा कार्य कराया जा रहा हैं। खेल मैदान में 9 मनरेगा मजदूर बिना मेट के ही काम कर रहे हैं। ग्राम प्रधान उदय राज कार्य की जानकारी मेट शिल्पी गुप्ता को नहीं देते है। इसकी शिकायत शिल्पी ने बीडीओ से की है। ग्राम प्रधान उदय राज ने बताया कि जब 20 मजदूर काम करते हैं तो जानकारी मेट को दी जाती है। बीडीओ डॉ. विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि ग्राम विकास अधिकारी को जांच का आदेश दिया है।

### चार दिन से पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए चक्कर काट रही मां

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** सात माह के बच्चे की मौत के मामले में पुलिस का रवैया अब भी शिथिल है। मां को बीते चार दिनों से पोस्टमार्टम रिपोर्ट न देकर टरकाया जा रहा है। पीड़ित मां ने मुख्यमंत्री के पोर्टल सहित महिला आयोग व एसपी से शिकायत की है। महिला ने कोतवाली प्रभारी पर सुलह करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। मोहल्ला कटरा निवासिनी कैसर जहां ने बीती 24 मई को कोतवाली में तहरीर देते हुए अपने सात माह के बच्चे की हत्या का आरोप अपनी देवरानी पर लगाया था। बड़ी मुश्किल के बाद हत्या का मामला पुलिस ने दर्ज किया था। डीएम के आदेश के बाद मजिस्ट्रेट की निगरानी में बीती 29 मई को पुलिस ने कब्र खोदकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। दूसरे दिन पोस्टमार्टम के बाद शव को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। बच्चे की मां कोतवाली के चार दिन से चक्कर लगा रही है। उसका आरोप है कि कोतवाली प्रभारी उसे पोस्टमार्टम रिपोर्ट की कॉपी नहीं दे रहे हैं। आरोपी देवरानी और उसके मायके के गांव के प्रधान गुड्डू मौर्य सुलह का दबाव बनाते हुए धमकाते हैं कि सुलह न करने पर बच्चे की हत्या के मामले में उसे ही जेल भिजवा देंगे। महिला ने सोमवार को पुलिस पर आरोप लगाते हुए आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से मुख्यमंत्री और महिला आयोग सहित एसपी से शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि हत्या का मुकदमा दर्ज है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को अगवा करने के तीन आरोपी किए गिरफ्तार

**अमेठी, अमृत विचार :** थाना जायस क्षेत्र में बीते रविवार को कार सवार कुछ लोगों ने एक युवक को अगवा कर लिया था। जानकारी मिलने पर थाना जायस पुलिस ने घेराबंदी कर अगवा युवक को दो घण्टे के अंदर सकुशल बरामद कर लिया था। लेकिन आरोपी फरार हो गए थे। अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक अमेठी ने चार टीमों का गठन किया था। नूर हसन निवासी पूरे बक्शी कस्बा व थाना जायस को रविवार को तीन नामजद व 4-5 अज्ञात कार सवार लोगों ने अपहृत कर लिया था। पीड़ित की बरामदगी के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम के साथ घेराबंदी कर तीन लोगों को दबोच लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के नाम दानिश निवासी कजियाना थाना जायस, मो. हकीम निवासी पूरे मुनव्वर मजरे मोहना थाना जायस व मारुक अहमद उर्फ राजा निवासी पूरे हसन मजरे हरकरनपुर थाना जामो हैं। जबकि चार अभियुक्त भाग निकले। अभियुक्तों के पास से तमंचा और कारतूस भी बरामद हुआ है।

### लोक अदालत में अधिकाधिक वादों का कराएं निस्तारण


तहसीलदारों के साथ बैठक करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव।

**बाराबंकी, अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण को लेकर सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने तहसीलदारों के साथ बैठक की। उन्होंने 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व न्यायालयों पर विचाराधीन वाद, प्री-लिटिगेशन, विभागों में लम्बित पेंशन, जीपीएफ से संबंधित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण कराने पर चर्चा की। सचिव श्री सिंह लम्बित पेंशन, जीपीएफ, विद्युत, टेलीफोन, जल से संबंधित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण कराये जाने पर सुझाव दिया और सभी तहसील, ब्लॉक एवं ग्राम सभा स्तर तक प्रचार प्रसार करवाने को निर्देशित किया। बैठक में महिमा मिश्रा तहसीलदार रामनगर, वैशाली अहलावत, सीमा भारती तहसीलदार रामसनेहीघाट, अभिषेक कुमार नायब तहसीलदार आदि मौजूद थे।

# कर्ज से परेशान किसान ने फांसी लगा दी जान

संवाददाता, बिल्हौर

**अमृत विचार :** देवकली गांव में सोमवार दोपहर एक किसान ने घर के अंदर कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच हड़ताल शुरू की।

अरौल थाना क्षेत्र के देवकली गांव निवासी 50 वर्षीय विजेन्द्र कटियार उर्फ लाला खेती-बाड़ी करता था। परिवार में पत्नी निधि, 15 वर्षीय पुत्र उमंग और 12 वर्षीय अक्षरा है। सोमवार दोपहर जब घर के सभी लोग घर के बाहर मौजूद थे तभी मौका पाकर उन्होंने घर के अंदर कमरे में छत के कुंडे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली। कुछ देर बाद पत्नी घर के अंदर पहुंची तो पति का फांसी पर लटका शव देखकर उसकी चीख निकल गई। चीख पुकार सुनकर आस पड़ोस के कई लोग मौके पर पहुंच गए।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू की और शव को फांसी से उतरवाने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक बैंक से लिए गए कर्ज को लेकर परेशान था। इसी के कारण आत्महत्या कर ली। चौकी इंचार्ज मकनपुर राजन मौर्य ने बताया कि किसान नशे का आदी था।

# दंगा भड़काने की कोशिश में बसपा नेता व 200 समर्थकों पर केस

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पुलिस की तमाम कोशिशों के बाद भी युवराज सिंह हत्याकांड के बाद से पैदा हुआ तनाव खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार को बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू अपने सैकड़ों समर्थको के साथ इस्माइलपुर पहुंचे, पुलिस के लाख मना करने के बावजूद जुलूस निकाल कर सरकार के खिलाफ नारेबाज़ी करते हुए न सिर्फ आचार संहिता का उल्लघंन किया, बल्कि दंगा भड़काने की कोशिश की। पाली में तैनात एसएसआई वीर बहादुर सिंह की तहरीर पर बसपा नेता और उनके करीब 200 समर्थकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

एसएसआई वीर बहादुर सिंह ने अपनी तहरीर में कहा है कि 30 मई को पाली में हुए युवराज सिंह हत्याकांड के बाद से वहां पुलिस की तैनाती की गई है। रविवार को उनकी तैनाती इस्माइलपुर मंदिर के पास थी,साथ में एसएचओ पचदेवरा रमेश चन्द्र पाण्डेय, एसएचओ पिहानी धर्मदास सिद्धार्थ, एसएचओ सवायजपुर शेष नाथ सिंह और टड़ियावां अशोक कुमार सिंह के साथ काफी पुलिस फोर्स तैनात था,उसी बीच बसपा नेता राजवर्धन सिंह राजू अपने करीब 200 समर्थकों के साथ 40 से 50 गाड़ियों से पहुंचे और जुलूस निकाला।

# बुखार पीड़ित 15 लोगों के खून के नमूने लिये

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार :** विकासखंड परसेंडी के ग्राम पंचायत गोड़रिया के ग्राम जमलापुर में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसेंडी की स्वास्थ्य टीम ने क्षेत्र में चल रहे वायरल फीवर, डेंगू, मलेरिया आदि रोगों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। बुखार से पीड़ित 15 मरीजों के रक्त के नमूने लेकर जांच के लिए भेजा गया।

शिविर सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि प्रह्लाद कुमार कन्नौजिया ले लगवाया। जिसमें 40 मरीजों के स्वास्थ्य की जांचकर उन्हें दवाएं वितरित की गईं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि जमालापुर में वायरल फीवर की सूचना मिलने पर डॉ. नौशाद अली, डॉ. आशुतोष, फार्मासिस्ट समरजीत, एलटी अरुण, आशा सोनी, विपिन ने मरीजों की जांच कर उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की।

इस संबंध में डॉ. नौशाद अली ने बताया कि बुखार से पीड़ित 15 मरीजों के रक्त के नमूने गांव जाकर लिये गये है। नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हिन्दी के प्रयोग में अग्रणी रहा पूर्वोत्तर रेलवे

संवाददाता, गोरखपुर



**अमृत विचार।** प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी मुकेश मेहरोत्रा की अध्यक्षता में परिचालन विभाग के आपदा प्रबन्धन कक्ष में संरक्षा विभाग की विभागीय राजभाषा समीक्षा बैठक का आयोजन सोमवार को किया गया। विभागीय राजभाषा समीक्षा बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी ने कहा कि पूर्वोत्तर रेलवे हिन्दी के प्रयोग-प्रसार की दिशा में सदैव अग्रणी रहा है। अन्य रेलों का मार्ग दर्शक एवं प्रेरणा स्त्रोत भी रहा है। राजभाषा के प्रयोग में अन्य विभागों की तुलना में संरक्षा विभाग की अहम भूमिका है। संरक्षा के दृष्टिकोण से संरक्षा विभाग का सम्पूर्ण कार्य क्षेत्र हिन्दी भाषी क्षेत्र में आता है। संरक्षा विभाग के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना अधिकतम कार्य हिन्दी में कर रहे हैं।

उन्होने कहा कि सभी अधिकारी अपना निरीक्षण रिपोर्ट में हिन्दी में जारी करने के साथ ही उसमें हिन्दी में पैरा अवश्य दें तथा इसकी एक प्रति राजभाषा विभाग को भी भेजे। विभागीय राजभाषा समीक्षा बैठक का आयोजन नियमित रूप से किया जाना आवश्यक है क्यों कि बैठक के माध्यम से हम अपना ज्ञान एक दूसरे से बाँट सकते है तथा राजभाषा पर चर्चा करके उसमें और सुधार कर सकते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यालयी कार्यों में राजभाषा के प्रयोग को और बढ़ायेंगे तथा नये आयाम स्थापित करेंगे। राजभाषा सम्पर्क अधिकारी/संरक्षा कार्तिकेय सिंह ने कहा कि संरक्षा विभाग में राजभाषा हिन्दी में कार्य करने की विशेष आवश्यकता है, जिसके लिये समीक्षा बैठक का आयोजन नियमित किया जाना आवश्यक है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ अनुवादक नागेश्वर नाथ श्रीवास्तव ने गूगल वायस टाइपिंग पर डेमो दिया।

# गतिशक्ति विवि का तीन कंपनियों से करार

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार।** भारतीय रेल के गति शक्ति विश्वविद्यालय वडोदरा ने उद्योग एवं शिक्षा जगत के बीच साझेदारी को मजबूत करने के लिये नोकिया, प्लासर इंडिया तथा जैकब्स के साथ सहयोग किया।


रेलभवन में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करते अधिकारी। अमृत विचार

रेल भवन, नई दिल्ली में राघव सहगल अध्यक्ष-क्लाउड एंड नेटवर्क सर्विसेज, नोकिया एवं प्रो. मनोज चौधरी कुलपति, जीएसवी सिगफ्राइड फिंक प्रबन्ध निदेशक- प्लासर इंडिया) एवं प्रो. मनोज चौधरी (कुलपति, जीएसवी.) तथा अनिल रेलन उपाध्यक्ष और पूर्णकालिक निदेशक- जैकब्स एवं प्रो. मनोज चौधरी (कुलपति, जीएसवी.) के बीच तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये। इन समझौता ज्ञापनों पर रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव की उपस्थिति में हस्ताक्षर किये गये, जो गति शक्ति विश्वविद्यालय के पहले चांसलर भी हैं। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष एवं सीईओ जया वर्मा सिन्हा तथा रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मुझे खुशी है कि गति शक्ति विश्वविद्यालय इतने कम समय में देश में आईआईटी के बराबर एक संस्थान के रूप में उभर रहा है। आज तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये जा रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। मैं नोकिया, प्लासर इंडिया एवं जैकब को आगे आने के लिये धन्यवाद देता हूं। हमारा दृष्टिकोण गहन उद्योग-अकादमिक साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करना है।

यस्य कृत्यं न जानन्ति मन्त्रं वा मन्त्रितं परे।
कृतमेवास्य जानन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

दूसरे लोग जिसके कार्य, व्यवहार, गोपनीयता, सलाह और विचार को कार्य पूरा हो जाने के बाद ही जान पाते हैं, वही व्यक्ति ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# चुनाव आयोग की सीख

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में इस बार लोकसभा चुनाव में 31.2 करोड़ महिलाओं समेत 64.2 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया है। झुलसाती गर्मी व तूफान के बावजूद सात चरणों वाले लंबे चुनाव अभियान में मतदाताओं का उत्साह दुनिया को भारतीय लोकतंत्र की ताकत दिखाता है। दुनिया की सबसे बड़ी मतदान प्रक्रिया में 68,000 से अधिक निगरानी दल और डेढ़ करोड़ से अधिक मतदान तथा सुरक्षा कर्मी शामिल रहे। इस दृष्टि से लोकसभा चुनाव 2024 विश्व के लोकतांत्रिक इतिहास में भारत का कीर्तिमान कहा जा रहा है। महत्वपूर्ण है कि तमाम सांस्कृतिक, भौगोलिक व राजनीतिक रूझान में विविधताओं वाले इस देश में चवालीस दिन की सबसे लंबी अवधि वाले आम चुनाव की प्रक्रिया विश्वसनीय मानी जाती है। लोकतंत्र के इस उत्सव में चुनाव आयोग से जो अपेक्षाएं थीं, उन पर खरा उतरने के लिए तैयारियां भी की गईं थी। परंतु भारतीय चुनावों की प्रणाली ऐसी है कि इसमें चुनाव के बाद भी जांच की गुंजाइश होती है। इस बात को मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी स्वीकार किया है। इसलिए आयोग के कामकाज को लेकर शिकायतें भी रहीं। आम चुनावों में ईवीएम को लेकर भी कई सवाल उठे।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआए) और कॉमन कॉज नाम की दो संस्थाओं ने अदालत में एक आवेदन देकर इस बार के चुनावों में मतदान प्रतिशत के आंकड़े सार्वजनिक करने की मांग उठाई। ऐसे में चुनाव आयोग ने देश में चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता, पारदर्शिता और निष्पक्षता को सुनिश्चित करने के लिए आयोग द्वारा की गई व्यवस्थाओं को सोमवार को पुनः रेखांकित करते हुए कहा कि चुनाव के बारे में अनर्गल बातें फैलाने का बाजार एक बड़ा खतरा बन गया है और इसके खिलाफ सावधानी बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि चुनाव को लेकर झूठी अफवाहों से निपटने के लिए बहुत तत्पर रहने की जरूरत है। इस चुनाव की कुछ महत्वपूर्ण सीख हैं, एक तो हमें भीषण गर्मी को देखते हुए यह चुनाव एक माह पहले पूरा करा लेना चाहिए था। दूसरी सीख है, (आयोग की व्यवस्थाओं के बारे में) अनर्गल प्रचार से निपटने की जरूरत का सबक। उन्होंने कहा कि इन चुनाव को संपन्न कराने में पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ काम किया गया है और आयोग ने विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों की ओर से आए सुझावों को माना है। क्योंकि ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए कि आयोग सत्तारूढ़ दल के प्रति उदार रुख दिखा रहा है। ध्यान रहे निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के जरिए ही देश में लोकतंत्र सुरक्षित रखा जा सकता है। ऐसे में निश्चित रूप से चुनाव आयोग के लिए सुगम मतदान की व्यवस्था करना चुनौतीपूर्ण कार्य था।

# गप्प सुनो भाई सप्प नाव में नदिया डूबी जाय



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भाषण देने वाले नेता लोग प्राय: अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं, उनका अंकुरण होता है, उनको सींचा जाता है, उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं।

लोकसाहित्य में गप्प भी एक महत्वपूर्ण विधा है और गप्पों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। यह सच है कि लोग मिलते हैं तो जैसे किस्सा - कहानी कहते हैं, वैसे ही गप्पें भी हांकते हैं, गप्पें सुनते भी हैं और उनसे मनोविनोद भी करते हैं। गप्पें लोगों को जोड़ती भी हैं, गप्पों में लोगों का मन लग जाता है। गप्पों का अध्ययन भी किया जा सकता है। गप्पें हांकना हर एक आदमी के वश की बात नहीं है।

कुछ लोग तो गप्पों के एक्सपर्ट होते हैं। गप्पें मनोरंजन तो करती ही हैं, लोगों को उत्तेजित भी कर देती हैं। आकर्षित भी करती हैं। कभी-कभी आत्मविज्ञापन के लिए गप्पें हांकी जाती हैं तो कभी प्रतिद्वंद्वी को पछाड़ने के लिए गप्पों का उपयोग किया जाता है, लेकिन कुछ गप्पी बहुत कमाल के होते हैं, वे ऐसी गप्पें हांकते हैं कि बहुत दिनों तक उनकी सच्चाई सामने नहीं आती और लोग उनकी गप्पों को प्रामाणिक तथ्य मान लेते हैं तथा दूसरों से भी आग्रह करते हैं कि वे भी उन गप्पों को ऐतिहासिक सच के रूप में ग्रहण करें। ऐतिहासिक, राजनैतिक, धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक-व्यापारिक, सांस्कृतिक, भौगोलिक आदि वर्गों में गप्पों का वर्गीकरण किया जा सकता है।

भाषण देने वाले नेता लोग प्रायः अपनी महानता की गप्पों के साथ विपक्षियों के प्रति नफरत की गप्पें हांकते रहते हैं। गप्पें बोई जाती हैं, उनका अंकुरण होता है, उनको सींचा जाता है, उनका पल्लवन होता है और देखते देखते गप्प का वटवृक्ष बन जाता है। गप्पों के जंगल बन जाते हैं। गप्पों पर कितनी ही फिल्में बन चुकी हैं, अब भी बनाई जा रही हैं ताकि पब्लिक का दिल बहला रहे। एक दिन एक गप्प फिल्म का प्रोग्राम सुन रहा था। हालांकि वे इसे इतिहास बतला रहे थे तो कोई बात नहीं इतिहास को अब गप्प का ही एक दूसरा नाम समझा जाना चाहिए। इधर देश में राजनैतिक क्षेत्र की गप्पों का चलन बढ़ गया है। व्यापारिक गप्पें उत्पादों को लेकर हांकी जाती हैं। इस उत्पाद को खरीद लोगे तो घर में स्वर्ग ही आ जाएगा। धार्मिक मत के प्रचारक लोग अपने संप्रदाय अथवा पंथ की महिमा के लिए इतनी गप्पें हांकते हैं कि उन पर पूरी पुस्तक लिखी जा सकती है। मध्यकाल के भक्त कवियों के संबंध में भी ऐसी गप्पें प्रचलित हैं, वहां प्रोफेसर लोग इन गप्पों का उपयोग करते हैं और आग्रह करते हैं कि यह गप्प नहीं, ऐतिहासिक सच है। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। अब इतिहासकार भी गप्प सामग्री का प्रचुर उपयोग करने लगे हैं। ऐसी गप्प, जो इतिहास बन गया या बना दिया गया। इतिहास की गप्प कहो या गप्पों का इतिहास कहो। गूगल, वाट्सऐप, फेसबुक आदि पर गप्पों के विश्वकोष मिल सकते हैं, लेकिन लोकजीवन की गप्पें बड़ी सरल होती हैं, क्यों कि वे गप्प की तरह ही पेश आती हैं, धोखा देने का उनका इरादा नहीं होता। देहाती भाषा में इसे टल्ल भी कहते हैं।

> इतिहास? वह तो घंटाघर की सुई की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा, क्योंकि राजा समय का पक्का है, जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना।

इतिहास के नाम पर अपने-अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं, कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है, कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। जनता का इतिहास तो अभी तक किसी ने लिखा ही नहीं है, जो है वह सत्ता का इतिहास है। भारतीय साहित्य में आर्य शब्द कम से कम दो हजार साल पुराना तो है ही, आज तक कोई ऐसा इतिहासकार नहीं हुआ, जो जाति या प्रजाति के अर्थ में आर्य शब्द का एक भी प्रयोग प्रमाणित रूप से बतला सके, लेकिन लिखे जा रहे हैं। आज भी फेसबुक पर ऐसा ही प्रकरण देखा था। सर्वे पंडित मानिनः। गप्प का एक नाम इतिहास भी है। गप्प भी कैसी जिसमें अपने स्वार्थ और मतलब छिपे हैं, अपने-अपने वैमनस्य और वैर भाव छिपे हैं। अपने-अपने मन की ग्रंथियां हैं, कुंठा हैं, जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं, वे इतिहास को जीवनभर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं। संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं, संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी हैं। भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म को खोजा, सामान्य मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं, उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? मुगल-दरबार के इतिहासकारों ने मुगलों का जयजयकार किया, ब्रिटिश-इतिहासकारों ने कहा कि आर्य बाहर से आए थे, यदि हम भी बाहर से आ गए तो इसमें नया क्या है?

इतिहास? वह तो घंटाघर की सुईं की तरह है। राजा बारह बजे नगर यात्रा पर निकलेगा, क्योंकि राजा समय का पक्का है, जब वह निकलेगा तभी बारह बजेंगे। जब निकलता है तभी बारह बजते हैं। इतिहास का काम है राजा को देखना घड़ी की सुई को पकड़ कर खींचना और बारह बजाना। राजाओं की नजरों के अर्थ को समझना। राजा सबेरे सात बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं, शाम के छह बजे निकले तो भी बारह ही बजने हैं, क्योंकि राजा समय का पक्का है। सत्ता कुचक्री होती है। भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है, जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है, अलंकारों से सम्मानित करती है। सत्ता के हजार हाथ हैं।


कहानी है तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बनाकर उन्होंने इतिहास रच दिया। हिटलर के जमाने में शारीरिक मानव शास्त्रियों ने नस्ली- निर्णायकवाद का प्रतिपादन किया था कि मानवजीवन का निर्णायक तत्व नस्ल ही होता है। महायुद्ध के बाद सांस्कृतिक मानवशास्त्र आया। यही काम भारत में इतिहास ने किया, कल भी और आज भी, वर्तमान से ध्यान हटाने के लिए आज हम इतिहास में शत्रुताओं को खोज रहे हैं ताकि घृणा-विद्वेष का प्रसार किया जा सके। जातियों को जातियों से और मजहब को मजहब से लड़ाया जा सके। कल की ही तो बात है, जब कबीर और तुलसी को जाति के आधार पर बांटा गया। कोई इतिहास अंतिम नहीं है, इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं, अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं, लोक के साथ आज भी कितने हैं? किस इतिहासकार ने लोक जीवन में पैठ कर के इतिहास लिखा है। वह इतिहास तो तुम्हारे वर्ग की चीज है। तुम्हारे हितों से प्रेरित है। तुम लोकमन को नहीं समझ सके। तुमने अपने को लोकमन से ऊपर मान लिया, तुम पढ़े-लिखे हो न? तुम्हारा इतिहास लोकमन से अपरिचित है। तुम आसमान में रहते हो और लोक जीवन धरती पर रहता है। इसीलिए हिन्दू मन, मुस्लिम मन, धार्मिक मन और धर्मनिरपेक्ष मन, ब्राह्मण मन, शूद्र मन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं। देश के भिन्न-भिन्न जनसमूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म, वर्ग, वर्ण, ऊंच-नीच, राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं, उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है, आप यों कहें कि मनुष्य के भीतर का मनुष्य। राजनैतिक मतवाद की पुष्टि करने के लिए इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के जहर की खेती की।

सचमुच इतिहास बहुत निष्ठुर है। फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। यदि इतिहास हमें बदला लेने के लिए कहता है तो सचमुच वह इतिहास मनुष्य के लिए दुर्भाग्य का हेतु ही सिद्ध होगा। हां, यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य जीवन को गतिशील बना सकता है। इतिहास को हम इसलिए पढ़ें, इसलिए रचें, इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिले, भविष्य उज्ज्वल हो, इतिहास में जाकर शत्रुताओं को खोजना, शत्रुताएं सामने खड़ी करना सामाजिक विवेक कैसे कहा जाएगा? वह इतिहास, जो बदला लेने को प्रवृत्त करता है, बदला लेने की भावना जगाता है, पैरों की बेड़ी की तरह है, वह एक बंधन है। बदले का कहीं भी अंत नहीं हो सकता।

## प्रसंगवश

# राजधर्म और धर्मदंड

सभ्यता संस्कृति के विकास क्रम में पहले मानव समुदाय बना फिर मानव समाज। समाज से राष्ट्र बनने के संबंध में मनुस्मृति के सप्तम अध्याय के श्लोक दो में कहा गया है कि जगत में राजा न होने से सब भय व्याकुल होते हैं। इसलिए समाज की रक्षा के लिए ईश्वर ने राजा उत्पन्न किया। राजा का अर्थ राज्य अथवा स्टेट से है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी लोक रूपी जनार्दन जो जनता है वह राज्य-स्टेट स्थापित करता है। लोकतांत्रिक अवधारण का एक मूल तत्व है कि जैसे-जैसे लोकतंत्र सुदृढ़ होता जाएगा, लोक और जनार्दन का शासन होगा। मानव समाज में राज्य बनने की प्रक्रिया वैदिक काल में लोकतांत्रिक ही रही है। अथर्ववेद में कहा गया है कि हे राजा राज्य के लिए जनता तुम्हें वरण करती है अर्थात् राजा का बेटा ही राजा नहीं होता। आगे कहा गया है कि राज्य राजा की संपत्ति नहीं होती, बल्कि प्रजाजनों के कल्याण के लिए होती है। मनुस्मृति में ही राज्य धर्म और धर्म दंड की व्याख्या करते हुए कहा गया है कि राजा के हित के लिए ईश्वर ने पहले से ही प्राणियों का रक्षक धर्म रूप और ब्रह्मतेज रूप अपने पुत्र दंड को उत्पन्न किया है।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

देशकाल, शक्ति व शास्त्र को भली-भांति देखकर अन्याय करने वाले को यथा योग्य दंड राजा को देना चाहिए। वस्तुतः दंड ही राजा, दंड ही पुरुष, दंड ही राज्य का नेता और शिक्षक है। ऋषियों ने दंड को ही चारो आश्रमों के धर्म का साक्षी कहा है। दंड सब प्राणियों पर राज्य करता है और दंड ही सब प्राणियों की रक्षा करता है। जब सब लोग सो जाते हैं तो दंड ही जगाता रहता है, पंडित लोग दंड को ही धर्म कहते हैं। वह दंड यदि पूर्ण रीति से विचार कर दिया जाए तो सब प्राणी सुखी रहते हैं और बिना विचारे देने से सबका विनाश हो जाता है। वैदिक काल के राज्य और आधुनिक युग के लोकतांत्रिक राज्य जो ईश्वर और जनार्दन द्वारा बनाए गए उसके बीच में अनेक अन्य प्रकार के ईश्वर भी गढ़े गए। सत्ता की लिप्सा का ईश्वर, युद्ध की हिंसा के प्रभुत्व का ईश्वर, कुटनीतिक चालों का ईश्वर, जाति-धर्म और संप्रदाय के उन्माद का ईश्वर जैसे तमाम ईश्वर पुराण इतिहास में बने और उन्होंने अपने आत्मजों को राजा बनाया जिनका धर्म दंड उनके अंहकार और उनकी इच्छा की सीमा में ही बंधे रहे।

# अधर में लटकी जमरानी बांध परियोजना



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी, पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा।

उत्तराखंड में कुमाऊं के तराई भावर क्षेत्र तथा हल्द्वानी नगर को पेयजल और सिंचाई हेतु जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लंबे समय से गौला नदी पर जमरानी बांध बनाने की मांग चली आ रही है। हर लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जमरानी बांध एक प्रमुख मुद्दा बनकर उभरता है, लेकिन इसके बावजूद 48 साल से यह बहुउद्देशीय बांध परियोजना महज फाइलों में ही दौड़ रही है। कुमाऊं के प्रवेश द्वार काठगोदाम से लगभग 12 किलोमीटर दूर भीमताल क्षेत्र से आने वाली गौला नदी पर प्रस्तावित जमरानी बांध से हल्द्वानी व उत्तर प्रदेश के बरेली, मुरादाबाद और पीलीभीत की सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि पर सिंचाई तथा पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ-साथ विद्युत उत्पादन का भी लक्ष्य रखा गया था।

26 फरवरी 1976 को केंद्र की कांग्रेस सरकार के तत्कालीन ऊर्जा मंत्री के.सी. पंत ने परियोजना का शिलान्यास किया था तथा उक्त अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता उस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे नारायण दत्त तिवारी ने की थी। इन दो दिग्गज नेताओं से जुड़े होने के बावजूद चार दशक में बांध के नाम पर काठगोदाम में बैराज, कुछ किमी लंबी नहरे, कॉलोनी तथा गेस्ट हाउस ही बन पाए। अधिकतर लोग और बांध स्थल के स्थानीय ग्रामीण यह मानते हैं कि जमरानी बांध के.सी. पंत और नारायण दत तिवारी की आपसी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की भेंट चढ़ गया था। शिलान्यास के बाद दोनों ही नेताओं ने बांध निर्माण में कोई ज्यादा रुचि नहीं दिखलाई, जबकि दोनों ही कांग्रेस सरकार में उच्च पदों पर रहे। हालांकि बाद में के.सी. पंत भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। देखा जाए तो राजनीतिक उठापटक और सरकारी खामियों का जिंदा स्मारक बनकर रह गई है यह परियोजना। 1976 में यह तय हुआ था कि जमरानी बांध परियोजना का 75 प्रतिशत पैसा केंद्र सरकार और 25 प्रतिशत तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार को देना था। अब तक के निर्माण की बात करें तो लगभग 24 करोड़ रुपए की धनराशि बैराज, नहरें तथा कॉलोनियों के निर्माण पर खर्च की गई है, लेकिन असल कार्य अर्थात् बांध का निर्माण प्रारंभ होना अभी तक शुरू नहीं हुआ है।

स्थानीय लोग बताते हैं कि 1993 तक बांध स्थल पर थोड़ी बहुत चहल-पहल जरूर नजर आती थी, पर कई सालों से बांध स्थल के पास निर्माण संबंधित कोई कार्य होता नजर नहीं आ रहा। चारों ओर सन्नाटा पसरा है, अगर शोर है तो उन डंपरों का जो बांध स्थल के पास बड़े पैमाने पर रेता-बजरी का खनन कर रहे हैं। पर्यावरण के जानकार बताते हैं कि नियमानुसार बांध स्थल पर खनन पर पाबंदी होनी चाहिए, लेकिन यहां ऐसा नहीं है। कई पर्यावरणविद और भू-वैज्ञानिक बांध निर्माण पर प्रश्न चिह्न भी लगाते हैं। उनका कहना है कि हिमालय के उच्च भूकंपीय जोन चार व जोन पांच के मध्य में आने वाले क्षेत्र में यह बांध बनाया जाना है। निचले हिमालय की यह पहाड़ियां कमजोर पहाड़ियां हैं, जो समय-समय दरकती रहती हैं। हालांकि 48 साल बाद ही सही, लेकिन अब लोगों में बांध बनाने को लेकर कुछ उम्मीद बंधी है।

पिछले साल 150.60 मीटर ऊंचे इस बांध निर्माण को केन्द्र सरकार ने अपनी मंजूरी दी और कहा कि मार्च 2028 तक इस परियोजनाओं को पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिस पर 2584 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें 1557 करोड़ रुपए केंद्र सरकार व्यय करेगी। इस परियोजना के जरिए 57065 हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के दायरे में लाया जाएगा। इसमें 9458 हेक्टेयर भूमि उत्तराखंड की और 47607 हेक्टेयर भूमि उत्तर प्रदेश की है। यह भी तय हुआ है कि काठगोदाम में पहले से मौजूद बैराज में दो नई नहरों का निर्माण किया जाएगा तथा 207 किलोमीटर लंबी मौजूदा नहरों का जीर्णोद्धार भी होगा। इस परियोजना से 14 मेगावाट की बिजली उत्पन्न की जाएगी तथा हल्द्वानी और आसपास के क्षेत्र को 42 मिलियन क्यूबिक मीटर पेयजल उपलब्ध होगा।

इन सबके बीच सबसे बड़ा मुद्दा बांध से प्रभावित गांवों के लोगों के पुनर्वास का भी है। इसके लिए टिहरी बांध प्रभावितों के पुनर्वास व विस्थापन के लिए वर्ष 2013 की नीति को आधार बनाया गया है। कई जगहों पर जमीन ढूंढने के बाद अंत में यह निर्णय हुआ कि विस्थापन के लिए उधमसिंह नगर जनपद में किच्छा के पास पराग फॉर्म की खाली पड़ी 300 एकड़ भूमि में बांध विस्थापितों का पुनर्वास किया जाएगा। बहरहाल अब देखना यह है कि क्या सरकार 2028 तक जमरानी बांध परियोजना को पूर्ण कर पाती है अथवा नहीं।

## सोशल फोरम

# नून और नोनिया

मध्य युग की शुरुआत में ही चीन में बारूद की खोज हो गई थी। चीनी बारूद में गंधक, पोटेशियम नाइट्रेट और कुछ वनस्पति रहते थे। बारूद का उपयोग सदियों से बस आतिशबाजी में होता रहा, पर नौवीं सदी आते-आते उसके सामरिक उपयोग शुरू हुए। चीनियों से बारूद के सामरिक प्रयोग मंगोल लोगों ने सीखा और मंगोल सेना के साथ बारूद मध्य एशिया और पश्चिम एशिया गया।



सचिदानंद सिंह
मुंबई

बारूद का एक महत्वपूर्ण घटक है पोटेशियम नाइट्रेट। इसका स्वाद तीखा, नमकीन होता है। फारसी लोगों ने इसे चीन के दलदल का नमक या नमक शूरा चीनी कहा है। शायद इसी शूरा से पोटेशियम नाइट्रेट को भारत में निमक-ए-शोरा या निमकी शोरा या बस शोरा कहा जाने लगा। शोरा यानी पोटेशियम नाइट्रेट रसायन विज्ञान की दृष्टि से एक नमक (सॉल्ट) है, किंतु इसकी संभावना कम है कि मध्य युग के कीमियागरों ने इसे नमक (सॉल्ट) समझा था। अधिकतर कीमियागर इसे क्षार मानते थे। इसे "निमकी शोरा" इसके स्वाद के चलते कहा जाने लगा। नमक को भारत में अनेक जगह नून कहा जाता है। यहां से शोरा का एक नाम नून आया और नून बनाने वाले लोग नोनिया कहलाने लगे। यह नून विशेष जगह की मिट्टी से बनता था। मिट्टी का काम करने वाले बेलदार जाति से आते थे। बिहार में सभी नोनिया बेलदार जाति से ही आए। वे कहलाते थे नोनिया, लेकिन उनकी जाति बेलदार ही थी।

बेलदारों का एक विशेष त्यौहार था लाढ़ा का पूजन। लाढ़ा लोहे का एक भारी दंड था जिससे पत्थर या पकी ईंटों को तोड़कर उनका चूर्ण बनते थे जिसे चूने के साथ मिलाकर मजबूत गारा/मसाला (मॉर्टर) बनता था। हाल तक सुर्खी-चूने के मसाले से ईंटें जोड़ी जाती रहीं। सुर्खी बनाना बेलदारों का काम था। एक रोचक तथ्य है कि शोरा जो विध्वंस का औजार बारूद बनाता था वही उर्वरक के रूप में फसलों की उपज भी बढ़ाता था।

-फेसबुक वॉल से

# चाह गई चिंता मिटी, मनुआ बेपरवाह



अनूप शुक्ल
कानपुर

> पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव।

आज सुबह टहलने निकले तो गेट के बाहर ही कुत्ते भौंकते दिखे। ऐसा लगा कि किसी बड़े चैनल में प्राइम टाइम बहस हो रही हो। थोड़ी देर में अपने आप शांत भी हो गए जैसे बहस के बीच कमर्शियल ब्रेक होने पर होता है। थोड़ा आगे सड़क पर पत्तियां बिखरी हुई थीं। मानों यूकेलिप्टिस के पेड़ ने हमारे रास्ते में पलक पांबड़े बिछा दिए हों। वीआईपी भाव ने मन पर कब्जा कर लिया।

एक मोर सड़क पर इतराता हुआ टहल रहा था। ऐसे जैसे सड़क रैंप हो और वह कोई सुंदर मॉडल। टहलते हुए मोड़ उचककर एक घर के अंदर टहलने लगा। पार्क के पास कुछ बच्चे नीचे उतरकर पोज देते हुए पालथी मारकर बैठे फोटो खिंचा रहे थे। टेढ़े होते हुए उंगली से वी बनाते हुए। फोटोबाजी के बाद बच्चे चले गए। टहलते हुए उस जगह से गुजरे जहां शाखा लगती है।

पुलिया पर बैठे हुए दो बुजुर्ग एक्जिट पोल की चर्चा करते हुए अपने जननायकों को ठेठ अंदाज में गरियाते हुए याद कर रहे थे। गाली निकालकर कुछ डायलॉग जो याद रह गए-अरे उसने पेंशन बंद करवा दी। अब तो मर गया वो। अरे ये भी जाएगा। मरेगा। दस साल से आंख मूंदे बैठा है। कुछ करना धरना नहीं बस झूठ बोलवा लेव। इसके बाद मुफ्त बंटने वाले अनाज की खराब क्वालिटी, महंगाई और दीगर समस्याओं का जिक्र करते हुए सरकार के प्रति मुक्तकंठ, सेंसर विहीन प्रेम प्रदर्शन करते रहे दोनों बुजुर्ग। अपन चुपचाप उनके द्वारा अभिव्यक्ति के अधिकार का उपयोग होते सुनते रहे। अपन तमाम सरकार समर्थक मित्रों की बातें भी इसी तरह सुनते रहते हैं। आजकल दुनिया में हर बात के समर्थन में अनगिनत रेडीमेड तर्क सर्वसुलभ हैं। हाल यह कि इंसान अपना कत्ल करने वाले के पक्ष में भी तर्क करते हुए अपनी गर्दन उसके सामने झुकाने में लिए तैयार रहता है-'ले भाई काट ले गर्दन मेरी बिना किसी संकोच के।'

शाखा में एक नए बुजुर्ग का स्वागत पहले से मौजूद बुजुर्गों ने 'युवा साथी' कहते हुए किया। मेसेजिंग घराने की बातचीत का पुराना चलन है यह। बिना 'बेबी' कहे लोगों को जवानी का एहसास नहीं होता। सारे 'बुजुर्ग बेबी' लोग आपस में मजे लेते हुए बतियाने लगे। अपन बाहर निकल आए। पार्क में कुछ बच्चे क्रिकेट खेलने के लिए टीम बना रहे थे। टीम बनाने के बाद बच्चों ने चंदा जमा करके 'दांव' लगाया। दस-दस, बीस-बीस रुपये इकट्ठा करके सौ रुपये का 'दांव' लगाया एक टीम ने। दूसरी ने उकसाते हुए कहा-'अरे, बढ़ा के दांव लगावो यार।' लेकिन शायद उस टीम के साथियों के पास और पैसा नहीं था इसलिए दांव आगे नहीं बढ़ा। खेल शुरू हुआ। ओपनिंग करने वाले बच्चे ने पहले ओवर में ही 20 रन बना डाले। बॉलर बिना विचलित हुए गेंद फेंकता रहा। ईंटों का विकेट था। एक बच्चा गेंदबाज के पास से अंपायरिंग कर रहा था। दूसरा अंपायर विकेट के पीछे फिसलपट्टी पर बैठा लेग अंपायर का रोल निभा रहा था। दूसरे ओवर की पहली गेंद टेढ़ी-मेढ़ी पड़ी। उस पर भी छक्का पड़ गया। कप्तान ने पहली गेंद के बाद ही बॉलर बदल दिया। खेल आगे बढ़ गया। अपन भी। रास्ते में यूट्यूब पर जस्टिस काटजू जी का इंटरव्यू सुनते गए। काटजू जी अपने अंदाज में बोल रहे थे। किसी सवाल के जवाब में एंकर को हड़का भी दे रहे थे-'आप सुनती तो हैं नहीं। हम जवाब दे तो रहे हैं।' काटजू जी के बेबाक इंटरव्यू के खत्म होने से पहले एंकर ने पूछा-'आप सरकार की इतनी खिलाफत करते हैं। कहीं आपके खिलाफ कोई कार्रवाई हो गई तो क्या होगा?' काटजू जी ने जवाब में दोहा सुनाया-चाह गई, मिटी, मनुआ बेपरवाह, जिनको कछू न चाहिए, वे शाहन के शाह। हमारा भी मन करता है कि अपन भी अपना यूट्यूब चैनल शुरू करें। रोजनामचा का वीडियो बनाया करें, लेकिन फिर सोचते हैं कि इतने यूट्यूब चैनल चल रहे हैं। एक ठो और चालू करके ध्वनि प्रदूषण फैलाने से क्या फायदा। लिखना होता रहे नियमित यही बहुत है। है कि नहीं?

# चुनाव: सेटिंग या संयोग

लोकसभा चुनाव संपन्न हो गए। ये पंक्तियां आप तक पहुंचने तक परिणाम धड़ाधड़ आ रहे होंगे। वही जनादेश होगा और तदानुसार सरकार का गठन होगा। हालांकि इस बीच यह देखने में आया है कि विपक्ष या अन्य स्वतंत्र संस्थाओं द्वारा पद्धति और व्यवस्था के प्रति जो भी आपत्तियां उठाईं गईं, उनमें एक भी मान्य नहीं हुई। फोरम कोई भी रहा हो। प्रारंभ में विपक्ष ईवीएम से चुनाव न कराकर बैलट से कराने की बात करता रहा है, जिसे सिरे से खारिज कर दिया गया। हालांकि साफ्टवेयर पद्धति है तो हैकिंग क्यों नहीं हो सकती है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

अमेरिका में बैलट से चुनाव होते हैं, जहां तकनीक अपनी उच्चतम स्थिति में है। पश्चात् यह बिंदु उठाया गया कि मशीनों से मतदान के बाद प्रदर्शित होने वाली वीवीपैट पर्चियों का कम से कम 50 प्रतिशत मिलान/गिनती करवा ली जाए, इससे ज्यादा पारदर्शिता आ जायगी। आखिर यह देश की सरकार बनाने का जनादेश है। यह विपक्षी प्रयास भी विफल रहा। विपक्ष ने एक छोटी सी यह मांग भी रखी कि गणना के समय पहले डाक मतपत्र गिनवा लिए जाए। इसे नहीं माना गया। हालांकि यह मांग चुनाव आयोग से फिर की जा रही हैं जिसके माने जाने की संभावना न के बराबर है। बताते चलें कि निर्वाचन आयोग गठन हेतु जो चयन समिति है, उसमें प्रधानमंत्री नामित उनकी कैबिनेट का एक मंत्री तथा लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होता है। स्पष्ट है कि इसमें सत्तारूढ़ दल जो चाहेगा, वही होगा। यानी चुनाव आयोग और सरकार एक दूसरे के पर्यायवाची हो गए। कभी सुप्रीमकोर्ट ने कहा था कि जब तक चयन संबंधी कानून न बने, तब तक एक न्यायिक सदस्य भी इसमें रखा जाए। इसके बाद सरकार ने कानून बनाकर सुप्रीमकोर्ट की इस मंशा को विफल कर दिया और संप्रति यह समिति सरकार जैसी ही है। ऐसे में विपक्ष के प्रति चुनाव आयोग न्यायप्रिय कैसे होगा?

इस चुनाव आयोग ने संपन्न हुए चुनावों के शुरुवाती दो चरणों का मतदान प्रतिशत तत्काल कुछ और घोषित किया, लेकिन हफ्तों बाद लगभग पांच प्रतिशत की इसमें बढ़ोतरी करके आंकड़े बता दिए। यह सरासर संदेह उत्पन्न करने की स्थिति है। इससे एक करोड़ सात लाख मत ज्यादा पड़े बताए जा रहे हैं। इस बिंदु पर एक एनजीओ द्वारा सर्वोच्च न्यायालय में प्रार्थना की गई कि मतदान बाद तैयार किया गया फार्म 17 सी चुनाव आयोग अपनी वेब साइट पर शत प्रतिशत प्रख्यापित करे जिससे पारदर्शिता आ जाए, क्योंकि इस फार्म में किसी बूथ पर हुए मतदान की पूरी जन्म कुंडली रहती है। विपक्ष और लोकतांत्रिक संगठनों का दुर्भाग्य रहा कि उच्चतम न्यायालय ने यह प्रार्थना ठुकरा दी। कुल मिलाकर सांविधानिक मंचों पर सभी विपक्षी याचनाएं अमान्य ही रहीं। अब इसे प्रबल सत्ता पक्ष की जबरदस्त 'सेटिंग' कहा जाए या संयोग, यह तय करना बड़ा मुश्किल है। अनुमान जो जैसा लगावे। बहरहाल असहाय विपक्ष का दुर्भाग्य तो साफ नजर आ रहा है।

## एक नजर

### गोंडा में पानी भरे गड्ढे में गिरा बालक, मौत

**मनकापुर, अमृत विचार :** मनकापुर क्षेत्र के ग्रामसभा बेनीपुर के मजरा बघमरवा में सोमवार को एक डेढ़ वर्षीय बालक पानी के लिए बने गड्ढे में गिर गया और उसकी डूबकर मौत हो गयी। पिता की सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मनकापुर क्षेत्र के ग्रामसभा बेनीपुर के मजरा बघमरवा में नंदन राजभर के घर के सामने सरकारी हैंडपंप लगा हुआ है। हैंडपंप के पानी को रोकने के लिए बदल में ही गड्ढा बनाया गया है। इस गड्ढे में हमेशा पानी भरा रहता है। सोमवार को नंदन का डेढ़ वर्षीय बेटा अंश घर के बाहर खेल रहा था। खेलते खेलते वह हैंडपंप की तरफ चला गया और पानी भरे गड्ढे में गिर गया। गड्ढे में गिरने से अंश की मौत हो गयी।

### पिटाई कर नाक काटी

**हुजूरपुर, बहराइच, अमृत विचार :** जिले के गुलहरिया गाजीपुर गांव निवासी एक राजगीर ने बाइक निकालने के लिए रास्ते की मांग की तो दबंगों ने पहले पिटाई की। इसके बाद चाकू से नाक काट दी। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है।

### दुष्कर्म के आरोपी को नहीं मिली जमानत

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** दुष्कर्म करने और पीड़िता व उसकी बहन के खाते से 63 लाख 60000 रुपये निकाल लेने के आरोपी को कोर्ट ने जमानत देने से इनकार कर दिया। यह आदेश विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट शिवानी जायसवाल की अदालत से सोमवार को हुआ। एससी एसटी एक्ट के विशेष लोक अभियोजक नरसिंह नारायण उपाध्याय ने बताया कि कैंट थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला एक शीतल पेय फैक्ट्री में काम करती है। उसके विभागाध्यक्ष श्रीकांत यादव ने 2 अक्टूबर 2019 को अपनी पत्नी की जन्मदिन पार्टी के बहाने से महिला को घर बुलाया और घर में पीने के पानी में कुछ मिलाकर पिला दिया। जिससे वह बेहोश हो गई। बेहोशी की हालत में श्रीकांत ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

# इरफान गैंग की 150 करोड़ की संपत्ति सीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● गैंगस्टर एक्ट के तहत हो चुकी कार्रवाई, गैंग अरबों का मालिक

**अमृत विचार।** सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके गैंग में शामिल बिल्डर हाजी वसी और शौकत अली समेत अन्य की करीब 150 करोड़ की संपत्ति गैंगस्टर एक्ट के तहत पूर्व में सीज की जा चुकी है। पुलिस के अनुसार इरफान और उसके भाई रिजवान ने अपराधियों का गिरोह बनाकर शहर में जमीनों का बड़े पैमाने पर कारोबार किया। सत्ता के रसूख से मानक के विपरीत बनाकर एक दो नहीं दर्जनों अपार्टमेंट और मार्केट बनाकर बेच डाली। करोड़ों रुपये की सरकारी जमीनों पर कब्जा किया।



इरफान सोलंकी।

पुलिस के अनुसार इरफान सोलंकी ने कानपुर से लेकर दिल्ली, मुंबई तक रियल इस्टेट में अपना रुपया दूसरे के नाम पर खपाया। अपने राजनैतिक रसूख का इस्तेमाल करके विवादित, सरकारी जमीनों पर कब्जा और अवैध निर्माण का खेल किया। इरफान ने गैंग में शामिल अन्य सदस्यों के नाम पर जमीनों की खरीद फरोख्त और अवैध बिल्डिंगें बनाकर करोड़ों का कारोबार किया। इरफान ने बेनामी संपत्तियां रखीं और फर्जी नामों का इस्तेमाल करके अवैध रुपया को रूट कराया और इसे व्यापारिक आय बताया। गैंग का हर एक सदस्य भी करोड़ों का मालिक बन गया। गैंग में शामिल सभी सदस्यों का लंबा-चौड़ा आपराधिक इतिहास है। पुलिस ने इरफान समेत उनके गैंग की करोड़ों की संपत्तियां सीज की थी।

### इरफान सोलंकी के गैंग का आपराधिक इतिहास

- इरफान सोलंकी 18 मुकदमे
- रिजवान सोलंकी 7 मुकदमे
- इजराइल आटे वाला 19 मुकदमे
- मुर्सलीन उर्फ भोलू पार्षद 6 मुकदमे
- एजाजुद्दीन उर्फ सबलू 18 मुकदमे
- मोहम्मद शरीफ 5 मुकदमे
- शौकत अली 11 मुदकमे
- एज्जन उर्फ एजाजुद्दीन 11 मुकदमे

# बुजुर्ग ने ट्रेन से कटकर दी जान


**नैनी, प्रयागराज, अमृत विचार:** मामला यमुनानगर के सारंगापुर घूरपुर क्षेत्र का है। यहां फौज से रिटायर्ड 80 साल के एक बुजुर्ग ने सोमवार सुबह मुंबई- हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन से कटकर जान दे दी। हाल ही में वह वर्ष 2023 में जेल से रिहा होकर घर आया था। साल 2016 में घरेलू विवाद में उसपर अपने ही बेटे की पत्नी की हत्या का आरोप लगा था। विवाद के दौरान बुजुर्ग फौजी ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से बेटे राजीव तिवारी की पत्नी अंजू की गोली मारकर हत्या कर दी थी और असलहे समेत खुद घूरपुर थाने में जाकर जुर्म कबूल कर लिया था। रिटायर्ड फौजी शिवमूरत तिवारी मूल रूप से प्रयागराज के करैली थाना क्षेत्र के करेहदा गांव का रहने वाला था।

# संगमरमर से बनेगा राम दरबार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राममंदिर के प्रथम तल पर बनने वाले राम दरबार की मूर्तियां संगमरमर की बनेंगी। साथ ही परकोटे में बनने वाले छह मंदिर और जन्मभूमि परिसर में शेषावतार, सप्त ऋषियों के मंदिरों के गर्भगृह में मूर्तियों के निर्माण की तैयारी भी शुरू हो गई है। इन मूर्तियों को भी संगमरमर की शिलाओं से बनाया जाएगा। जिसकी डिजाइन चित्रकार वासुदेव कामत तैयार कर रहे हैं।

राम मंदिर पर प्रथम तल के बाद के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। मंदिर के 800 मीटर की परिधि में बनाये जा रहे परकोटे में भी छह मंदिरों के निर्माण कार्य की समीक्षा प्रत्येक माह की जा रही है। मूर्तिकारों के साथ रविवार शाम भी मंथन किया गया था। बैठक से पूर्व सोमवार को निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेन्द्र मिश्रा ने कहा कि लक्ष्य है कि दिसंबर 2024 तक मंदिर पूर्ण होना है। मंदिर के निर्माण की समीक्षा की विशेष बैठक बहुत ही महत्वपूर्ण है। पहला निर्णय लिया गया है कि सप्त मंदिर को हम अक्टूबर माह तक पूरा करना चाहेंगे। वहीं दूसरा जो महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि 25 वर्ष पुराने शेषावतार मंदिर की पुरानी आधारशिला परीक्षण में उपयुक्त नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि सप्त मंडपम के लिए जयपुर से संगमरमर खरीदा जा रहा है।



अयोध्या पहुंचे राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्रा।

### टेक्नोलॉजी के जरिए दिखेगा राम मंदिर का इतिहास

सरयू तट स्थित अंतरराष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय में म्यूजियम को टेक्नोलॉजी के जरिए दिखाये जाने का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि म्यूजियम में भगवान राम से सम्बंधित सभी वस्तुएं टेक्नोलॉजी से नई शैली में दिखाने का प्रयास किया जाएगा। वहां मंदिर की खुदाई में मिले अवशेषों को भी रखा जाएगा।

# अयोध्या में प्रशासनिक अधिकारी समेत छह को उम्रकैद की सजा

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**विजय हत्याकांड**


● कोतवाली नगर के साहबगंज में पान खाकर थूकने पर हुआ था विवाद

**अमृत विचार :** बहुचर्चित विजय कुमार गुप्ता हत्याकांड में कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी रामकृष्ण तिवारी समेत छह हत्यारों को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रत्येक पर 96 हजार जुर्माना लगा है। जुर्माने की रकम में से 80 फीसदी वादी मुकदमा को प्रतिकर के तौर पर देने का आदेश हुआ है। यह फैसला सोमवार को विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट के जज मोहिंदर कुमार की अदालत से हुआ।

गिरोह बंद अधिनियम के विशेष लोक अभियोजक विकास शुक्ला और जितेंद्र तिवारी ने बताया कि वारदात 25 अप्रैल 2000 की है। कोतवाली नगर के साहबगंज मोहल्ला निवासी श्यामसुंदर गुप्ता के भतीजे विश्वनाथ और गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव के बीच पान खाकर थूकने के मामले को लेकर विवाद हो गया। गोगा ने यह बात जाकर अपने घर बताई। वहां से श्री कृष्ण तिवारी, रामकृष्ण तिवारी जो अब कलेक्ट्रेट में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं, राजन उर्फ हरि कृष्ण तिवारी, गगन उर्फ गोगा श्रीवास्तव, साजिद व अजय कुमार द्विवेदी असलहा व तलवार से लैस होकर घटनास्थल पर पहुंचे। लाइसेंसी बंदूक और तमंचे से ताबड़तोड़ फायरिंग करके श्याम सुंदर के पुत्र विजय गुप्ता और उनके पिता अयोध्या कुमार गुप्ता को घायल कर दिया। परिजनों ने घायल अवस्था में दोनों को जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां विजय कुमार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया जबकि अयोध्या का कई दिन तक इलाज चला। प्रशासन ने मामले में गिरोह बंद अधिनियम के तहत कार्रवाई भी सभी आरोपियों पर की थी। इसकी रिपोर्ट मृतक के पिता ने सभी के खिलाफ जानलेवा हमला, हत्या, जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में लिखाई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने सभी धाराओं में आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने सभी छह आरोपियों को जानलेवा हमला, हत्या व गैंगस्टर अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए न्यायिक अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया था। सोमवार को सुनवाई के बाद सभी को सजा सुनाई और जेल भेज दिया।

# टोल टैक्स में बढ़ोतरी जनता के साथ धोखा

**लालगंज, प्रतापगढ़, अमृत विचार:** राज्यसभा में उपनेता प्रमोद तिवारी ने केन्द्र की मोदी सरकार पर चुनाव के ठीक बाद टोल टैक्स व अमूल दूध के दामों में बढोत्तरी को लेकर जनता के साथ एक और छल तथा विश्वासघात बताया। चुनाव के ठीक बाद टोल टैक्स में पांच प्रतिशत टैक्स बढोत्तरी से सफर मंहगा हुआ है। अमूल तथा मदर डेयरी ने दूध के दामों में दो रुपये प्रति लीटर बढोत्तरी के सरकार के फैसले से बच्चों की खुराक तक मंहगी हुई है। कहा मंहगाई का एम से भाजपा का जुड़वा रिश्ता है। चुनाव आयोग में कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन द्वारा मतगणना में ईवीएम की गिनती से पहले बैलेट पेपर गिने जाने को कानूनन जायज बताया है। कहा कि 1961 में बने कानून के तहत अब तक सबसे पहले पोस्टल बैलेट की ही गिनती होती आयी है। पहले भी पोस्टल बैलेट और बाद में बैलेट की गिनती होती रही अब पहले पोस्टल बैलेट तथा ईवीएम की गिनती की प्रक्रिया बनायी गयी है। विपक्ष ने आयोग से यही आशंका जतायी है कि आखिर इस बार मतगणना की व्यवस्था में पोस्टल बैलेट को पहले न गिने जाने का आधार क्या है?



प्रमोद तिवारी

# सो रहे युवक को पीट पीटकर मार डाला

संवाददाता, बसखारी, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार:** बरात में हुए विवाद के बाद दबंगों ने घर पर सो रहे एक युवक की लाठी-डंडों से पिटाई कर उसे मौत के घाट उतार दिया है। मामला हंसवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सैदपुर लडुआडीह गांव के दलित बस्ती का है। जहां पर सुनील कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र दयाराम गांव के ही राम गति के पुत्र धीरज की करौंदी लाला जहांगीरगंज गई बारात से लौटकर अपने घर पर सो रहा था।

आरोप है कि बीती रात्रि गांव के ही घनश्याम पुत्र स्वर्गीय बहादुर, दिलीप पुत्र राजेश व अंबेश पुत्र राम सहाय ने गहरी निद्रा में सोए हुए सुनील कुमार के ऊपर लाठी-डंडों से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। हमले की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग जब तक जागते हैं। तीनों हमलावर मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि बारात में ही सुनील कुमार और उपरोक्त आरोपियों के बीच द्वार पूजा के समय नाचने-गाने को लेकर कहा सुनी हो गई थी। जिससे खुन्नस खाए आरोपियों ने इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए मृतक के भाई अनिल कुमार के प्रार्थना पत्र पर उपरोक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध मामले से संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर त्वरित कार्रवाई कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। उधर, घटनास्थल पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे व क्षेत्राधिकारी टांडा शुभम कुमार ने मृतक के परिवार को ढांढस बढ़ाया और कार्रवाई का भरोसा दिया।

## धर्म दर्शन

# पौराणिक नदी सरयू

अंग्रेजों की घाघरा या गोगरा, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भागों की शारदा, किंतु धर्मप्राण सनातनियों और बहुसंख्यक हिन्दुओं की परम पुनीत सरयू नदी को ही 'रामप्रिया' तथा 'देविका' नाम से भी संबोधित किया गया है। इसकी यशोगाथा के चतुर्दिक प्रचार में सराहनीय भूमिका निभाने वाले ब्राह्मणों का सम्मानित संबोध नहीं 'सरयूपारीण' बन गया है।

रामायण में राजा दशरथ की राजधानी तथा मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या की चरण पखारने वाली पवित्र नदी सरयू, श्रीराम के जन्म से लेकर उनके वनगमन, पुनरागमन और अंत में स्वयं में जलसमाधि के साथ, महाप्रयाण की साक्षी रही है। करोड़ों लोगों की आस्था का आकर्षण केन्द्र रही है, श्री राम की प्रिया 'रामप्रिया' सरयू या 'सरजूमाई'।

अयोध्या की युगयुगीन पहचान रही है। साधु-संतों तथा तपस्वियों की पूजनीय और असंख्य श्रद्धालुओं की पाप नाशिनी सरयू। चिकित्सा विज्ञान में भी सरयू के जल में औषधीय गुणों का समावेश वर्णित है। रामचरितमानस में महाकवि तुलसीदास ने स्वयं श्रीराम के मुख से अयोध्या पुरी तथा सरयू नदी की महिमा का बखान इस चौपाई में करा किया है- 'अवधपुरी मम पुरी सुहावनि। उत्तर दिशि बह सरयू पावनि।।' मानस का यह कथन, अथर्ववेद की उस उक्ति का स्मरण दिला देता है, जहां अयोध्या को 'ईश्वर पुरी' कहा गया है।

महाभारत के आदि पर्व (169/20-21) में सरयू की गणना हिमालय के स्वर्ण शिखर से निकलने वाली गंगा की सात धाराओं में की गई है और कहा गया है कि जो इसका जल पीते हैं, उनके पाप नष्ट हो जाते हैं। महाभारत के सभापर्व (8/22) में उनकी वरुण की सभा में उपस्थिति और वरुण की उपासना उल्लिखित है। पाण्डवों की राजधानी इन्द्रप्रस्थ से जरासंध की राजधानी गिरिव्रज को जाते समय श्री कृष्ण, अर्जुन तथा भीमसेन ने इसको पार किया था (सभा.20/28)। वनपर्व (222/22) में सरयू को अग्नि की उत्पत्ति का स्थान बताया गया है।

भीष्म पर्व (2/19) के अनुसार यह भारत की उन सात नदियों में एक है जिसका जल वहां की प्रजा पीती है। अनुशासन पर्व (155/23-24) में अंकित है कि वसिष्ठ जी कैलास की ओर जाती हुई गंगा को मानसरोवर लाए। यहां आते ही गंगा ने मानसरोवर का बांध तोड़ दिया था। सरोवर के भेदन से निकले जलस्रोत का नाम सरयू पड़ा। स्पष्ट है कि यहां मानसरोवर से गंगा की उत्पत्ति संकेतित है।




डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

# बरगद की आराधना का पर्व

ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि से अमावस्या तक उत्तर भारत और इसी माह के शुक्ल पक्ष में इन्हीं तिथियों में दक्षिण भारत में वट सावित्री का व्रत और पूजा आस्था के साथ सौभाग्यवती महिलाएं अपने अखंड और दीर्घकाल तक के सौभाग्य के लिए करती हैं।

वट प्रजाति के वृक्षों में बरगद के साथ पीपल, गूलर, पाकर, ढेसूर पेड़ शामिल हैं। अपनी टहनियों से स्वयं को वेष्टित (स्वयं को लपेट लेना) करने के कारण ये वटवृक्ष हैं। इसमें सबसे अधिक वेष्टन करने वाला वृक्ष बरगद ही है। ढेसूर तो चट्टानी पहाड़ों के पत्थरों पर उगता है, पीपल अहर्निश आक्सीजन देता है, लेकिन बरगद तो धरती को आग का गोला होने से बचाता है। केवल भारत में नहीं, बल्कि कई विकसित देशों में इन पेड़ों का नामकरण धर्म के साथ जोड़कर फाइबर रिलीजियस, फाइकस ग्लूमेरेटियस आदि से किया गया है। अरब देशों में भी भारत में पूजे जाने वाले अनेक वृक्षों को महत्व दिया जाता है। इस तरह के वृक्षों को आजाद-ए-दरख्त-ए-हिन्द कहा जाता है। वट-सावित्री व्रत के दौरान बरगद की विधिवत पूजा की जाती है। तीन दिन के व्रत में पहले दिन एक वक्त आहार (नक्तव्रत) लेकर व्रत का संकल्प, दूसरे दिन फलाहार और अंतिम दिन अमावस्या को पेय पदार्थो के साथ व्रत का विधान है।

तीन दिवसीय जितने व्रत हैं उसमें इन नियमों का पालन करने का विधान है। सबसे पहले विमाता सुरुचि के अपमान से आहत उत्तानपाद के पुत्र बालक ध्रुव ने 15-15 दिनों तक इस नियम का पालन किया था। जिस पर प्रसन्न होकर स्वयं नारायण को आना पड़ा था। इन व्रतों के माध्यम से मानव खुद को प्रकृति के साथ संघर्ष और तालमेल दोनों बनाता है। वटसावित्री व्रत की मान्यता तो सत्ययुग में पतिव्रता सावित्री द्वारा अपने पति को कठोर तपस्या के बल पर यमराज के बंधन से मुक्त कराने से जुड़ी है, लेकिन त्रेता में श्रीराम एवं द्वापर में योगेश्वर श्रीकृष्ण ने भी इन पेड़ों की पूजा की।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर


## वर्ग पहेली-90

**बाएं से दाएं**

1. बड़े पर्वत या पहाड़ के पास का भाग जहां से पहाड़ की चढ़ाई शुरू होती है, पहाड़ी।
3. ऐसी भूमि जो निश्चित और नियत रूप से ख़िराज देने की व्यवस्था के लिए अधिगृहीत की गई हो।
4. 1. मोटी
5. 1. छोटे-छोटे कीड़े 2. कीटाणु समूह।
6. छोटी नालियों आदि को पार करने के लिए लोहे या लकड़ी से निर्मित छोटा पुल।
7. मज़बूत रबर की गेंद और जालीदार बल्ले (रैकिट) की सहायता से खेला जाने वाला एक प्रतियोगी खेल जिसमें दोनों तरफ़ एक-एक या दो-दो खिलाड़ी रहते हैं।
8. 1. परोसा हुआ भोजन 2. वह पत्तल जिसमें एक आदमी के खाने-भर का भोजन रखा गया हो।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. वह व्यक्ति जो पुरुषों में श्रेष्ठ हो 2. परमात्मा 3. विष्णु।




### वर्ग पहेली -89 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 मं | था | न | | 2 सं | पा | त |
| दि | | | | को | | |
| र | | | | च | | 3 गो |
| | 4 अ | पो | 5 ह | न | | टी |
| | भि | | म | | 6 ठे | |
| 7 ख | जा | | 8 पा | ठि | क | |
| | त | | या | | ना | |

## सुडोकू -3

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 6 | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 6 | | 9 |
| | 8 | 2 | | | | 1 | | |
| 2 | | 4 | | | 6 | | | |
| 8 | | 6 | 1 | | 9 | 4 | | 2 |
| | | | 7 | | | 8 | | 5 |
| | | 7 | | | | 3 | 4 | |
| 1 | | 3 | 5 | | | | 2 | |
| | 6 | | | 3 | | 5 | | |

### सुडोकू -2 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 8 | 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 8 | 2 | 1 | 9 | 3 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 9 | 6 | 8 | 2 |
| 3 | 7 | 9 | 6 | 5 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 6 | 5 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 | 4 | 9 |
| 2 | 4 | 1 | 8 | 9 | 7 | 5 | 3 | 6 |
| 5 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 6 | 1 |
| 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 जून मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 22.01 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष:** आज आप लोगों से काफी अच्छी तरह से बात करेंगे जिससे लोग आपसे प्रभावित रहेंगे। स्वादिष्ट भोजन का आनंद ले सकते हैं। शेयर मार्केट में निवेश को लेकर उत्साहित रहेंगे। अपनी परिस्थितियों को लेकर के रोष समाप्त होगा। धन कमाने के नए मौके मिल सकते हैं।

**वृष:** आज दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने से पूर्व उसे अच्छी तरह से जांच लें। भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। विदेशी भूमि से कारोबार अथवा नौकरी के ऑफर मिल सकते हैं। आपका धन काफी खर्च हो सकता है।

**मिथुन:** आज जॉब में आपकी पदोन्नति हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई के साथ व्यवसाय को लेकर भी विचार कर सकते हैं। सहकर्मियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। आप काफी प्रसन्न रहेंगे। दांपत्य संबंध काफी रोमान्टिक होने वाले हैं।

**कर्क:** आज अटके हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। यदि आप किसी से प्रेम करते हैं तो उनसे अपने हृदय की बात कह सकते हैं। धनी और प्रभावशाली लोगों से आपका संपर्क मजबूत होगा। स्वास्थ्य समस्याओं का निवारण होगा।

**सिंह:** आज आपसे काफी प्रभावी लोग जुड़ेंगे जो आपको अच्छे प्रपोजल भी दे सकते हैं। युवा लोग नए कारोबार को लेकर उत्साहित रहेंगे। इंटरव्यू आदि में उत्तम सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आप परिस्थितियों को समझने में चूक कर सकते हैं।

**कन्या:** आज आप कुछ अधार्मिक हो सकते हैं। धन उधार देने से बचें। कानूनी मामलों को फिलहाल टालना ही हितकर होगा। आपको अपने भविष्य को लेकर कुछ चिंता होगी। विवादित विषयों पर टिप्पणी न करें।

**तुला:** आज सेहत से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। आय के दूसरे स्रोतों पर काम करने के लिए समय उत्तम है। विपरीत लिंग के लोग आपसे ज्यादा आकर्षित हो सकते हैं। आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। अध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में हो सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज पैतृक संपत्ति आपको प्राप्त हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं के परिणाम आपके पक्ष में होंगे। व्यवसाय में पार्टनर्स के साथ आपके संबंध अच्छे होंगे। समाज से जुड़े कार्यों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। बच्चे स्पोर्ट्स में विशेष रुचि ले सकते हैं।


**धनु:** आज प्रेमी जन को महंगा उपहार दे सकते हैं। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने एकाउन्ट्स को लेकर काफी सतर्क रहें। कुछ लोग आपके साथ धोखाधड़ी कर सकते हैं। आपकी दिनचर्या में अच्छी आदतें जुड़ सकती है।

**मकर:** आज राजनीति से जुड़े लोगों को बहुत अच्छी खबरें मिल सकती है। आप लोगों के लिए काफी सम्मानित रहेंगे। अपने कौशल विकास पर आप ध्यान दे सकते हैं। विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज व्यवसाय में अपनी कार्ययोजना में सुधार करेंगे। आप घर में भी साफ-सफाई पर काफी ध्यान देंगे। नए वस्त्र अथवा महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों पर धन खर्च होगा। ऐसे सभी कार्य जो अटके हुए थे, वह पूर्ण रूप से सुलझ सकते हैं।

**मीन:** आज तीर्थ क्षेत्र की यात्रा की योजना बना सकते हैं। नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे। जीवनसाथी आपका काफी ध्यान रखेगा। आप धन को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे, लेकिन परिजन के विषय में खबर सुनकर मन प्रसन्न होगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 22.35 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
करिश्मा कुदरत का — सुबह : 10.11
जागृति — शाम : 05.00

**Sony Pix**
रैमपेज — सुबह : 10.21
मॉन्स्टर हंटर — रात : 07.12

**&pictures**
चुप — सुबह : 10.53
रुस्तम — रात : 08.00

**Zee Cinema**
लाडला — सुबह : 09.35
सत्याग्रह — रात : 07.25

**Colors Cineplex**
मोहब्बत — दोपहर : 12.00
देवदास — रात : 06.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर- दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट- 50 वर्ष।
टीचर- सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट- मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति- मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी- मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति- मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी- अजवाइन।

## एक नजर

### आईएसआईएस से जुड़े 17 लोगों पर चार्जशीट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने सोमवार को प्रतिबंधित वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस से जुड़े 17 लोगों के खिलाफ युवाओं को कट्टरपंथी बनाने की साजिश में शामिल होने के संबंध में आरोपपत्र दाखिल किया। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, एनआईए ने मार्च 2023 में तीन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था और सोमवार को दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत के समक्ष 17 अन्य के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया। इन 17 आरोपियों में से 15 महाराष्ट्र से जबकि एक-एक उत्तराखंड और हरियाणा से हैं।

### रेव पार्टी मामले में तेलुगु अभिनेत्री हेमा गिरफ्तार

बेंगलुरु। रेव पार्टी मामले की जांच कर रही केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) ने सोमवार को तेलुगु फिल्म अभिनेत्री हेमा से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया। इस पार्टी का आयोजन इलेक्ट्रॉनिक सिटी के निकट एक फार्म हाउस में 19 मई को किया गया था। सीसीबी ने हेमा को सोमवार को अपने दफ्तर बुलाया था। उनका जवाब संतोषजनक नहीं रहने के कारण उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

### पंपसेट में फंसी स्कर्ट, नौ वर्षीया बालिका की मौत

कासगंज। थाना सुन्नगढ़ी के गांव शहवाजपुर में पंपसेट पर पानी पीने गई नौ वर्षीय बालिका की स्कर्ट पंप में फंस गई जिससे उसकी मौत हो गई। गांव शहवाजपुर निवासी दीन मोहम्मद के खेत में पंपसेट से सिंचाई की जा रही थी। गांव के बृजेश की नौ वर्षीया पुत्री कामिनी पानी पीने गई। तभी उसकी स्कर्ट पंपसेट के पट्टे में फंस गई, जबतक पंपसेट को बंद किया गया कामिनी की मौत हो चुकी थी। बृजेश और परिजन मौके पर पहुंचे और शव को देखकर विलाप करने लगे।

## अधिकारियों और मालिकों ने बरती लापरवाही

अहमदाबाद : राजकोट के टीआरपी गेम जोन में 25 मई को लगी भीषण आग के लिए इसके संचालकों के साथ-साथ राजकोट नगर निगम, शहर पुलिस और सड़क एवं भवन विभाग के अधिकारियों की गंभीर लापरवाही जिम्मेदार थी। गुजरात सरकार द्वारा गठित एसआईटी ने यह जानकारी दी। एसआईटी ने अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा कि संचालकों ने यह जानते हुए भी कि निर्माण सामग्री अत्यधिक ज्वलनशील है, वहां प्रस्तावित स्नो पार्क के निर्माण के लिए वेल्डिंग का काम किया। कहा कि गेमिंग जोन का बुनियादी ढांचा आग की आपात स्थितियों से निपटने के लिए तैयार भी नहीं था।

**खस्ताहाल स्वास्थ्य व्यवस्था : बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर में डॉक्टरों के 909 में 428 पद रिक्त**

# बरेली मंडल में डॉक्टरों के 52 फीसदी पद खाली, इलाज बना चुनौती

अंकित चौहान, बरेली



- सिर्फ 481 पदों पर ही तैनाती बेहतर इलाज के दावे हवा-हवाई
- अफसर पत्राचार तक ही सीमित जन प्रतिनिधि भी खामोश

अमृत विचार : सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर इलाज देने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन आंकड़े बता रहे हैं पूरे मंडल में 52 फीसदी डॉक्टरों के पद खाली हैं। इन पदों पर 12 वर्षों से कोई नई तैनाती नहीं हुई है। विभागीय अफसरों की ओर से रिक्त पदों को भरने के लिए शासन से कई बार पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन स्थिति जस की तस है। इससे मरीजों का दर्द कम होने की बजाय बढ़ रहा है। जनप्रतिनिधि भी खामोश हैं।

मंडल के चार जिलों में बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के सरकारी अस्पतालों में रोजाना सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में 55 हजार से अधिक मरीजों की भीड़ पहुंच रही है, लेकिन डॉक्टरों की कमी के कारण मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है। अपर निदेशक स्वास्थ्य कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार मंडल में डॉक्टरों के कुल 909 पद सृजित हैं। सिर्फ 481 पदों पर डॉक्टरों की तैनाती है। करीब 12 वर्षों से 428 डॉक्टरों के पद रिक्त हैं। बरेली में सीएमओ के अधीन डॉक्टरों के कुल 235 पद हैं, जिसके सापेक्ष 156 डॉक्टर तैनात हैं, पीलीभीत में 110 पदों के सापेक्ष 58, बदायूं में 205 के सापेक्ष 111 और शाहजहांपुर में 184 पदों के सापेक्ष महज 75 डॉक्टर तैनात हैं।

**जिला अस्पतालों में डॉक्टरों की स्थिति**

| जिला | पद | तैनाती |
|---|---|---|
| बरेली - | 42 | 29 |
| बदायूं - | 32 | 17 |
| पीलीभीत - | 11 | 5 |
| शाहजहांपुर - | 52 | 10 |

**जिला महिला अस्पतालों में डॉक्टरों की स्थिति**

| जिला | पद | तैनाती |
|---|---|---|
| बरेली - | 15 | 8 |
| बदायूं - | 12 | 5 |
| पीलीभीत - | 12 | 3 |
| शाहजहांपुर - | 2 | 0 |

### 58 स्वास्थ्य केंद्रों पर भी इलाज हो रहा प्रभावित

विभागीय आंकड़ों के अनुसार मंडल के चारों में जिलों में कुल 58 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र यानी सीएचसी संचालित हो रही हैं। रोजाना एक सीएचसी पर करीब एक हजार मरीज ओपीडी में आते हैं, लेकिन डॉक्टरों की कमी के चलते मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है। शहरी क्षेत्र के मरीजों की भीड़ जिला अस्पतालों में उमड़ रही है, यहां भी डॉक्टरों की कमी है। शाहजहांपुर जिला महिला अस्पताल में डॉक्टरों के दो पद सृजित हैं, लेकिन यहां कोई स्थाई डॉक्टर नहीं है। संविदा चिकित्सकों के सहारे मरीजों को इलाज दिया जा रहा है। जिसके चलते मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

> स्थाई डॉक्टरों के पदों पर लंबे समय से तैनाती नहीं हो सकी है। हालांकि डॉक्टरों की कमी को दूर करने के लिए वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से भर्ती की जा रही हैं। शासन स्तर से भी रिक्त पदों की सूचना मांगी गई है। जल्द डॉक्टरों की कमी दूर होगी। -डॉ. पुष्पा पंत, एडी हेल्थ, बरेली मंडल

> बीते दिनों चयनित हुए सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को आचार संहिता खत्म होने के बाद तैनाती मिल जाएगी। चिकित्सकों की नियुक्ति होने पर डॉक्टरों की कमी दूर हो जाएगी। - डॉ. बृजेश राठौर, महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

# गर्मी को देखते हुए वृक्षों की कटाई पर जुलाई तक लगाई गई रोक

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- इलाहाबाद में सड़क चौड़ीकरण के चलते वृक्षों के काटने का मामला
- राज्य सरकार ने हाई कोर्ट में कटाई पर रोक का दिया आश्वासन

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने सड़क चौड़ीकरण के कारण निरंतर होने वाली पेड़ों की कटाई के संबंध में दाखिल याचिका पर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा था, जिस पर सरकार ने आश्वासन दिया कि जून और जुलाई के महीने में प्रयागराज में पेड़ों की कटाई नहीं की जाएगी। अत्यधिक गर्मी को देखते हुए पेड़ों की कटाई को कुछ समय के लिए टाल दिया गया है।

कोर्ट ने उक्त जनहित याचिका पर जुलाई के तीसरे सप्ताह में सुनवाई सुनिश्चित की है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि सड़कों के चौड़ीकरण के नाम पर राज्य सरकार द्वारा पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। आनंद मालवीय नाम के व्यक्ति और अन्य द्वारा दायर इस जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान अधिवक्ता कुणाल रवि सिंह ने सरकार की ओर से अदालत को आश्वस्त किया कि जून और जुलाई के महीने में पेड़ों की कटाई नहीं की जाएगी और जुलाई महीने में वनीकरण के बाद पेड़ों की कटाई का काम दोबारा शुरू किया जाएगा। अधिवक्ता के आश्वासन पर गौर करने के बाद न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को अपना हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अपने हलफनामे में यह भी बताएं कि महात्मा गांधी मार्ग और सरदार पटेल मार्ग में कौन सी प्रजाति के पेड़ लगाये जा रहे हैं। उक्त निर्देश पारित करते हुए कोर्ट ने 31 मई को दिए अपने आदेश में कहा कि शहर का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस का स्तर छू रहा है और इसका एक बड़ा कारण पेड़ों की कटाई और शहर में हरियाली की कमी है।

कोर्ट ने आगे कहा कि समाचारपत्र लू से होने वाली मौत और अस्पतालों में मरीज की भारी भीड़ की खबरों से भरे पड़े हैं। ऐसी स्थिति में समय की जरूरत को समझते हुए यह आवश्यक है कि जुलाई के महीने में वनीकारण कराया जाए और बड़े स्तर पर पेड़ लगाए जाने के प्रयास किए जाएं।

# चेक बाउंस : सुनवाई के लिए केवल स्थानीय क्षेत्राधिकार वाली कोर्ट सक्षम

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- दूसरे जिले में दर्ज मामले को स्थानांतरित करने की मांग को हाई कोर्ट ने किया खारिज

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत दर्ज एक मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि उक्त अधिनियम की धारा 138 के तहत किसी अपराध की जांच और परीक्षण केवल उस न्यायालय द्वारा किया जा सकता है, जिसके स्थानीय क्षेत्राधिकार में चेक वसूली के लिए प्रस्तुत किया गया हो और चेक बाउंस हो गया हो।

ऐसे मामले में शिकायत दर्ज करने का स्थान महत्व नहीं रखता है, जैसा कि वर्तमान मामले में हुआ। इसके साथ ही कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि स्थानांतरित न्यायालय शिकायत को नए सिरे से सुनने के बजाय उस चरण से आगे बढ़ना जारी रखेगा, जहां पर पूर्व न्यायालय ने मामले को छोड़ा है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरुण कुमार सिंह देशवाल की एकलपीठ ने इंद्रवीर सिंह और अन्य की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। दरअसल याचियों ने वर्तमान याचिका में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट की धारा 138 के तहत पुलिस स्टेशन कोतवाली उरई, जिला जालौन में दर्ज संपूर्ण आपराधिक कार्यवाही को निरस्त करने की मांग की गई थी। याचिका में न्यायिक मजिस्ट्रेट, जालौन के न्यायालय में लंबित मामले को उरई अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया गया था जबकि उरई न्यायालय के पास संबंधित क्षेत्राधिकार नहीं है। स्थानांतरण आवेदन इस आधार पर किया गया था कि विवादित चेक भारतीय स्टेट बैंक, जालौन में भुगतान के लिए प्रस्तुत किया गया था, लेकिन शिकायत उरई में दर्ज की गई थी। अतः याचियों का अनुरोध था कि मामले पर उरई की अदालत में सुनवाई होनी चाहिए।

# कोर्ट में अधिवक्ता के माध्यम से अभियुक्त की उपस्थिति हिरासत ही मानी जाती है

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- कोर्ट ने जमानत आवेदन की आवश्यकता को किया स्पष्ट

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अग्रिम जमानत से जुड़े एक मामले में अपनी महत्वपूर्ण टिप्पणी में कहा कि अगर एक अभियुक्त जमानत के लिए अपने अधिवक्ता के माध्यम से ट्रायल कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत होता है तो उसे अदालत की हिरासत में ही माना जाएगा।

सीआरपीसी की धारा 439 के तहत दर्ज मामलों में जमानत के लिए दाखिल आवेदन को इस आधार पर खारिज नहीं किया जा सकता है कि अभियुक्त ने खुद को अदालत की हिरासत में प्रस्तुत नहीं किया या उसे जांच अधिकारी द्वारा आरोप-पत्र प्रस्तुत करते समय गिरफ्तार नहीं किया गया है। कोर्ट ने जमानत आवेदन की आवश्यकता को स्पष्ट करते हुए कहा कि कोर्ट के समक्ष अधिवक्ता के माध्यम से अभियुक्त की उपस्थिति हमेशा हिरासत ही मानी जाती है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर कुमार यादव की एकलपीठ ने वीर सिंह और तीन अन्य की द्वितीय अग्रिम जमानत को स्वीकार करते हुए की। मालूम हो कि अभियुक्तों के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत थाना कोतवाली कालपी, जालौन, उरई में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### पॉक्सो के आरोपी प्रिंसिपल के मामले में जवाब तलब

प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पोक्सो एक्ट के तहत आरोपी एक प्रिंसिपल के मामले में सुनवाई करते हुए पीड़ित पक्ष को नोटिस जारी किया और सरकार को मामले में जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई। आरोपी प्रधानाचार्य डॉ राजीव पांडेय के खिलाफ आईपीसी और पोक्सो एक्ट की धाराओं के तहत पुलिस स्टेशन- वेव सिटी, गाजियाबाद में 22 अगस्त 2023 को पीड़िता के पिता सुशील यादव द्वारा मामला पंजीकृत करवाया गया।

## ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में लगी भीषण आग, सभी यात्री सुरक्षित

- दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के सरिता विहार में हुआ हादसा

नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण-पूर्व दिल्ली के सरिता विहार इलाके में सोमवार को ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लग गई। हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है, यात्री समय रहते प्रभावित डिब्बों से बाहर निकलने में सफल रहे। आग लगने के कारणों का तत्काल पता नहीं चला। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारी ने बताया कि हमें अपराह्न चार बजकर 24 मिनट पर ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगने की सूचना मिली। आग बुझाने के लिए दमकल के आठ वाहनों को मौके पर भेजा गया है और आग पर शाम पांच बजकर 43 मिनट पर काबू पा लिया गया। इससे पहले अधिकारियों ने चार डिब्बों में आग लगने की बात कही थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस कर्मी अपोलो अस्पताल के नजदीक स्थित घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पाया गया कि ताज एक्सप्रेस के तीन डिब्बों में आग लगी है। ट्रेन रुकी हुई थी। उन्होंने बताया कि डी3 और डी4 डिब्बे पूरी तरह जल गए हैं जबकि डी2 को आंशिक नुकसान हुआ है।

# रैबीज से प्रभावित किशोर ने परिजन को काटा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- 12 वर्षीय किशोर को 10 दिन पहले एक पागल कुत्ते ने काटा था
- मोहल्ले वालों को भी काटने को दौड़ाया, अस्पताल में तोड़ा दम

अमृत विचार : 12 वर्षीय किशोर को पागल कुत्ते ने काट लिया। रैबीज का असर हुआ तो उसने परिवार के लोगों को काटना शुरू कर दिया। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई।

रुद्रपुर में वार्ड नंबर तीन संजयनगर निवासी गोविंद सरकार के 12 वर्षीय पुत्र विक्की को पागल कुत्ते ने काट लिया था, परिवार इस बात से अनजान था। रविवार की सुबह विक्की ने अपने पिता गोविंद की उंगुली में काट लिया। इसके बाद अपने दोनों छोटे भाइयों को भी काट लिया। बेकाबू विक्की ने मोहल्ले वालों को भी काटने की कोशिश की। परिजन उसे किसी तरह अस्पताल लेकर पहुंचे। विक्की के मुंह से लार निकल रहा था, वह कुत्ते की तरह हरकतें कर रहा था। जिला अस्पताल रुद्रपुर में हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे हल्द्वानी के डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। यहां दो घंटे उपचार के बाद उसकी मौत हो गई।

## खाद्य पदार्थ निर्माता उत्पादों से हटाएं 100% फलों के रस का लेबल

- एफएसएसएआई ने जारी किया आदेश

नई दिल्ली : भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) को अपने उत्पादों पर से फलों के रस के लेबल और विज्ञापनों से 100 प्रतिशत फलों का रस के किसी भी दावे को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि एफएसएसएआई ने सभी एफबीओ को इस वर्ष एक सितंबर से पहले सभी मौजूदा प्री-प्रिंटेड पैकेजिंग सामग्री को समाप्त करने का भी निर्देश दिया है। एफएसएसएआई ने जांच में पाया है कि कई एफबीओ गलत तरीके से विभिन्न प्रकार के फलों के रसों का विपणन कर रहे हैं और वे 100 प्रतिशत फलों के रस का दावा करते हैं। एफएसएसएआई ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक (विज्ञापन और दावे) विनियम, 2018 के अनुसार, 100 प्रतिशत दावा करने का कोई प्रावधान नहीं है। एफएसएसएआई ने कहा है कि ऐसे दावे भ्रामक हैं और खासकर उन फलों के रस का मुख्य घटक पानी है।

# मूल आवेदन से अलग नए तथ्यों के साथ पुनरीक्षण याचिका विचारणीय नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज



- हाई कोर्ट ने अधीनस्थ न्यायालयों की भूमिका व कार्य स्पष्ट किया

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान अधीनस्थ न्यायालयों की भूमिका और कार्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि न्यायालय का कर्तव्य रिकॉर्ड पर उपलब्ध तथ्यों पर भली प्रकार विचार कर एक न्यायोचित आदेश पारित करना है।

अगर न्यायालय अपना कार्य गंभीरतापूर्वक नहीं करेंगे तो संभव है कि न्याय के लक्ष्य को पाना कठिन हो जाएगा। कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए पुनरीक्षण न्यायालय की क्रियाविधि पर आपत्ति जताते हुए कहा कि तथ्यों से परे पुनरीक्षण पर विचार नहीं किया जा सकता है, जो मूल आवेदन का हिस्सा ना हों। पुनरीक्षण मूल आवेदन में उल्लिखित तथ्य तक ही सीमित होना चाहिए। सीपीसी के आदेश 13 नियम 10(1) के तहत मूल आवेदन से अलग पुनरीक्षण आवेदन में किसी भी नए तथ्य को शामिल करते हुए उस पर अंतरिम आदेश पारित करना कानून की दृष्टि से गलत है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी की एकलपीठ ने गोपाल जी अग्रवाल की याचिका को स्वीकार कर पुनरीक्षण न्यायालय, आजमगढ़ द्वारा पारित विवादित आदेश को रद करते हुए पारित किया। कोर्ट ने पुनरीक्षण न्यायालय के साथ-साथ निष्पादन न्यायालय की भूमिका को भी स्पष्ट करते हुए कहा कि निष्पादन न्यायालय उस निर्णय और डिक्री की अपील पर सुनवाई नहीं कर सकता, जिसे निष्पादित किया जाना है। वह निर्णय और डिक्री की वैधता की जांच भी नहीं कर सकता। उक्त न्यायालय के पास निर्णय और डिक्री से आगे जाने का कोई क्षेत्राधिकार नहीं होता है, लेकिन उसे निष्पादित करने का अधिकार है। अंत में कोर्ट ने मौजूदा मामले में निष्पादन न्यायालय को कानून के अनुसार मौजूदा मामले में आगे बढ़ने और तथ्यों पर विचार करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन कार्यवाही पूरी करने का निर्देश दिया।

### अफजाल अंसारी की अपील पर सुनवाई 2 जुलाई को

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट में गाजीपुर सांसद अफजाल अंसारी के मामले में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार और बीजेपी के पूर्व विधायक कृष्णानंद राय के परिवार की अर्जियों पर औपचारिक तौर पर अपीलकर्ता अफजाल अंसारी के अधिवक्ताओं ने आपत्ति दाखिल की। मालूम हो कि अफजाल अंसारी ने रविवार को प्रयागराज जाकर हाईकोर्ट में जरूरी औपचारिकताएं पूरी कर दी थीं, जिससे सोमवार को सुनवाई में कोई समस्या ना हो। अब इस मामले की सुनवाई आगामी 2 जुलाई को होगी। मालूम हो कि गाज़ीपुर एमपी/ एमएलए कोर्ट से पिछले साल गैंगस्टर एक्ट के तहत मिली 4 साल की सजा के आदेश को अफजाल अंसारी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। बता दें कि गाजीपुर के निवर्तमान सांसद अफजाल अंसारी को इस बार भी सपा से प्रत्याशी बनाया गया है।

# जानकारी के अभाव में अंकों का गलत उल्लेख सेवा समाप्ति का आधार नहीं

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- सहायक अध्यापक भर्ती में ग्रेस मार्क जोड़कर किया था आवेदन

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने चयन प्रक्रिया के मानदंड को स्पष्ट करते हुए कहा कि नियुक्ति की चयन प्रक्रिया में अगर किसी भी कारण से अंकों का गलत उल्लेख किया गया हो तो उम्मीदवारी रद की जा सकती है, लेकिन वर्तमान मामले में याची ने अंकों का सही उल्लेख किया है।

अतः उसके चयन को रद करने का कोई आधार नहीं बनता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति पीयूष अग्रवाल की एकलपीठ ने सुरजीत सिंह की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया। दरअसल वर्ष 2018 में प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापकों के 69000 पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए। याची जनवरी 2019 में उक्त पद के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में शामिल हुआ और 64.23 प्रतिशत अंकों के साथ सफल घोषित हुआ। वर्ष 2021 में उसने आवंटित संस्थान में अपनी सेवाएं देनी शुरू कर दीं। इसके बाद याची के खिलाफ कुछ शिकायतें की गईं। परिणामस्वरूप उसे नोटिस जारी की गई, जिसके जवाब में याची ने बताया कि हाईस्कूल के अंकों में उसे गणित में ग्रेस मार्क मिले थे, क्योंकि उसे यह नहीं पता था कि आवेदन करते समय प्राप्त कुल अंकों में ग्रेस मार्क नहीं जोड़ने हैं।

अतः उसने ग्रेस मार्क्स को जोड़कर प्राप्त अंकों की गणना कर दी। इसी आधार पर याची के खिलाफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बदायूं द्वारा 2022 में उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

## उत्तराखंड

# धामी ने हरिद्वार के चारधाम यात्रा कार्यालय का किया निरीक्षण

ब्यूरो, हरिद्वार



यात्रियों से जानकारी लेते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

- सुविधा एवं यात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर श्रद्धालुओं से की बात

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को ऋषिकुल मैदान स्थित चारधाम यात्रा पंजीकरण केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं से बात भी की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा हरिद्वार से शुरू होती है। विगत दिनों यात्रियों की संख्या अधिक होने से ऑफलाइन पंजीकरण बंद किया गया था, जिसे खोल दिया गया है। चारधाम वाले जनपदों में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। श्रद्धालुओं की संख्या एवं व्यवस्थाएं सामान्य रहने पर ऑफलाइन पंजीकरण बढ़ाया जाएगा। मानसून के दृष्टिगत जो भी व्यवस्थाएं की जानी होंगी, वह भी सुनिश्चित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं से अपेक्षा की कि यात्रा के लिए पंजीकरण के अनुसार जो तिथि मिली है, उसके अनुसार दर्शन के लिए आएं। उन्होंने श्रद्धालुओं से स्वास्थ्य परीक्षण और मौसम का पूर्वानुमान देखने के बाद ही यात्रा का अनुरोध किया।

# बिजली गिरने से 80 बकरियों की मौत

संवाददाता, अल्मोड़ा

- सामाजिक कार्यकर्ता ने उठाई मुआवजा दिए जाने की मांग

अमृत विचार : पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदलता और बिगड़ता जा रहा है। रविवार देर शाम प्रदेश के सीमांत जिले पिथौरागढ़ के मुनस्यारी विकास में अचानक तेज अंधड़ और तूफान आ गया। इस दौरान विकास खंड के विभिन्न गांवों के पशुपालकों की करीब 80 बकरियां आकाशीय बिजली की चपेट में आ गई और उनकी मौत हो गई। जिसके बाद पशुपालक खासे निराश हैं।

रविवार देर शाम मुनस्यारी विकास खंड के होकरा, गोला, खोयम गांव निवासी जसमल सिंह, गंगा सिंह, किशन सिंह, सुर सिंह, जगदीश सिंह और मान सिंह अपनी बकरियों को चराने के लिए पास के जंगल में ले गए थे। इसी बीच अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ गया और तेज अंधड़ के साथ तूफान आने लगा। इस बीच तेज गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरी और जंगल में चर रही करीब 80 बकरियों की मौत हो गई। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता भगत वाछमी ने प्रभावित पशुपालकों को आपदा मद से मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

# योगदा आश्रम पहुंचे अभिनेता रजनीकांत

संवाददाता, अल्मोड़ा



- संन्यासियों से की मुलाकात महावतार गुफा में लगाया ध्यान

अमृत विचार : दक्षिण भारतीय और हिंदी फिल्मों के मशहूर अभिनेता रजनीकांत प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी उत्तराखंड के बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम के दर्शन कर द्वाराहाट स्थित योगदा आश्रम पहुंचे हैं। यहां पहुंचने पर आश्रम के सन्यासियों ने पुष्प गुच्छ देकर उनका भव्य स्वागत किया।

रविवार को योगदा आश्रम पहुंचे अभिनेता रजनीकांत ने यहां पहुंचने पर आश्रम के सन्यासियों से मुलाकात की और उसके बाद आश्रम परिसर में स्थित कृष्ण मंदिर तथा ध्यानमंदिर के दर्शन किए और योगदा संन्यासियों से आध्यात्मिक चर्चा की। उन्होंने आश्रम में प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद भी लिया। सोमवार को रजनीकांत द्वाराहाट से करीब पंद्रह किमी दूर स्थित महावतार गुफा पहुंचे और उन्होंने वहां ध्यान लगाया। अभिनेता रजनीकांत पिछले कई सालों से अपनी आध्यात्मिक यात्रा के दौरान अल्मोड़ा जिले के द्वाराहाट स्थित योगदा आश्रम में आ चुके हैं। पिछले वर्ष वह अगस्त महीने में योगदा आश्रम आए थे। इस बार भी वह अपनी तीन दिवसीय यात्रा के तहत यहां पहुंचे हैं। योगदा आश्रम पहुंचे रजनीकांत ने यहां के प्राकृतिक सौंदर्य की खूब प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि यह ध्यान के लिए काफी माकूल है। रजनीकांत के यहां पहुंचने पर वरिष्ठ स्वामी नित्यानंद गिरि, आश्रम अध्यक्ष स्वामी वासुदेवानंद गिरि, अम्यानंद गिरि, स्वामी धैर्यानंद गिरि आदि ने उनका यहां स्वागत किया और उनके साथ विभिन्न आध्यात्मिक मुद्दों पर चर्चा भी की। इधर रजनीकांत के यहां पहुंचने की खबर के बाद उनके प्रशंसक भी यहां आकर उनसे मिलने का प्रयास कर रहे हैं।




# सिंहासन किसका
## किसको मिलेगी कितनी ताकत

**272** लोकसभा सीटें बहुमत के लिए जीतना जरूरी है

**8360** प्रत्याशियों की किस्मत का होगा फैसला

**01** सीट गुजरात में सूरत लोकसभा भाजपा निर्विरोध जीत चुकी है

**03** लगातार जीत हासिल करके मोदी कर सकते पं. नेहरू के रिकार्ड की बराबरी

**43** केंद्रीय मंत्रियों ने लड़ा है लोकसभा का चुनाव

**12** पूर्व मुख्यमंत्री भी इस बार उतरे हैं चुनावी मैदान में

दिग्विजय सिंह

**अमृत विचार।** 18 वीं लोकसभा की 542 सीटों के लिए सात चरणों में हुए मतदान के बाद चुनाव परिणाम जानने के लिए हर कोई आतुर है। मंगलवार सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होनी है ऐसे में लोगों का ध्यान टीवी चैनलों पर ही रहेगा। सबसे पहले पोस्टल बैलट की गणना होनी है ऐसे में हर कोई जानना चाहेगा कि इसमें किसे सर्वाधिक मत मिले। इसके बाद तो राउंडवार ईवीएम की गणना पर हर किसी की निगाह होगी। मुकाबले में एक तरफ एनडीए और दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन है। एग्जिट पोल्स के निचोड़ के मुताबिक एनडीए गठबंधन 365 और इंडिया गठबंधन 146 तथा अन्य 32 सीटें प्राप्त करते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि कुछ एग्जिट पोल्स में एनडीए के खाते में 400 या अधिक सीटें आने की संभावना जताई गई है। लोकसभा चुनाव के साथ आंध्र प्रदेश और ओडिशा विधानसभा चुनाव के परिणाम भी आएंगे। इस बार 19 अप्रैल से चार जून तक 46 दिन चुनाव प्रक्रिया चली। साल 2019 में 39 दिन में लोकसभा चुनाव पूरे कर लिए गए थे और 67.4 प्रतिशत वोट डाले गए थे, जबकि अबकी बार मतदान प्रतिशत 66.07 प्रतिशत ही रहा है।

### जीत की हैट्रिक और 414 के रिकार्ड पर नजर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास इस बार के चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाकर करके देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के लगातार तीन बार लोकसभा चुनाव जीतने के रिकार्ड की बराबरी करने का मौका है। इसके साथ ही एनडीए गठबंधन की नजर 400 से ज्यादा सीटें जीतकर पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का रिकार्ड तोड़ने की तरफ भी लगी है। 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए चुनाव में राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने 414 सीटें जीती थीं, तब 541 लोकसभा सीटों के लिए मतदान हुआ था।



**2014**
भाजपा ने घर-घर मोदी का नारा दिया था
44 - सीटों पर सिमट गई थी कांग्रेस पार्टी

**2019**
फिर एक बार मोदी सरकार के लिए मांगे वोट
52 - सीटें ही जीतने में सफल हुई थी कांग्रेस

**2024**
अबकी बार 400 पार का चुनावी अभियान
03- अंकों में पहुंच पाएंगी कांग्रेस की सीटें

# कांटे के मुकाबले वाली आधी सीटों पर पिछली बार जीता था एनडीए

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** साल 2019 के चुनाव में देश की 543 में 30 सीटें ऐसी थीं, जहां जीत और हार का अंतर 10 हजार वोट से कम था। इस बार दोनों ही गठबंधनों ने इन सीटों पर पूरा जोर लगाया है। कांटे के मुकाबले वाली इन सीटों पर भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए भारी पड़ा था। 30 में 15 सीटों पर एनडीए को जीत मिली थी। भाजपा को 10, टीडीपी को तीन, जेडीयू और एनसीपी को एक-एक सीटों पर जीत मिली थी। इंडिया गठबंधन को 10 हजार से कम अंतर वाली आठ सीटों पर जीत मिली थी।

इनमें कांग्रेस को पांच, डीएमके को एक, वीसीके को एक और तृणमूल कांग्रेस ने एक सीट जीती थी। अन्य के हिस्से में सात सीटें आई थीं, जिनमें एआईएमआईएम, बसपा और बीआरएस को एक-एक सीट पर जीत मिली थी।



- भाजपा ने 226 लोकसभा सीटें एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीती थीं
- कांग्रेस और डीएमके 22-22 सीटें ही एक लाख से ज्यादा वोटों से जीत सकी थीं

## एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से हुआ था 371 सीटों पर फैसला

लोकसभा चुनाव 2019 में 543 में 371 सीटों पर सांसद का चुनाव एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से हुआ था। इनमें एनडीए को 259, इंडिया गठबंधन को 78 और अन्य को 34 सीटें मिली थीं। एनडीए में भाजपा के 226 उम्मीदवार एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीते थे। जनता दल (यू) ने 13, शिवसेना ने 11, लोजपा ने छह और अपना दल (सोनेलाल) ने एक सीट एक लाख से अधिक वोटों के अंतर से जीती थी। इंडिया गठबंधन में कांग्रेस और डीएमके को 22-22 सीटें एक लाख से ज्यादा वोटों से जीतने में सफलता मिली थी। एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीती गई सीटों में शिवसेना (उद्धव) को चार तो आईयूएमएल और समाजवादी पार्टी को तीन-तीन, एनसीपी (शरद पवार) और सीपीआईएम को दो-दो, आरएसपी, आम आदमी पार्टी, आरएलटीपी और सीपीआई को एक-एक सीट पर एक लाख से ज्यादा वोटों के अंतर से जीत मिली थी। इनके अलावा तृणमूल कांग्रेस को 16 सीटों पर एक लाख से अधिक वोट के अंतर से जीत मिली थी। इसी तरह बीजद के छह, बीआरएस के पांच, बसपा के चार, एआईयूडीएफ और एआईएमआईएम के एक-एक उम्मीदवार एक लाख से अधिक वोट से जीतकर संसद पहुंचे थे।

### तीन सीटों पर पिछले दोनों चुनाव हार गई थी भाजपा

- साल 2014 में प्रचंड मोदी लहर के बाद भी भाजपा प्रदेश में सात लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज नहीं कर सकी थी, तो 2019 में 16 लोकसभा सीटें ऐसी थीं, जहां भाजपा का कमल नहीं खिल सका था। आजमगढ़, रायबरेली और मैनपुरी सीट पर दोनों ही चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। 2014 में मुलायम सिंह ने आजमगढ़ और मैनपुरी सीट से चुनाव लड़कर दोनों ही सीटों से जीत दर्ज की थी। 2019 में अखिलेश यादव ने आजमगढ़ से जीत हासिल की थी। हालांकि उपचुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' ने यहां कमल खिला दिया था। 2019 में मैनपुरी सीट से डिंपल यादव सांसद बनी थीं। इस बार भी वे चुनाव मैदान में हैं, तो आजमगढ़ में निहुआ के सामने धर्मेंद्र यादव उतरे हैं।

# ... कुछ मुद्दे दिल में उतरे तो कुछ हवा में मुट्ठियां भींचते नजर आए



मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव का संग्राम भले दोनों गठबंधनों एनडीए और इंडिया के बीच उत्तर भारत की प्रचंड गर्मी में लड़ा गया हो, लेकिन हकीकत यह है कि इसकी बुनियाद भाजपा ने राम मंदिर की स्थापना के साथ ही जनवरी के अंतिम सप्ताह में रख दी थी। इसके बाद शुरू हुए चुनाव अभियान में मोदी की गारंटी उन गरीब या निम्न मध्यमवर्गीय मतदाताओं को जातीय बेड़ियों से ज्यादा राशन, शौचालय, आवास, पेंशन, गैस कनेक्शन, किसान सम्मान निधि जैसी कल्याणकारी योजनाएं पर भरोसा रखने का हौसला प्रदान करती रहीं, जिनका लाभ उन्हें मोदी सरकार के कारण पिछले दस सालों में हासिल हुआ था। उत्तर प्रदेश में महिला मतदाताओं के लिए इसमें नारी सुरक्षा का मुद्दा जुड़ने से भाजपा को और मजबूती मिलती नजर आई। इसके मुकाबले इंडिया गठबंधन ने भाजपा के 400 पार नारे से संविधान और आरक्षण को खतरा बताते हुए बेरोजगारी और महंगाई के साथ देश को बांटने जैसे मुद्दे उछालकर मतदाताओं के ध्रुवीकरण का पुरजोर प्रयास किया। तमाम सीटों पर जातीय समीकरणों के हिसाब से प्रत्याशी उतारकर भाजपा के लिए चुनौती बढ़ा दी। इससे इंडिया गठबंधन समर्थक मुखर होकर सड़क पर आ गए और डिजिटल प्लेटफार्म पर उनका आक्रोश नजर आने लगा। इससे ऐसा माहौल बना कि इस बार मुकाबला कांटे का होने जा रहा है। भाजपा का मानना है कि विपक्ष की तमाम कोशिशों के बावजूद उसकी सीटें नहीं घट रही हैं, जीत का अंतर जरूर कई सीटों पर कम हो सकता है, जबकि प्रदेश में सपा-कांग्रेस गठबंधन और बिहार में इंडिया गठबंधन की अगुवाई कर रहे राजद का मानना है कि मतदाताओं ने बदलाव के लिए वोट दिए हैं। अब जनता ने किसलिए वोट किया है, इसका फैसला मंगलवार को सुना दिया जाएगा।

- चुनावी अभियान शुरू होने से पहले राम मंदिर की स्थापना से भाजपा को मिल गई थी हिंदुत्व की ताकत
- लाभार्थी वोट बैंक को बूथ से जोड़कर और घर-घर दस्तक देकर पार्टी ने दिखाई संगठन की मजबूती
- संविधान और आरक्षण को खतरा तथा बेरोजगारी व महंगाई पर जनता कितनी गुस्सा आज चलेगा पता

### हिंदुत्व की राह से खुलता नजर आया दक्षिण के किले का रास्ता

विपक्ष चुनाव अभियान के दौरान राम मंदिर का मुद्दा जोर-शोर से जमीन पर नहीं दिखने को अपनी जीत जैसा मान रहा था, लेकिन इस तस्वीर का दूसरा पहलू हिंदुत्व के लिए मौन समर्थन जैसा था, जिसके चलते ऐसा लगा कि मतदाताओं का बड़ा वर्ग मजबूती के साथ मोदी सरकार को तीसरी बार मौका देने का फैसला कर चुका है। इनमें खासतौर पर केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना जैसे देश के दक्षिणी राज्य थे, जहां के मतदाता प्रधानमंत्री मोदी की रैली रही हो या रोड शो बड़ी संख्या में उनके साथ जुड़ते नजर आए। यही नहीं, हिंदुत्व के अंडर करंट से कर्नाटक, ओडिशा, असम और झारखंड जैसे राज्यों में भी प्रचार अभियान के दौरान भाजपा के समर्थन का दायरा बढ़ता हुआ साफ नजर आया। इन राज्यों में भाजपा का मुकाबला कांग्रेस या क्षेत्रीय दलों से था, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रभावी चुनावी अभियान से लगातार निशाने पर बनाए रखा।

### प्रदेश में भाजपा का मजबूत संगठनिक ढांचा हर कहीं भारी पड़ता नजर आया

- उत्तर प्रदेश में चुनाव अभियान के दौरान भाजपा के मजबूत संगठनिक ढांचे का मुकाबला सपा और बसपा ही करते नजर आए। लेकिन यह स्थिति हर लोकसभा क्षेत्र में नहीं थी। कांग्रेस की हालत तो हर जगह पतली रही। इसके विपरीत लाभार्थी वर्ग कमल खिलाने के लिए साइलेंट वोटर जैसा दिखाई दिया। डायरेक्ट बेनिफिट स्कीम का लाभ उठाने वाले इन मतदाताओं का भाजपा ने बूथ स्तर पर जोड़कर अपने वोटों का आधार मजबूत किया।

### जातीय समीकरणों ने जरूर बढ़ाए रखी चुनौती

- ऐसा माना जा रहा था कि इस बार कई जातियां भाजपा से थोड़ा नाराज हैं। इसमें ओबीसी की कई जातियां थीं। सपा ने इसे भुनाने का प्रयास किया और जातीय समीकरण देखकर प्रत्याशी उतारे। बसपा के गैर जाटव वोट बैंक में भी बिखराव दिख रहा था। ऐसे में भाजपा ने पहले ठाकुरों की नाराजगी को दूर किया। कई सीटों पर मतदान से पहले जातीय संतुलन दुरुस्त किया और बसपा के बिखरते वोट बैंक को अपनी तरफ मोड़ने की व्यूह रचना की। अलग चुनाव लड़ने से कई सीटों पर बसपा प्रत्याशी भाजपा के लिए संजीवनी बन गए। हालांकि इसके बावजूद विश्लेषक इस संभावना से इंकार नहीं कर रहे हैं कि जातीय खेमेबंदी ने ही भाजपा के लिए चुनौती कठिन बना दी है।

### विपक्ष का दांव भांपकर मोदी ने की जवाबी व्यूह रचना

- विपक्ष के जातीय जनगणना और जिसकी जितनी हिस्सेदारी, उसकी उतनी भागादारी जैसे अभियान से चुनाव को जातियों में बांटने की कोशिश भांपकर ही प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी ने साफ कर दिया था कि उनके लिए चार जातियां नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान शक्ति और गरीब परिवार हैं। इन चार जातियों को ही सशक्त करने से ही देश सशक्त होगा। इस बात का सकरात्मक असर हुआ, इसके मुकाबले मतदाताओं के एक वर्ग ने विपक्ष के प्रचार को नकरात्मक माना। प्रधानंत्री मोदी ने चतुराई से विपक्ष के जातीय जनगणना के दांव को संपत्ति के बंटवारे और धर्म के आधार पर आरक्षण से जोड़कर ऐसा विमर्श खड़ा कर दिया जिसमें विपक्ष खुद फंसता नजर आने लगा।

## कांटे की टक्कर, वोट शेयर में फंसा दिख रहा जीत का अंतर

चुनाव डेस्क

- एक सर्वेक्षण में अमेठी, फतेहपुर और बाराबंकी में कड़े मुकाबले की चौंकाने वाली तस्वीर
- इंडिया गठबंधन के वोट शेयर में 14 फीसदी तक का अनुमान कई सीटों पर फंसा सकता पेंच

**अमृत विचार।** एग्जिट पोल्स, राजनीतिक विश्लेषकों का आकलन और जानकारों की राय के बीच भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के दावों ने उत्तर प्रदेशकी 80 सीटों को चुनाव परिणाम के लिहाज से काफी रोचक बना दिया है। हालांकि कड़े मुकाबले में फंसी हुई सीटों की संख्या को लेकर हर किसी का आंकड़ा थोड़ा अलग है, लेकिन मोटे तौर पर 20-22 ऐसे लोकसभा क्षेत्रों के नाम गिनाए जा रहे हैं, जहां वोट शेयर में मामूली उतार-चढ़ाव से ही जीत-हार तय होना माना जा रहा है।

एक सर्वेक्षण में तो अमेठी में कांग्रेस और भाजपा में जीत-हार का मार्जिन बेहद कम रखते हुए दोनों दलों के बीच अंतर सिर्फ 1.52 प्रतिशत वोट का बताया गया है। इसी तरह बाराबंकी में भी कांग्रेस और भाजपा के बीच तगड़ी लड़ाई बताते हुए जीत हार का अंतर सिर्फ 4.66 प्रतिशत वोट रहने का अनुमान लगाया गया है। एक सर्वेक्षण में तो लालगंज सीट पर सपा और भाजपा के बीच वोटों का अंतर तो सिर्फ 0.21% वोट निकल कर सामने आया है, तो गाजीपुर में भी सपा-भाजपा के बीच कांटे की टक्कर में जीत हार का अंतर सिर्फ 2.10 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। ऐसी ही चौंकाने वाली सीट फतेहपुर भी गिनाई जा रही है, जहां भाजपा और सपा के बीच जीत-हार का अंतर सिर्फ एक फीसदी से भी कम वोट का है। उधर, अंबेडकर नगर में भाजपा और सपा में सिर्फ 4.46 प्रतिशत वोटों के अंतर से फैसला होने की संभावना जताई गई है। एक एग्जिट पोल के अनुसार, इंडिया गठबंधन को प्रदेश में 36.9 फीसदी और एनडीए को 44.1 फीसदी वोट मिल सकते हैं। बसपा का वोट प्रतिशत 14 प्रतिशत तक रहने का अनुमान है। एक सर्वेक्षण के मुताबिक इंडिया गठबंधन का वोट शेयर 2019 की तुलना में 14 फीसदी तक बढ़ा नजर आ रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि जिन सीटों पर भाजपा का वोट प्रतिशत घटता है और सपा या कांग्रेस का 15 फीसदी तक बढ़ता है, तो संघर्ष नजदीकी होगा।

## विपक्षी अभियान से मतदाता मुखर तो कमजोर नहीं मोदी का मोहपाश

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच प्रमुख रूप से भाजपा और सपा में कड़े मुकाबले वाली दो दर्जन सीटों पर परिणाम का अनुमान लगाने में बड़े-बड़े महारथियों को पसीने छूट रहे हैं। इसकी वजह यह है कि विपक्ष के संविधान, आरक्षण, बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों ने उसके मतदाताओं में जोश भरा, जिससे वह मुखर होकर सामने आए। चुनावी रैलियों में जोश भरा इसमें जातीय समीकरणों के सहारे सपा-कांग्रेस गठबंधन द्वारा की गई भाजपा की कड़ी घेरेबंदी ने माहौल और तीखा कर दिया। इस वातावरण में भाजपा समर्थक मतदाता पिछले दो चुनावों की तरह मोदी..मोदी.. का शोर मचाते तो नहीं दिखे, लेकिन ईवीएम का बटन दबाते समय वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम और काम पर मजबूती से डटे रहे।

प्रदेश में चरणवार मतदान प्रतिशत के आंकड़ें इस बात का साफ इशारा करते हैं कि पहले दो चरणों में कम मतदान को राजनीतिक दलों ने गंभीरता से लिया और प्रचंड गर्मी में भी अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए जोर कसा। यही वजह रही कि पारा ऊपर चढ़ने के साथ मतदान प्रतिशत नीचे नहीं गया और पिछली बार के आसपास ही दर्ज होता रहा। मतदान सर्वे एजेंसी के लिए काम करने वाले विवेक द्विवेदी ने बताया कि वोटर को बूथ तक ले जाने में भाजपा की मशीनरी आगे नजर आई।

### भाजपा के 40 सांसदों ने 50 फीसदी से ज्यादा वोट पाए थे

- लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा को प्रदेश में करीब 50 प्रतिशत वोट मिले थे। पार्टी के जो 62 सांसद जीते थे, उनमें 40 सांसदों का वोट शेयर 50 प्रतिशत से अधिक रहा था। इसके मुकाबले 2014 में जीते भाजपा के 71 सांसदों में केवल 17 ने ही 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट का मुकाम हासिल किया था। ऐसे में साफ है कि भाजपा द्वारा सपा-बसपा में गठबंधन के बावजूद बड़े वोटों के अंतर से जीती गई सीटों पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के लिए 20 से 25 प्रतिशत तक का स्विंग हासिल करना कठिन काम है, क्योंकि सपा-कांग्रेस को मिलाकर 2019 में 25 प्रतिशत वोट ही मिले थे। एग्जिट पोल करने वाली एक एजेंसी से जुड़े चुनाव विश्लेषक राजपुरुष का मानना है कि सपा-कांग्रेस गठबंधन राज्य में करीब दो दर्जन उन्हीं सीटों पर भाजपा को कड़ी टक्कर देता नजर आया है, जहां चुनाव मोदी-योगी की जगह जातीय समीकरण या भाजपा प्रत्याशी पर फोकस हो गया है। ऐसी सीटों में कैराना, सहारनपुर, कन्नौज, मैनपुरी, बदायूं, बांदा, आजमगढ़, घोसी, जौनपुर, गाजीपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़, अंबेडकर नगर प्रमुख रूप से शामिल हैं।



### खास बात

- 2019 में भाजपा को प्रदेश में करीब 50 फीसदी वोट मिले थे, विपक्ष के लिए वोटों का यह अंतर पाटना हर कहीं मुमकिन नहीं
- सपा-कांग्रेस गठबंधन दो दर्जन उन्हीं सीटों पर दे रहा चुनौती, जहां चुनाव जातीय समीकरण या भाजपा प्रत्याशी पर जाकर टिक गया

**यूपी में वोट प्रतिशत -2019**

| | |
|---|---|
| भाजपा | 49.60 |
| कांग्रेस | 6.36 |
| बसपा | 19.40 |
| सपा | 18.11 |

**50% से ज्यादा**
2019 में वोट पाकर जीते थे प्रदेश में भाजपा के 40 सांसद

**08** एनडीए **04** इंडिया **02** अन्य

### पिछली बार पांच हजार से कम जीत के अंतर वाली 14 सीटें

| | | | |
|---|---|---|---|
| मछलीशहर | भाजपा | भोलानाथ सरोज | 181 |
| लक्षद्वीप | एनसीपी | मो. फैजल | 824 |
| आरामबाग | टीएमसी | अपरूपा पोद्दार | 1142 |
| अंडमान-निकोबार | कांग्रेस | कुलदीप राय शर्मा | 1407 |
| खूंटी, झारखंड | भाजपा | अर्जुन मुंडा | 1445 |
| जहानाबाद | जद-यू | चंदेश्वर प्रसाद | 1751 |
| चामराजनगर | भाजपा | श्रीनिवास प्रसाद | 1817 |
| बर्धबान-दुर्ग | भाजपा | एसएस अहलूवालिया | 2,439 |
| चिदंबरम | वीसीके पार्टी | थिरुमावलावन | 3,219 |
| कोरापुट | कांग्रेस | सप्तगिरि शंकर | 3,613 |
| गुंटूर | टीडीपी | जयदेव गल्ला | 4205 |
| विशाखापत्तनम | वाईएसआरसीपी | एमवीवी सत्यनारायण | 4414 |
| औरंगाबाद | एआईएमआईएम | इम्तियाज जलील | 4492 |
| मेरठ | भाजपा | राजेन्द्र अग्रवाल | 4729 |

### 2019 में 5 से 10 हजार वोटों के अंतर से जीते थे ये सांसद

| सीट | राज्य | विजेता | पार्टी | अंतर |
|---|---|---|---|---|
| भोंगीर | तेलंगाना | कोमाटी वेंकट रेड्डी | कांग्रेस | 5219 |
| श्रावस्ती | यूपी | राम शिरोमणि | बसपा | 5320 |
| जहीराबाद | तेलंगाना | बीबी पाटिल | बीआरएस | 6229 |
| मुजफ्फरनगर | यूपी | संजीव बालियान | भाजपा | 6526 |
| श्रीकाकुलम | आंध्र प्रदेश | किंजरापु नायडू | टीडीपी | 6653 |
| अनंतनाग | जम्मू-कश्मीर | हसनैन मसूदी | नेकां | 6676 |
| कांकेर | छत्तीसगढ़ | मोहन मंडावी | भाजपा | 6914 |
| रोहतक | हरियाणा | अरविन्द शर्मा | भाजपा | 7503 |
| मिजोरम | मिजोरम | सी लालरोसांगा | एमएनएफ | 8140 |
| वेल्लोर | डीएमके | डी एम कथिर आनंद | - | 8141 |
| मालदा दक्षिण | पं. बंगाल | अबू हासेम चौधरी | कांग्रेस | 8222 |
| विजयवाड़ा | आंध्र प्रदेश | केसिनेनी श्रीनिवास | टीडीपी | 8726 |
| दादरा-नगर हवेली | डेलकर | सांजीभाई | निर्दलीय | 9001 |
| संबलपुर | ओडिशा | नितेश गंगा देब | भाजपा | 9162 |
| दक्षिण गोवा | गोवा | कॉस्मे फ्रांसिस्को | कांग्रेस | 9755 |
| दमन और दीव | - | लालूभाई बाबूभाई पटेल | भाजपा | 9942 |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 970 फ्लैग 1100 बोल्ड 1150 डीएमओ 850।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-13000 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में आई गिरावट

## पीएमआई सर्वेक्षण के मुताबिक मई में घटकर 57.5 हुआ, इससे पहले अप्रैल में 58.8 था

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विनिर्माण क्षेत्र में मई में लगातार दूसरे महीने वृद्धि दर धीमी रही, लेकिन वैश्विक बिक्री में 13 वर्षों में सर्वाधिक वृद्धि के साथ यह क्षेत्र विस्तार की स्थिति में बना रहा। सोमवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।


मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) मई में घटकर 57.5 हो गया जो अप्रैल में 58.8 था। मार्च में सूचकांक 16 वर्ष के उच्चतम स्तर 59.1 पर पहुंच गया था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है। एचएसबीसी की



वैश्विक अर्थशास्त्री मैत्रेयी दास ने कहा-विनिर्माण क्षेत्र मई में विस्तार के दायरे में रहा, यद्यपि इसकी गति धीमी रही जिसका कारण नए ठेकों और उत्पादन में मंदी रही। दास ने कहा कि मंदी का कारण भीषण गर्मी के बीच कामकाजी घंटों में कमी और उत्पादन लागत में वृद्धि बताया जा रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, प्रतिस्पर्धा और चुनाव संबंधी व्यवधानों के कारण वृद्धि अवरुद्ध हुई है। कुल बिक्री के रुझान के विपरीत मई में नए निर्यात ठेकों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है।

अंतर्राष्ट्रीय बिक्री में यह उछाल 13 वर्षों में सबसे अधिक रहा, क्योंकि विनिर्माताओं को अफ्रीका, एशिया, अमेरिका, यूरोप और पश्चिम एशिया के कई देशों में ग्राहकों से लाभ प्राप्त हुआ है। साथ ही मार्च 2005 में आंकड़ा संग्रहण शुरू होने के बाद से विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है।

### वर्ष 2047 तक भारत दुनिया की महाशक्ति बन जाएगाः अमिताभ कांत



भारत के जी-20 शेरपा और सरकारी शोध संस्थान नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने कहा है कि 2047 तक भारत दुनिया की महाशक्ति बन जाएगा और यह सदी हमारे देश के नाम रहेगी। उन्होंने कहा-भारत अब दुनिया की महाशक्ति बनने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। अर्थव्यवस्था के विस्तार में डिजिटल अभियान क्रांतिकारी कदम साबित हो रहा है। आयकर विभाग के प्रधान आयुक्त प्रताप सिंह की किताब इंडिया ओडिसी : फ्रॉम ए डेवलपिंग कंट्री टू एन इमर्जिंग सुपरपावर का विमोचन करने के बाद कांत ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में यह बात कही। कांत ने कहा-एक दशक पहले भारत पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में से एक था, लेकिन आर्थिक सुधारों के दम पर केवल पांच साल में यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 92,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,450 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,000-54,200 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 90,000 |
| चांदी तैयार | 90,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,400 |
| चांदी पक्की | 880 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 89,900। |

## सोने की कीमत में 200 और चांदी में 800 रुपये की आई गिरावट

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 200 रुपये के नुकसान के साथ 72,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 800 रुपये टूटकर 92,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। बता दें कि पिछले कारोबारी सत्र में यह 93,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# दो हजार के 97 .82 प्रतिशत नोट वापस आए

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई के मुताबिक 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी लोगों के पास रखे

आरबीआई ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.82 प्रतिशत नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। चलन से हटाए गए केवल 7,755 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अभी लोगों के पास हैं। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट को चलन से वापस लेने की घोषणा की थी।

चलन में 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था। यह 31 मई, 2024 को कारोबार की समाप्ति पर घटकर 7,755 करोड़ रुपये रह गया। केंद्रीय बैंक ने बयान



में कहा-इस प्रकार, 19 मई, 2023 तक चलन में 2000 रुपये के 97.82 प्रतिशत बैंक नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गये हैं। सात अक्टूबर, 2023 तक 2000 रुपये के बैंक नोट को जमा करने और/या बदलने की सुविधा देश की सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। उन्नीस मई, 2023 से 2000 रुपये के बैंक नोट को बदलने की सुविधा रिजर्व बैंक के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। आरबीआई के निर्गम कार्यालय नौ अक्टूबर, 2023 से व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए भी 2000 रुपये के नोट स्वीकार कर रहे हैं। इसके अलावा, लोग अपने बैंक खातों में जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से आरबीआई के किसी भी निर्गम कार्यालय में भारतीय डाक के माध्यम से 2000 रुपये के बैंक नोट भेज रहे हैं। बैंक नोट को जमा/बदलने वाले आरबीआई के कार्यालय अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, जयपुर, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नयी दिल्ली, पटना में हैं।

## निवेश की गूढ़ बातों को सरल तरीके से बताएगा सेबी का साथी ऐप

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों के लिए व्यक्तिगत वित्त पर मोबाइल ऐप साथी 2.0 दो पेश किया है। इस ऐप में गूढ़ वित्तीय धारणाओं को सरल तरीके से समझाने के उपाय किए गए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बयान में कहा-अद्यतन 'साथी' ऐप को उपयोगकर्ताओं के लिए आसान बनाया गया है। इसमें जटिल वित्तीय अवधारणाओं को सरल बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर उपाय किये गये हैं। ऐप में वित्तीय 'कैलकुलेटर' शामिल हैं। इसमें केवाईसी प्रक्रियाओं, म्यूचुअल फंड, ईटीएफ, शेयर बाजारों में शेयर खरीदने और बेचने, निवेशक शिकायत निवारण व्यवस्था और ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) मंच पेश करने के साथ उसका विश्लेषण उपलब्ध है।

# फिर विदेश में महका उत्तर प्रदेश का बासमती चावल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गैर बासमती के निर्यात पर रोक लगने से बढ़ी कई देशों में चावल की मांग
- 2022-23 में 45,772 एमटी से 2023-24 में 53,523 एमटी पहुंचा निर्यात

**अमृत विचार :** विदेश में उत्तर प्रदेश के बासमती चावल की सुगंध फिर से महकने लगी है। गैर बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगने से पैदावार के साथ सुगंधित बासमती की मांग बढ़ी है। साथ ही पिछले तीन वर्ष के मुकाबले 2023-24 में निर्यात में इजाफा हुआ है। क्योंकि गैर बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा मिलने से बासमती की मांग कम हो गई। इसकी वजह गैर बासमती में चावल की कई प्रजाति और दाम कम होना रहा। इसलिए सरकार ने बासमती का निर्यात बढ़ाने के लिए पिछले वर्ष गैर बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाई थी। इस कड़े कदम से 2023-24 में प्रदेश से 53,523 मीट्रिक टन बासमती का निर्यात हुआ है। जिसकी कीमत 570 करोड़ रुपये है। जबकि 2022-23 में 45,772 मीट्रिक टन बासमती का निर्यात हुआ था। इसकी कीमत 466 करोड़ रुपये थी। गैर बासमती पर प्रतिबंध से किसानों को फायदा हुआ है।



**कीटनाशक पर प्रतिबंध लगने से सुधरी सेहतः** मुख्य रूप से प्रदेश में बासमती चावल की 30 जिलों में पैदावार होती है। यहां के किसान फसल को कीटरोग से बचाने के लिए कई तरह के हानिकारक पेस्टिसाइड इस्तेमाल करते हैं। इसके अवशेष चावल में रह जाते हैं। इस कारण से कई देश अपने मानकों के अनुसार चावल या अन्य खाद्य सामग्री नहीं लेते हैं। इस वजह से भी निर्यात नहीं बढ़ा। इसे देखते हुए सरकार ने बासमती की पैदावार करने वाले 30 जिलों में 10 कीटनाशक की बिक्री प्रतिबंधित की थी। इससे गुणवत्ता में सुधार आया है।

**इन देशों में हुआ निर्यातः** सउदी अरब, कनाडा, यूएसए, साउस अफ्रीका, आस्ट्रेलिया आदि।

**बासमती की पैदावार वाले मुख्य जिलेः** बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, मुरादाबाद, बदांयू, रामपुर, कासगंज, सहारनपुर, शामली, अमरोहा, संभल मैनपुरी, औरैया, इटावा, कन्नौज, फर्रुखाबाद, एटा, हाथरस, फिरोजाबाद,, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, मुज्जफर नगर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, बिजनौर आदि।

### इस तरह से घटा था निर्यात

| | |
|---|---|
| 2020-21 | 1,07,265 एमटी |
| 2021-22 | 46,067 एमटी |
| 2022-23 | 45,772 एमटी |

## अडाणी समूह के शेयरों में तेजी

**नई दिल्ली।** अडाणी समूह की सभी कंपनियों के शेयरों में सोमवार को तेजी आई। शेयर बाजार में भारी उछाल के बीच अडाणी पावर के शेयर में करीब 16 प्रतिशत की बढ़त दर्ज हुई। इससे समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) 19.42 लाख करोड़ रुपये हो गया।

# राष्ट्रीय

## दिल्ली में पानी की कमी से निपटने के लिए उच्चतम न्यायालय ने दिया आदेश

# 5 को यमुना रिवर बोर्ड की होगी आपात बैठक

नई दिल्ली, एजेंसी

भीषण गर्मी के बीच दिल्ली के जल संकट से जूझने पर उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को इस समस्या से निपटने के लिए 5 जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) की एक आपात बैठक बुलाने का आदेश दिया। यूवाईआरबी का गठन 1995 में किया गया था और इसके मुख्य कार्यों में यमुना नदी के पानी का लाभार्थी राज्यों के बीच आवंटन को नियंत्रित करना और दिल्ली में ओखला बैराज समेत सभी परियोजनाओं की समीक्षा एवं प्रगति पर नजर रखना भी है। इन राज्यों में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) दिल्ली शामिल हैं।



न्यायमूर्ति पी के मिश्रा और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने सुनवाई शुरू होने पर पूछा, सभी पक्षकारों की एक संयुक्त बैठक क्यों नहीं हो सकती? केंद्र तथा हरियाणा सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि यूवाईआरबी पहले ही इस मुद्दे पर विचार कर रहा है जहां हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली समेत सभी राज्य पक्षकार हैं। उन्होंने कहा-इस सवाल पर विचार किया जा रहा है। बोर्ड ने हिमाचल प्रदेश को जानकारी उपलब्ध कराने के लिए कहा है कि उनके पास कितना अतिरिक्त पानी है। पीठ ने कहा कि आपात स्थिति के मद्देनजर इस मुद्दे से निपटने के लिए बोर्ड की बैठक कल बुलाई जा सकती है। इसने कहा कि केंद्र तथा दिल्ली, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने इस पर सहमति जताई कि राष्ट्रीय राजधानी में पानी की कमी के मुद्दे से निपटने के लिए यूवाईआरबी की एक बैठक बुलाई जाए। पीठ ने कहा-सुनवाई के दौरान सभी पक्ष सहमत हुए कि दिल्ली के नागरिकों के समक्ष पानी की कमी की समस्या का ऐसा समाधान होना चाहिए जिसमें सभी पक्षों के अधिकतम हित पूरे होते हों।'' इसने कहा कि वकील-सहमत हो गए हैं कि इस याचिका में उठाए मुद्दों का समाधान करने के लिए पांच जून को अपर यमुना रिवर बोर्ड की एक आपात बैठक होनी चाहिए और सभी अन्य संबंधित मुद्दों को गंभीरता से लिया जाए ताकि दिल्ली के नागरिकों के लिए पानी की कमी की समस्या का उचित तरीके से समाधान किया जा सके।

पीठ ने कहा कि इस मामले पर अगली सुनवाई छह जून को होगी जिसमें बोर्ड की बैठक और समस्या को हल करने के लिए पक्षकारों द्वारा उठाए गए सुझावात्मक कदमों पर जानकारी दी जाएगी। मेहता ने कहा कि बोर्ड के समक्ष रखे गए आंकड़ों के अनुसार, अगर दिल्ली में 100 लीटर पानी आता है तो निवासियों को केवल 48.65 लीटर पानी मिलता है।

## न्यायालय ने ईडी से कारोबारी की जमानत अर्जी पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में गिरफ्तार हैदराबाद के कारोबारी अरुण रामचंद्रन पिल्लई की अंतरिम जमानत अर्जी पर सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा। पिल्लई ने अर्जी दायर कर अदालत से चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने का अनुरोध किया है।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने ईडी को नोटिस जारी किया और उसे पिल्लई द्वारा जमा की गई मेडिकल रिपोर्ट को सत्यापित करने को कहा। अदालत ने जांच एजेंसी से अंतरिम जमानत अर्जी पर एक सत्यापन रिपोर्ट के साथ जवाब दाखिल करने को कहा और अगली सुनवाई 10 जून के लिए निर्धारित कर दी।

# जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द होगी शुरू : राजीव

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) कुमार ने दी जानकारी

निर्वाचन आयोग ने सोमवार को कहा कि वह जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने की प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू करेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू एवं कश्मीर में मतदान प्रतिशत से निर्वाचन आयोग बहुत उत्साहित है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भाग लेने के लिए लोगों की उत्सुकता को दर्शाता है।

उन्होंने कहा-हम बहुत जल्द जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू करेंगे। हम बहुत उत्साहित हैं। यह सबसे संतोषजनक क्षणों में से एक है। लोकसभा चुनाव के दौरान जम्मू



एवं कश्मीर में 58.58 प्रतिशत मतदान हुआ। यह चार दशकों में सबसे अधिक मतदान प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि कश्मीर घाटी में लोकसभा सीटों पर 51.05 प्रतिशत मतदान हुआ। मार्च में लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कुमार ने कहा था कि विधानसभा और संसदीय चुनाव एक साथ कराना तार्किक और सुरक्षा कारणों से व्यावहारिक नहीं है। जम्मू एवं कश्मीर में जब भी विधानसभा चुनाव होंगे, वे अगस्त 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने और पूर्ववर्ती राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद से पहली बार होंगे। जम्मू एवं कश्मीर में आम तौर पर चुनावी प्रक्रिया एक महीने तक चलती है।

उन्होंने कहा कि परिसीमन की कवायद के बाद केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा सीटों की संख्या 83 से बढ़कर 90 हो गई हैं। इसमें पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) को आवंटित सीटें शामिल नहीं हैं। दिसंबर में उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को 30 सितंबर तक जम्मू एवं कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दिया था।

## एक नजर

### उप राज्यपाल ने मंत्री आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप राज्यपाल वी.के.सक्सेना ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अनुशंसा के बाद मंत्री राजकुमार आनंद का इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया है। राजनिवास के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े मामले में अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान केजरीवाल ने आधिकारिक पत्र में आनंद के इस्तीफे को स्वीकार करने की सिफारिश की थी। एक अधिकारी ने बताया, उप राज्यपाल ने कानून के तहत इस्तीफे को भारत के राष्ट्रपति को भेज दिया है।

### महिला आयोग ने बंगाल के दौरे की मांगी मंजूरी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष रेखा शर्मा ने पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई कथित हिंसा की घटनाओं की जांच के लिए अपनी टीम वहां भेजने की अनुमति निर्वाचन आयोग से मांगी है। अध्यक्ष शर्मा ने यह अनुरोध आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार को संबोधित एक पत्र में किया। पत्र में संदेशखालि और बंगाल के अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के खिलाफ पुलिस की ज्यादती और अत्याचार के बारे में रेखांकित किया गया है।

## कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 3 जुलाई तक बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- धनशोधन मामले में राजधानी की अदालत ने दिया फैसला

राष्ट्रीय राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत ने धनशोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता कल्वाकुंतला कविता की न्यायिक हिरासत अवधि 3 जुलाई तक बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने सुश्री कविता को राउज एवेन्यू अदालत में पेश किए जाने के बाद हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। उनकी हिरासत अवधि में विस्तार 29 मई को उनके खिलाफ दायर आरोप पत्र के मूल्यांकन के बाद अदालत द्वारा प्रोडक्शन वारंट को मान्यता दिए जाने के मद्देनजर किया गया है।

अदालत ने तीन सह-अभियुक्तों प्रिंस, दामोदर और अरविंद सिंह को भी जमानत दे दी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच के दौरान गिरफ्तार किए बिना ही तीनों पर आरोप पत्र दायर किया गया था। सुश्री कविता को ईडी ने 15 मार्च को तेलंगाना के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। वह वर्तमान में एमएलसी हैं और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी हैं। उन्होंने कथित तौर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सहित आप के सदस्यों के साथ मिलीभगत की थी। वहीं ईडी ने शराब नीति ढांचे में कई कथित अनियमितताओं को उजागर किया है।



### मनीष सिसोदिया की जमानत याचिकाओं पर कोर्ट में सुनवाई आज

आप नेता मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति घोटाले के संबंध में ईडी और सीबीआई द्वारा दर्ज मामलों में जमानत याचिकाएं खारिज करने के दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। उच्चतम न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ मंगलवार को सिसोदिया की याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। उच्च न्यायालय ने 21 मई को कथित घोटाले के संबंध में उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

# निवेश का झांसा देकर 3.70 करोड़ रुपये की ठगी

ठाणे, एजेंसी

- नवी मुंबई से पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार

महाराष्ट्र पुलिस ने शेयर बाजार में निवेश का झांसा देकर लोगों से 3.70 करोड़ रुपये से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में एक होटल के वेटर समेत दो लोगों को नवी मुंबई से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

साइबर प्रकोष्ठ के वरिष्ठ निरीक्षक गंजाम कदम ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आरोपियों की पहचान होटल में वेटर के रूप में काम करने वाले सलमान निज़ामुद्दीन खान (35) और प्रकाश करमसी भानुशाली (39) के रूप में हुई है तथा दोनों नवी मुंबई के रहने वाले हैं। उनके मुताबिक, वे धोखाधड़ी के अन्य मामले में भी शामिल हैं। विज्ञप्ति में कहा गया कि पुलिस ने आरोपियों द्वारा विभिन्न खातों में जमा की गई 46 लाख रुपये की अवैध रकम को बैंकों की मदद से जब्त कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 17 फरवरी से 24 अप्रैल 2024 के बीच आरोपियों ने लोगों को आकर्षक मुनाफे का वादा करके शेयर कारोबार में निवेश करने का लालच दिया। इस दौरान उन्होंने पीड़ितों से 3.70 करोड़ रुपये की ठगी की।

## सिक्किमः तमांग ने राज्यपाल से मुलाकात कर सरकार के गठन का पेश किया दावा

**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सोमवार को राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य से मुलाकात कर खुद को विधायक दल का नेता चुनने संबंधी एसकेएम के नवविर्वाचित विधायकों द्वारा पारित प्रस्ताव उन्हें सौंपा और अगली सरकार के गठन का दावा पेश किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। राजभवन में राज्यपाल से हुई मुलाकात के दौरान सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के सभी नवनिर्वाचित विधायक उनके साथ थे। आचार्य ने विधायकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। अधिकारी ने कहा कि तत्काल यह पता नहीं चल पाया है कि मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण समारोह कब होगा। निवर्तमान मुख्यमंत्री तमांग ने नई सरकार के गठन से पहले अपना इस्तीफा दिया था।

## भड़काऊ संदेश फैलाने के आरोप में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मंगलुरु।** मंगलुरु पुलिस आयुक्तालय की साइबर आर्थिक और मादक पदार्थ अपराध पुलिस के अधिकारियों ने कुछ सोशल मीडिया समूहों पर घृणा और हिंसा वाले बयान देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान उल्लाल निवासी सोजी अल्ताफ के रूप में की गई है। मंगलुरु के पुलिस आयुक्त अनुपम अग्रवाल ने बताया कि मंगलुरु में उल्लाल का रहने वाला सोजी अल्ताफ व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से एक भड़काऊ संदेश प्रसारित कर रहा था।

# हैदराबाद में दर्ज प्राथमिकी से अमित शाह और जी किशन रेड्डी का नाम हटा

हैदराबाद, एजेंसी

**गृह मंत्री की रैली में कुछ बच्चे मौजूद रहने का मामला**

हैदराबाद पुलिस ने पिछले महीने चुनाव प्रचार में कथित तौर पर बच्चों के इस्तेमाल को लेकर दर्ज प्राथमिकी से गृह मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष जी.किशन रेड्डी के नाम को हटा दिया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के उपाध्यक्ष जी.निरंजन ने राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) को शिकायत की थी कि एक मई को भाजपा की लालदरवाजा से सुधा टॉकीज तक निकाली गई रैली में शाह के साथ मंच पर कथित तौर पर कुछ बच्चे मौजूद थे। तेलंगाना के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस शिकायत को तथ्यात्मक रिपोर्ट के लिए शहर की पुलिस को भेज दिया था, जिसके बाद शाह, रेड्डी



हैदराबाद लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार के.माधवी लता, विधायक टी राजा सिंह और पार्टी नेता टी.यमन सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि जांच में पाया गया कि अमित शाह और जी किशन रेड्डी की पूरे प्रकरण में कोई भूमिका नहीं थी। बताया कि मामले में पिछले सप्ताह अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था।

## जेल में केजरीवाल का वजन तीन बार मापा गया, नहीं दिया गया कूलर

- आत्मसमर्पण एक दिन बाद आप के नेताओं ने लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के धन शोधन मामले में अंतरिम जमानत की अवधि पूरी होने के बाद तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करने के एक दिन बाद आप के नेताओं ने सोमवार को आरोप लगाया कि जेल में उन्हें कूलर उपलब्ध नहीं कराया गया है और एक साजिश के तहत उनका वजन तीन बार मापा गया। तिहाड़ जेल अधिकारियों ने आप के नेताओं के दावे का खंडन करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का वजन केवल एक मशीन से मापा गया और उन्हें कूलर उपलब्ध नहीं कराया गया है क्योंकि यह सुविधा अदालत के आदेश के बाद प्रदान की जाती है। वहीं तिहाड़ जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया-केजरीवाल का वजन 63.5 किलोग्राम है, जो रविवार को उनके आत्मसमर्पण के समय केवल एक बार मापा गया था। वजन मापने वाली मशीन में कोई दिक्कत नहीं थी। रक्तचाप और शर्करा सहित उनके अन्य मानक सामान्य हैं।



खेल डायरी



सोमवार को कोलकाता में एक खेल पत्रिका को लॉन्च करते पूर्व क्रिकेटर सौरव गांगुली।

### अलीरेजा से हारे आर प्रज्ञाननंदा कार्लसन को एकल बढ़त

**स्टवांगर (नॉर्वे)।** भारत के भाई बहन की जोड़ी आर प्रज्ञाननंदा और आर वैशाली को नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट छठे दौर में हार का सामना करना पड़ा जबकि मैग्नस कार्लसन ने खराब फॉर्म में चल रहे डिंग लिरेन को हराकर 12 अंकों के साथ एकल बढ़त हासिल कर ली। अमेरिका के फैबियानो कारूआना ने हमवतन हिकारू नाकामुरा को हराकर छह खिलाड़ियों के बीच डबल राउंड रॉबिन आधार पर खेली जा रही इस प्रतियोगिता में कार्लसन को बढ़त हासिल करने में मदद पहुंचाई। प्रज्ञाननंदा को क्लासिकल मैच में फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ थोड़ा संघर्ष करना पड़ा लेकिन वह इसके बाद आर्मगेडन टाईब्रेकर में हार गए। उनकी बहन वैशाली को चीन की विश्व महिला चैंपियन वेनजुन जू से हार का सामना करना पड़ा। अब जबकि चार दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब शीर्ष पर काबिज कार्लसन के बाद नाकामुरा का नंबर आता है जिनके 11 अंक हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 9 .5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

### म्यूनिख विश्व कप में पदक की दौड़ में बरकरार ईशा

**म्यूनिख।** भारत की रमिता जिंदल कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद सोमवार को यहां महिला 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में छठे स्थान पर रही जबकि ईशा सिंह ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाकर आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्व कप में पदक की उम्मीद बरकरार रखी। ओलंपिक चयन ट्रायल में दूसरे स्थान पर रही रमिता आठ निशानेबाजों के फाइनल में बाहर होने वाली तीसरे नंबर की निशानेबाज रहीं। उन्हें फाइनल में एकाग्रता टूटने के कारण 9 .9 और 9 .8 के दो खराब स्कोर का खामियाजा भुगतना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता चीन की 17 साल की हुआंग यूटिंग (252 .7) ने अंतिम शॉट पर कोरिया की 16 साल की बेन ह्योजिन (252 .7) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। रमिता ने क्वालीफिकेशन में 633 .0 के स्कोर से चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। यूटिंग ने इस दौरान 635 .3 अंक के साथ क्वालीफिकेशन विश्व जूनियर रिकॉर्ड बनाया।

### वर्ल्ड एथलेटिक्स ने की नई वैश्विक चैंपियनशिप की घोषणा

**मोनाको।** एथलेटिक्स की वैश्विक संचालन संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सोमवार को एक नई सत्रांत चैंपियनशिप की घोषणा की जिसमें एक करोड़ अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि दी जाएगी और विश्व तथा ओलंपिक चैंपियन के साथ-साथ डाइमंड लीग विजेताओं के बीच मुकाबले से सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी तय होंगे। इस टूर्नामेंट का नाम 'वर्ल्ड एथलेटिक्स अल्टीमेट चैंपियनशिप' रखा गया है और इसका उद्देश्य व्यापक दर्शकों तक पहुंच बनाना है। ट्रैक एवं फील्ड के इतिहास में सबसे अधिक पुरस्कार राशि प्रदान करने वाली यह चैंपियनशिप 2026 के ट्रैक एवं फील्ड सत्र का समापन करेगी। बुडापेस्ट 11-13 सितंबर तक पहले टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा और चैंपियनशिप हर दो साल में आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेताओं को 150,000 डॉलर मिलेंगे।

# विश्वकप के पहले सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान को हराया

## नामीबिया की जीत में ट्रम्पेलमैन और वीज चमके, दोनों टीमों ने बनाए 109 रन

ब्रिजटाउन, एजेंसी



रुबेन ट्रंपलमन 21 रन पर चार विकेट और डेविड वीजा तीन विकेट के हरफनमौला प्रदर्शन के साथ यान फ्रारायलिंक (45) रनों की बेहतरीन पारी से नामीबिया ने ग्रुप बी में टी-20 विश्वकप के तीसरे मैच में 109 रन पर टाई हुए मैच के सुपर ओवर में ओमान पर जीत दर्ज की है।

रविवार रात नामीबिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को नामीबिया के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 19.4 ओवर में 109 रन पर सिमेट दिया। ओमान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 10 रन पर अपने तीन विकेट गवां दिए। उसके बाद जीशान मकसूद (22) और खालिद केल (34) रन ने पारी संभालने का प्रयास किया। अयान खान (15) और शकील अहमद (11) रन बनाकर आउट हुए। नामीबियाई गेंदबाजों के आगे ओमान का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका। छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। नामीबिया की ओर से रुबेन ट्रंपलमन ने चार विकेट लिए। डेविड वीजा को तीन विकेट मिले। एरार्ड इरास्मस ने दो और बर्नार्ड स्कोल्ट्ज ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

110 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नामीबिया ने पहले ही ओवर में माइकल वैन लिंगेन (शून्य) का विकेट गवां दिया। निकोलस डेविन (24), कप्तान एरार्ड इरास्मस (13), जेन ग्रीन (शून्य) पर आउट हुए। यान फ्रारायलिंक ने सर्वाधिक 45 रनों की पारी खेली। ओमान की गेंदबाजों ने नामीबिया के बल्लेबाजों खुलकर बल्लेबाजी नहीं कर दी और नामीबिया निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 109 रन बनाकर मैच टाई करने में सफल रही। इसके बाद हुए सुपर ओवर में डेविड वीजा के ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए पहले सुपर ओवर की चार गेंदों पर 13 रन बनाए और फिर गेंदबाजी में 21 रन का बचाव करते हुए केवल 10 रन दिए। इससे पहले मैच के दौरान उन्होंने ओमान के तीन विकेट लिए थे तथा नाबाद नौ रन भी बनाए थे। सुपर ओवर में नामीबिया ने ओमान पर जीत दर्ज की। डेविड विजा ने उनके शानदान प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच मिला।

### विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11.25 मिलियन डॉलर के ईनाम की घोषणा

**न्यूयॉर्क।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने टी-20 विश्व कप के लिए रिकॉर्ड 11 .25 मिलियन डॉलर (करीब 93 करोड़ 51 लाख रूपये) पुरस्कार राशि का ऐलान किया है जिसमे से विजेता को 2 .45 मिलियन डॉलर (करीब 20 करोड़ 36 लाख रूपये) दिए जाएंगे। उपविजेता को 1 .28 मिलियन डॉलर मिलेंगे जबकि सेमीफाइनल हारने वाली टीमों को 787500 डॉलर दिये जाएंगे। पिछली बार कुल ईनामी राशि 5 .6 मिलियन डॉलर थी जिसमे से विजेता इंग्लैंड को 1 .6 मिलियन डॉलर मिले थे। आईसीसी ने कहा आईसीसी पुरूष टी-20 विश्व कप के नौवे सत्र में 20 टीमों के टूर्नामिंट के विजेता को 2 .45 मिलियन डॉलर ईनाम के तौर पर मिलेंगे जो टूर्नामिंट के इतिहास में सर्वोच्च ईनामी राशि है। इसके अलावा ट्रॉफी भी 29 जून को बारबडोस में फाइनल के बाद दी जाएगी। सुपर आठ से आगे नहीं जा पाने वाली चारों टीमों में से प्रत्येक को 382500 डॉलर दिये जाएंगे जबकि नौवें से 12वें स्थान की टीमों को 247500 डॉलर और 13वें से 20वें स्थान की टीमों को 225000 डॉलर मिलेंगे।

### संक्षिप्त स्कोर बोर्ड

**ओमान :** 109/10, 19 .4 ओवर।
**रन :** जीशान मकसूद 22, खालिद 34, शकील अहमद 11। **विकेट :** रुबेन ट्रंपलमन 4, वीज 3, इरासमूस 2।
**नामीबिया :** 109/6, 20 ओवर।
**रन :** निकोलस डाविन 24, जान निकोलास फ्राइलिनक 45, इरासमूस 13। **विकेट :** महरन खान 3, आकिब इलियास 1, बिलाल खान 1, अयान खान 1।

# स्कॉटलैंड के सामने इंग्लैंड, युगांडा के खिलाफ अफगानिस्तान दावेदार

ब्रिजटाउन (बारबडोस), एजेंसी

- रात 8 बजे होगा पूर्व चैंपियन इंग्लैंड और स्कॉटलैंड का मैच
- गयाना के प्रोविडेंस में खेलेगा अफगानिस्तान और युगांडा



बारिश के कारण तैयारियों को अंतिम रूप देने से महरूम रहा गत चैंपियन इंग्लैंड मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड के खिलाफ टी-20 विश्व कप के अपने पहले मैच में जीत के साथ अपने अभियान की विजयी शुरुआत करने के इरादे से उतरेगा। फिल सॉल्ट इंडियन प्रीमियर लीग की शानदार फॉर्म को टी-20 विश्व कप में जारी रखना चाहेंगे जबकि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी से इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत हुआ है।

स्वदेश में पाकिस्तान के खिलाफ चार मैच की टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला बारिश से प्रभावित रही लेकिन इसके बावजूद इंग्लैंड खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा और तीसरी बार खिताब जीतने का प्रयास करेगा। टी-20 प्रारूप में पहली बार स्कॉटलैंड का सामना करने जा रही जोस बटलर की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम केनसिंगटन ओवल में होने वाले मुकाबले में जीत की मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगी। स्कॉटलैंड के अलावा इंग्लैंड के साथ ग्रुप बी में चिर प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया, नामीबिया और ओमान को भी जगह मिली है। सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिए टीमों को अपने ग्रुप में शीर्ष दो में जगह बनानी होगी। सफेद गेंद के क्रिकेट में टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 50 ओवर और 20 ओवर दोनों प्रारूप की श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा।

वहीं दिन के दूसरे मैच में अफगानिस्तान की टीम गयाना के प्रोविडेंस में होने वाले मुकाबले में युगांडा के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। अफ्रीका की टीम टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही है। अफगानिस्तान ने भारत में पिछले साल हुए आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान जैसी टीमों को हराया था और टीम उस प्रदर्शन से आत्मविश्वास हासिल करने की कोशिश करेगी।

# भारतीय बल्लेबाज केदार जाधव ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

पुणे, एजेंसी

भारत और महाराष्ट्र के बल्लेबाज केदार जाधव ने राष्ट्रीय टीम के लिए आखिरी मैच खेलने के चार साल बाद सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की। भारत के लिए नवंबर 2014 में रांची में श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले के साथ अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण करने वाले 39 साल के जाधव ने 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय और नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले।

भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के करीबी माने जाने वाले जाधव ने इस दिग्गज विकेटकीपर-बल्लेबाज की शैली में ही संन्यास की घोषणा की। जाधव ने 'एक्स' पर लिखा मेरे करियर के दौरान आपके प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद। मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लिया हुआ समझिए। जाधव रविवार को पुणे में शुरू हुई महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में कोल्हापुर टस्कर्स की कप्तानी कर रहे हैं और उनकी पोस्ट से यह स्पष्ट नहीं होता कि वह इस टूर्नामेंट में आगे खेलेंगे या नहीं। जाधव ने भारत के लिए 73 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय में दो शतक और छह अर्धशतक की मदद से 42.09 के औसत से 1389 रन बनाए। उन्होंने नौ टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की छह पारियों में 122 रन भी बनाए। जाधव ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी जनवरी 2017 में पुणे में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ खेली जब उन्होंने बड़े स्कोर वाले मैच में 76 गेंद में 12 चौकों और चार छक्कों से 120 रन की पारी खेलते हुए अपना दूसरा शतक जड़ा और भारत को तीन विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।



### मुंबई का ऑफ-सत्र शिविर शुरू रहाणे का फिटनेस पर जोर

**मुंबई।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सोमवार को फिटनेस पर काम करने के महत्व पर जोर दिया और अपने राज्य की टीम के खिलाड़ियों को बेहतर होने के लिए ऑफ-सत्र (जब सत्र नहीं चल रहा हो) ट्रेनिंग शिविर का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने आगामी सत्र के लिए 'होम ऑफ द चैम्पियंस' थीम पर तीन महीने का शिविर शुरू किया। पिछले सत्र में रणजी ट्रॉफी में मुंबई को रिकॉर्ड में इजाफा करने वाली खिताबी जीत दिलाने वाले रहाणे ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने के लिए पर्दे के पीछे काम करना महत्वपूर्ण है। रहाणे ने मीडिया से कहा यह कई युवाओं को मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने और विरासत को आगे बढ़ाने और सभी आयु वर्गों (टीमों) में मुंबई के लिए अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करेगा।

### आर अश्विन की आत्मकथा का विमोचन 10 को

**नई दिल्ली।** मैदान पर अपनी चतुराई के लिए पहचाने जाने वाले भारत के शीर्ष ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की आत्मकथा का 10 जून को विमोचन होगा। पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया (पीआरएचआई) ने सोमवार को यह घोषणा की।

सिद्धार्थ मोंगा के साथ इस अनुभवी क्रिकेटर द्वारा लिखी गई 'आई हैव द स्ट्रीट्सः ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' क्रिकेट स्टार बनने से पहले अश्विन के जीवन का एक सूक्ष्म और स्पष्ट चित्रण पेश करने का वादा करती है। अश्विन ने कहा एक क्रिकेटर बनने की अपनी कहानी साझा करते हुए मुझे खुशी हो रही है। इस पुस्तक के माध्यम से मुझे कई महत्वाकांक्षी क्रिकेटरों को प्रेरित करने की उम्मीद है।

पुस्तक में उनकी बचपन की स्वास्थ्य समस्याओं, उनके मध्यमवर्गीय परिवार के अथक समर्थन और चेन्नई में क्रिकेट के दीवाने इलाके में पले-बढ़े होने की खुशी के बारे में बताया गया है। टेस्ट क्रिकेट में भारत के सबसे बड़े मैच विजेताओं में से एक माने जाने वाले अश्विन को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए जाना जाता है जिसमें 300 टेस्ट विकेट तक सबसे जल्दी पहुंचने वाला गेंदबाज बनना भी शामिल है।

# 77 रन के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को हराया

न्यूयार्क, एजेंसी



टी-20 विश्वकप के चौथे मुकाबले में सोमवार को एनरिक नॉर्टजे सात रन पर चार विकेट की घातक गेंदबाजी और उसके बाद हाइनरिक क्लासन नाबाद (19) क्विंटन डिकॉक (20) रनों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया है।

बल्लेबाजी करने उतरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों को 77 रनों के छोटे स्कोर हासिल करने में अपने धैर्यपूर्ण कौशल का प्रदर्शन करना पड़ा। दक्षिण अफ्रकी की भी शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ओवर में रीजा हेंड्रिक्स (4) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में कप्तान एडन मारक्रम (12) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। 11वें ओवर में क्विंटन डिकॉक (20) के रूप में दक्षिण अफ्रीका का तीसरा विकेट गिरा। उस समय दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 51 रन था। बीच-बीच में श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को छोटे स्कोर के लक्ष्य के लिए भी फंसाए रखा। ट्रिस्टन स्टब्स (13) आउट होने वाले दक्षिण अफ्रीका के चौथे बल्लेबाज थे। हाइनरिक क्लासन (19) और डेविड मिलर छह रन बनाकर नाबाद रहे। डेविड मिलर ने 16वें ओवर की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को 19.1 ओवर में 77 के न्यूनतम स्कोर पर धराशाई कर दिया था। आज ग्रुप डी मुकाबले में टॉस जीतकर श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही उसने चौथे ओवर की पहली गेंद पर पथुम निसंका (3) का विकेट गवां दिया। उन्हें ऑटनील बार्टमैन ने क्लासन के हाथों कैच आउट कराया। आठवें ओवर में कुसल मेंडिस (19) रन बनाकर आउट हुए। उन्हें एनरिक नॉर्टजे स्टब्स के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद तो दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाजों ने हथियार डाल दिये। कामिंडु मेंडिस (11), एंजलो मैथ्यूज (16) दसून शानका (9), चरिथ असलंका (6), कप्तान वानिंदु हसरंगा सहित चार बल्लेबाज शून्य पर आउट हुये। महीश थीक्षणा सात रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका की पूरी टीम 19.1 ओवर में 77 रन पर ढ़ेर हो गई। दक्षिण अफ्रीका की ओर से एनरिक नॉर्टजे ने चार विकेट लिये। कगिसो रबाडा और केशव महाराज ने दो-दो विकेट चटाये। ऑटनील बार्टमैन ने एक बल्लेबाज को आउट किया। गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले एनरिक नॉर्टजे को मैन ऑफ द मैच मिला।



# पेरिस ओलंपिक के लिए फ्रांस की टीम में एमबाप्पे को जगह नहीं

**पेरिस।** स्टार खिलाड़ी काइलियान एमबाप्पे पेरिस ओलंपिक में फ्रांस के लिए नहीं खेलेंगे क्योंकि उन्हें सोमवार को थियेरी हेनरी की इन खेलों के लिए अस्थाई टीम में जगह नहीं मिली। विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे एमबाप्पे ने अपने देश में होने वाले ओलंपिक में खेलने की इच्छा व्यक्त की थी।

हेनरी और यहां तक कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों भी चाहते थे कि एमबाप्पे पुरुष ओलंपिक टीम का हिस्सा बनें लेकिन उन्हें 25 सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया। पेरिस सेंट जर्मेन को एक स्वतंत्र एजेंट के रूप में छोड़ने के बाद एमबाप्पे के रीयाल मैड्रिड से जुड़ने की उम्मीद की जा रही है।

### रॉय कृष्णा ने ओडिशा एफसी के साथ अनुबंध बढ़ाया


**भुवनेश्वर।** फिजी के फारवर्ड रॉय कृष्णा ने सुपर कप चैंपियन ओडिशा एफसी के साथ अपने अनुबंध को एक साल के लिए बढ़ा दिया है। इंडियन सुपर लीग फुटबॉल टीम ओडिशा एफसी ने सोमवार को यह घोषणा की। रॉय ने आईएसएल के इस सत्र में 13 गोल किए जबकि तीन गोल करने में मदद भी की। उन्होंने माजिया एस एंड आरसी के खिलाफ मालदीव में एएफसी कप मैच में पिछड़ने के बाद 3-2 की जीत के दौरान विजयी गोल भी दागा।

# एडीडीपी ने बजरंग पर लगा अस्थाई निलंबन हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय डोपिंग निरोधक एजेंसी की अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने पहलवान बजरंग पूनिया को नाडा द्वारा आरोप का नोटिस नहीं दिए जाने तक उन पर लगा अस्थाई निलंबन हटा दिया है।

पूनिया ने मार्च में चयन ट्रायल के बाद डोप टेस्ट के लिए नमूना देने से इनकार किया था। नाडा ने 23 अप्रैल को तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता पूनिया पर 23 अप्रैल तक का प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद युनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने भी यही कार्रवाई की थी। बिश्केक में हुए एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिये पुरूष टीम के चयन ट्रायल 10 मार्च को सोनीपत में हुए थे और बजरंग हारने के बाद मूत्र का नमूना दिये बिना स्थान से चले गए थे। उन्होंने तीसरे चौथे स्थान के मुकाबले में भाग भी नहीं लिया था।



बजरंग ने अपने वकील के मार्फत अस्थायी निलंबन को चुनौती दी थी। एडीडीपी ने अपने आदेश में कहा सुनवाई पैनल की राय है कि इस स्तर पर जब एथलीट को आरोप का नोटिस जारी किया जाना बाकी है और नमूना देने से इनकार करने के लिए एथलीट द्वारा दिए गए स्पष्टीकरण/औचित्य के गुण-दोष पर विचार किए बिना और नाडा की ओर से पेश वकील की दलील का जवाब दिये बिना, एथलीट का अस्थायी निलंबन तब तक के लिए रद्द किया है जब तक कि एथलीट को डोपिंग निरोधक नियम, 2021 के उल्लंघन के लिए औपचारिक रूप से आरोप लगाने का नोटिस जारी करने का फैसला नहीं करता।

# टी-20 विश्व कप का प्रसारण करेगा दूरदर्शन

**नई दिल्ली।** प्रसार भारती ने सोमवार को घोषणा की कि वह अपने डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर मौजूदा टी-20 विश्व कप, पेरिस ओलंपिक और विंबलडन का प्रसारण करेगा। प्रसार भारती के सीईओ गौरव द्विवेदी ने सोमवार को यहां मीडिया के साथ बातचीत के दौरान यह घोषणा की।

प्रसार भारती ने इस मौके पर टी-20 विश्व कप के लिए विशेष गान जज्बा भी लॉन्च किया। दूरदर्शन ने 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस ओलंपिक और 28 अगस्त से आठ सितंबर तक पेरिस पैरालंपिक का सीधा प्रसारण, स्थगित प्रसारण और मुख्य आकर्षण के प्रसारण की भी घोषणा की। साथ ही छह से 14 जुलाई तक भारत के जिम्बाब्वे दौरे का भी प्रसारण किया जाएगा। टी-20 विश्व कप के बाद इस दौरे पर पांच टी-20 मैच खेले जाएंगे। 27 जुलाई के सात अगस्त तक श्रीलंका में भारत की सीमित ओवरों की श्रृंखला का प्रसारण भी डीडी स्पोर्ट्स पर होगा। दूरदर्शन इसके अलावा फ्रेंच ओपन और विंबलडन के फाइनल का भी प्रसारण करेगा। प्रसार भारती अपने खेल चैनल पर विभिन्न खेल लीग और प्रतियोगिताओं को दिखाने के लिए विभिन्न खेल संस्थाओं और एजेंसियों के साथ बातचीत के अग्रिम चरण में है।

# दिमित्रोव और सिनर फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में

पेरिस, एजेंसी

ग्रिगोर दिमित्रोव ने एक कड़े मुकाबले में ह्यूबर्ट हर्काज को हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन यानिक सिनर से होगा। दिमित्रोव ने हर्काज को 7-6 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। यह पहला अवसर है जबकि दिमित्रोव ने फ्रेंच ओपन के अंतिम आठ में जगह बनाई।

सिनर ने फ्रांस के गैर वरीयता प्राप्त कॉरेंटिन मौटेट के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 2-6, 6-3, 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में दो बार के ग्रैंडस्लैम विजेता कार्लोस अल्काराज और स्टेफानोस सिटसिपास ने भी क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां इनका आमना सामना होगा। तीसरे वरीय अल्काराज ने कनाडा के 21वें वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिमे को 6-3, 6-3, 6-1 से जबकि नौंवे वरीय सिटसिपास ने इटली के गैर वरीय माटियो अर्नाल्डी को 3-6, 7-6 (4), 6-2, 6-2 से पराजित किया। महिला वर्ग में विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा और ओन्स जाबूर ने भी क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। चेक गणराज्य की वोंद्रोसोवा ने सर्बिया की ओल्गा डैनिलोविच को 6-4, 6-2 से हराया। ट्यूनीशिया की जाबूर ने गैर वरीयता प्राप्त डेन क्लारा टॉसन को 6-4, 6-4 से हराकर लगातार दूसरी बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुरक्षित की। अंतिम आठ में उनका सामना अमेरिका की कोको गॉफ से होगा जिन्होंने इटली की एलिजाबेटा कोसियारेटो को 6-1, 6-2 से पराजित किया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# शांति सम्मेलन का निमंत्रण देने फिलीपींस पहुंचे जेलेंस्की

मनीला, एजेंसी

• रूस पर चीन की मदद से सम्मेलन में अड़चन डालने का आरोप



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की एशिया की अपनी एक विशिष्ट यात्रा के तहत सोमवार को फिलीपींस पहुंचे। वह क्षेत्रीय नेताओं से अपने देश में युद्ध की स्थिति पर स्विट्जरलैंड द्वारा आयोजित एक वैश्विक शांति सम्मेलन में शामिल होने की अपील करने के लिए यात्रा कर रहे हैं।

उन्होंने रूस पर चीन की मदद से इस सम्मेलन में अड़चन डालने का प्रयास करने का आरोप भी लगाया। जेलेंस्की कड़ी सुरक्षा के बीच अघोषित दौरे पर मनीला पहुंचे। इससे पहले उन्होंने सिंगापुर में शंगरी-ला डिफेंस फोरम में भाग लिया था। जेलेंस्की ने सिंगापुर में आयोजित इस वार्षिक रक्षा सम्मेलन से इतर फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनांड मार्कोस जूनियर से मिलने की योजना बनाई थी लेकिन मुलाकात हो नहीं सकी, जिसके बाद उन्होंने व्यक्तिगत रूप से यहां आकर मार्कोस को आमंत्रित करने का फैसला किया। यह जानकारी फिलीपीन के अधिकारियों ने दी। दोनों ही नेताओं ने सिंगापुर में हुए सम्मेलन में चीन की आलोचना की थी।

# गुणवत्ता को लेकर चर्चा में भारतीय मसाला बाजार



भारतीय कंपनियों द्वारा हांगकांग व सिंगापुर को निर्यात किए गए ब्रांडेड मसालों को ईटीओ संदूषण से संबंधित चिंताओं के कारण वापस मंगाए जाने के पश्चात भारतीय मसाला बोर्ड ने अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय कोडेक्स के साथ मसालों में एथिलीन ऑक्साइड के उपयोग की सीमा तय करने की जरूरत के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। भारत विश्व का सबसे बड़ा मसाला उत्पादक देश है। यह मसालों का सबसे बड़ा उपभोक्ता और निर्यातक भी है। वर्ष 2023-24 में भारत का मसाला निर्यात 4.25 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो वैश्विक मसाला निर्यात का 12% हिस्सा है।

### भारतीय मसाला बोर्ड क्या है?

मसाला बोर्ड का गठन 26 फरवरी, 1987 को मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 के तहत पूर्ववर्ती इलायची बोर्ड (1968) और मसाला निर्यात संवर्द्धन परिषद (1960) के विलय के साथ किया गया था। वाणिज्य विभाग के अंतर्गत पांच वैधानिक कमोडिटी बोर्ड है। ये बोर्ड चाय, कॉफी, रबर, मसाले और तंबाकू के उत्पादन, विकास तथा निर्यात के लिये उत्तरदायी है। मसाला बोर्ड भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी प्रचार के लिए प्रमुख संगठन है। यह बोर्ड भारतीय निर्यातकों एवं विदेशी आयातकों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन के रूप में कार्य करता है।

### एथिलीन ऑक्साइड का मुद्दा (ईटीओ)

ईटीओ एक रसायन है जिसका उपयोग मसालों में कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में किया जाता है, परंतु निश्चित सीमा से अधिक उपयोग करने पर इसे कैंसरकारी माना जाता है। प्रमुख बाज़ारों में भारतीय मसाला निर्यात के तहत मसाला सैंपल विफलता दर 1% से कम है। अभी तक कोडेक्स ने कोई सीमा निर्धारित नहीं की है, मानकीकृत ईटीओ परीक्षण प्रोटोकॉल भी उपलब्ध नहीं है।

### भारत के आधे से अधिक मसाला निर्यात पर संकट

आर्थिक थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कई देशों में नियामकीय कार्रवाइयों के कारण महत्वपूर्ण बाजारों में भारत के लगभग 700 मिलियन डॉलर के मसाला निर्यात पर खतरा मंडरा रहा है, क्योंकि भारतीय मसालों की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई जा रही है। इसने आगाह किया कि अगर यूरोपीय संघ भी पूरे ब्लॉक में अस्वीकृति के साथ ऐसा करता है, तो इससे भारत के मसाला निर्यात पर 2.5 बिलियन डॉलर का अतिरिक्त असर पड़ सकता है।

### दिल्ली का चांदनी चौक एशिया का सबसे बड़ा बाजार

दिल्ली के चांदनी चौक में खारी बावली एशिया का सबसे बड़ा मसाला बाजार है और इसकी प्रसिद्धि आज भी वैसी है, जैसी 17 वीं शताब्दी के दौरान थी। मुगल काल के जमाने में ये बाजार अस्तित्व में आया था। बावली, का शाब्दिक अर्थ है एक सीढ़ीदार कुआं, और खारी या खारा का अर्थ नमकीन होता है, जिसमें खारी बावली का अर्थ है खारे पानी का कुआं है। अब आप सोच रहे होंगे कि, है तो ये बाजार लेकिन अर्थ इसका ये कैसे, तो आपको बता दें, उस समय यहां खारे पानी का कुआं हुआ करता था, लेकिन अब ये मसालों का खजाना बन चुका है।

### अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया ने भी जताई चिंता

मसाला बोर्ड ने ईटीओ संदूषण को रोकने तथा सभी बाजारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए निर्यातकों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह मसालों के लिए कीटाणुशोधी पदार्थ के रूप में ईटीओ का उपयोग न करने की सलाह देता है तथा भाप कीटाणुशोधन एवं विकिरण जैसे विकल्पों का सुझाव देता है। अमेरिका, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे अन्य देशों ने भी कुछ भारतीय मसालों की गुणवत्ता के विषय में चिंता जताई है तथा ये देश आगे की कार्रवाई की आवश्यकता का निर्धारण कर रहे हैं।

## एक नजर

### उ. कोरिया से शांति समझौते को निलंबित करेगा द. कोरिया

**सियोल।** दक्षिण कोरिया ने कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाने के मामले को लेकर उत्तर कोरिया को दंडित करने के लिए दोनों देशों के बीच हुए शांति समझौते को निलंबित करने की सोमवार को घोषणा की। हालांकि उत्तर कोरिया गुब्बारे उड़ाने की अपनी हरकत पर लगाम लगाने को कह चुका है। लोगों द्वारा द. कोरिया में हाल ही में पर्चे बांटे जाने के अभियान से नाराज उत्तर कोरिया ने कचरे से भरे गुब्बारे उड़ाए थे। दक्षिण कोरिया ने रविवार को कहा कि उत्तर कोरिया की इस हरकत के जवाब में वह कड़ा कदम उठाएगा।

### चीन ने अपने नागरिकों पर लगाया जासूसी का आरोप

**ताइपे।** चीन ने अपने दो नागरिकों पर ब्रिटेन के लिए जासूसी करने का आरोप लगाया। दोनों देशों के बीच संबंधों के असहज होने के बीच यह घटनाक्रम हुआ। सोशल मीडिया पर एक संदेश में चीन की मुख्य खुफिया सेवा, सुरक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने बड़े जासूसी मामले का खुलासा किया है, जिसमें एक दंपति शामिल है। उन्हें ब्रिटेन की विदेशी खुफिया एजेंसी एमआई-6 द्वारा कथित तौर पर भर्ती किया गया।

### सीरिया में इजरायल का हमला, 12 की मौत

**दमिश्क।** इजरायल ने रविवार देर रात सीरिया के उत्तरी प्रांत अलेप्पो में हवाई हमले किए जिसमें 12 ईरानी समर्थक लड़ाके मारे गए। मानवाधिकारों के लिए सीरियाई वेधशाला ने सोमवार को रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के अनुसार सीरियाई और गैर-सीरियाई नागरिकों सहित अलेप्पो शहर के आसपास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपस्थिति है। मिसाइल हमला की गूंज उत्तर-पश्चिम में हय्यान शहर और अलेप्पो शहर में कई जगहों पर सुनाई दी। वेधशाला ने नोट किया कि यह हमला पिछले महीने से सीरिया में लेबनानी हिजबुल्लाह और ईरानी मिलिशिया के कब्जे वाले स्थानों पर तेजी देखी गयी है।

### अमेरिका में एक सप्ताह से भारतीय छात्रा लापता

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में पिछले सप्ताह से 23 वर्षीय एक भारतीय छात्रा के लापता होने का ताजा मामला सामने आया है और पुलिस ने उसका पता लगाने के लिए आम लोगों से भी मदद मांगी है। पिछले काफी समय से भारतीय विद्यार्थियों के साथ इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस के अनुसार कैलिफोर्निया स्टेट यूनिवर्सिटी, सैन बेर्नार्डिनो (सीएसयूएसबी) की छात्रा नितीशा कंदुला 28 मई को लापता हुई थी।

# दो सरकारी गवाहों की 115 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

## दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में ईडी ने की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

• राघव मगुंटा और अरबिंदो फार्मा के प्रवर्तक शरत चंद्र रेड्डी की संपत्ति की जब्त



प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े कथित धन शोधन मामले में अपने दो सरकारी गवाहों व्यवसायी राघव मगुंटा और अरबिंदो फार्मा के प्रवर्तक शरत चंद्र रेड्डी की 115 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति कुर्क की है। राघव तेदेपा के लोकसभा उम्मीदवार मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के पुत्र हैं।

एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस नेता के चंद्रशेखर राव की एमएलसी बेटी के. कविता और चार अन्य के खिलाफ 10 मई को दाखिल आरोप पत्र में यह खुलासा किया है। विशेष पीएमएलए अदालत ने 29 मई को अभियोजन पक्ष के इस आरोप पत्र पर संज्ञान लिया। राघव मगुंटा और रेड्डी दोनों के बारे में कहा जाता है कि वे कविता के नेतृत्व वाले तथाकथित साउथ ग्रुप के सदस्य हैं, जिस पर ईडी ने आरोप लगाया है कि उसने दिल्ली आबकारी नीति में बदलाव करने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) को 100 करोड़ रुपये दिये थे। भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद इस नीति को रद्द कर दिया गया है।

आप ने आरोप लगाया था कि मगुंटा द्वारा दर्ज किए गए बयानों के कारण उसके प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई, जबकि रेड्डी ने चुनावी बॉण्ड के जरिए भाजपा को 55 करोड़ रुपये का भुगतान किया, जिससे साबित होता है कि भाजपा का दक्षिण लॉबी से संबंध है।

### इससे पहले सिसोदिया और समीर महेंद्रू की संपत्ति की गई थी कुर्क

ईडी के आरोप पत्र के अनुसार, धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत राघव मगुंटा और रेड्डी की संपत्ति कुर्क करने का अंतरिम आदेश 3 मई को जारी किया गया था, जिसके बाद दोनों की 115 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की गई है। इस मामले में ईडी द्वारा जारी किया गया यह तीसरा कुर्की आदेश है। इससे पहले ईडी ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया (52 करोड़ रुपये से अधिक) और व्यवसायी समीर महेंद्रू (76 करोड़ रुपये से अधिक) की संपत्तियां कुर्क की थी। इस मामले में ईडी ने राघव मगुंटा और रेड्डी को गिरफ्तार किया था और पिछले साल अदालत ने दोनों को ईडी मामले में सरकारी गवाह बनने की मंजूरी दे दी थी। फिलहाल दोनों जमानत पर बाहर हैं।

# गायक सोनू निगम ब्रिटेन में मानद फेलोशिप से सम्मानित



**लंदन।** बॉलीवुड गायक सोनू निगम को संगीत के क्षेत्र में उनके विश्वव्यापी प्रभाव के लिए एक प्रमुख भारतीय प्रवासी छात्र संगठन ने मानद फेलोशिप से सम्मानित किया है। निगम एक संगीत कार्यक्रम के सिलसिले में फिलहाल ब्रिटेन में हैं। ब्रिटेन के नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स एंड एलुमनाई यूनियन (एनआईएसएयू) ने पिछले सप्ताहांत लंदन के वेम्बली एरिना में निगम की प्रस्तुति के दौरान उन्हें फेलोशिप से सम्मानित किया।

लेबर पार्टी के वरिष्ठ ब्रिटिश भारतीय सांसद वीरेंद्र शर्मा और स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में भारतीय संस्कृति के एमेरिटस प्रोफेसर रेचल ड्वायर ने मंच पर निगम को सम्मानित किया। इससे पहले अभिनेत्री शबाना आजमी, लेखक जावेद अख्तर और अध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर समेत कई अन्य हस्तियों को यह मानद फेलोशिप प्रदान की जा चुकी है। यह फेलोशिप उन व्यक्तियों को दी जाती है जो वैश्विक मंच पर भारतीय सांस्कृतिक, शिक्षा और समाज सुधार पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालते हैं।

# विरोध मार्च व तोड़फोड़ के दो मामलों में इमरान बरी

इस्लामाबाद, एजेंसी

• शहबाज की गठबंधन सरकार को गिराने के लिए निकाला था मार्च



पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पार्टी के अन्य शीर्ष नेताओं को मार्च 2022 में विरोध मार्च के दौरान तोड़फोड़ करने से जुड़े दो मामलों में सोमवार को बरी कर दिया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 71 वर्षीय संस्थापक मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद से पिछले साल अगस्त से जेल में हैं।

इस्लामाबाद की जिला एवं सत्र अदालत ने खान, पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पूर्व संचार मंत्री मुराद सईद और पीटीआई के अन्य नेताओं को हकीकी आज़ादी मार्च के दौरान तोड़फोड़ के मामलों में बरी किया है। मई 2022 में खान ने शहबाज शरीफ की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार को गिराने के लिए लाहौर से इस्लामाबाद की तरफ एक मार्च शुरू किया था। खान के अविश्वास प्रस्ताव हारने के बाद शरीफ के नेतृत्व में यह सरकार बनी थी।

यह रैली पीटीआई के हकीकी आजादी हासिल करने और राष्ट्र को अमेरिका समर्थित गठबंधन सरकार की गुलामी से मुक्त कराने के संघर्ष का हिस्सा थी। उस समय इस्लामाबाद पुलिस ने संघीय राजधानी में आगजनी और तोड़फोड़ के आरोपों को लेकर खान, कुरैशी और पार्टी के अन्य नेताओं सहित 150 लोगों के खिलाफ अलग-अलग मामले दर्ज किए थे।

### गोपनीय दस्तावेज लीक मामले में भी हुए बरी

कोर्ट ने एक अन्य मामले में राहत देते हुए इमरान व उनकी सरकार में विदेश मंत्री रहे शाह महमूद कुरैशी को गोपनीय दस्तावेज लीक होने के मामले में बरी कर दिया। इस्लामाबाद की एक विशेष अदालत ने जनवरी में पीटीआई के संस्थापक खान और कुरैशी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी।

### अवैध शादी का मामला अन्य कोर्ट में होगा ट्रांसफर

पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के अवैध विवाह मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश का अनुरोध स्वीकार करते हुए मामला किसी दूसरी अदालत को सौंपने की अनुमति दे दी।

# खाद्य पदार्थ निर्माता को 100% फल रस का लेबल हटाने के निर्देश

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों (एफबीओ) को अपने उत्पादों से फलों के रस के लेबल और विज्ञापनों से 100 प्रतिशत फलों का रस के किसी भी दावे को तत्काल प्रभाव से हटाने का आदेश दिया है।

• कई एफबीओ गलत तरीके से विभिन्न प्रकार के फलों के रसों का विपणन कर रहे

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई ने सभी एफबीओ को इस वर्ष एक सितंबर से पहले सभी मौजूदा प्री-प्रिंटेड पैकेजिंग सामग्री को समाप्त करने का भी निर्देश दिया गया है।

जांच में पाया है कि कई एफबीओ गलत तरीके से विभिन्न प्रकार के फलों के रसों का विपणन कर रहे हैं और वे 100 प्रतिशत फलों के रस का दावा करते हैं। ऐसे दावे भ्रामक हैं और खासकर उन फलों के रस का मुख्य घटक पानी है। यदि खाद्य उत्पाद में मीठा 15 ग्राम प्रति किलोग्राम से अधिक है, तो उत्पाद को मीठा रस के रूप में लेबल किया जाना चाहिए।

# बेंगलुरु में हुई भारी बारिश ने तोड़ा 133 साल का रिकॉर्ड

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु में दो जून को 111 मिलीमीटर बारिश हुई, जिससे जून में एक दिन में सबसे अधिक बारिश का 133 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) बेंगलुरु के वैज्ञानिक एन. पुवियारसन ने पुष्टि की कि 2 जून को पिछले 133 वर्षों में इस महीने में एक दिन की सबसे अधिक बारिश हुई।

उन्होंने कहा कि जून में सबसे अधिक एक दिन की बारिश 16 जून, 1891 को दर्ज की गई थी। भारी बारिश के कारण बेंगलुरु में कई स्थानों पर जनजीवन प्रभावित हुआ। जयनगर के निवासियों ने गिरे हुए पेड़ों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। रविवार रात ट्रिनिटी मेट्रो स्टेशन के पास मेट्रो ट्रैक पर एक पेड़ गिर गया, जिससे सेवा प्रभावित हुई। गिरे हुए पेड़ों के अलावा सड़कों पर जलभराव से लोगों को असुविधा हुई। आईएमडी केंद्र, बेंगलुरु के प्रमुख सीएस पाटिल ने कहा कि मानसून कर्नाटक में आगे बढ़ गया है और 5 जून तक कुछ जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।



तूफान के कारण रास्ता बंद हो गया।

# मैक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनीं शीनबॉम

मेक्सिको सिटी, एजेंसी

• रह चुकी हैं नोबेल प्राइज जीतने वाली कमेटी की मेंबर

मेक्सिको में राष्ट्रपति चुनाव की विजेता क्लाउडिया शीनबॉम देश के 200 साल के इतिहास में इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला होंगी। जलवायु वैज्ञानिक और मेक्सिको सिटी की पूर्व महापौर शीनबॉम ने रविवार रात कहा कि दो प्रतिस्पर्धियों ने उनकी जीत स्वीकार कर ली है। शीनबॉम ने एक होटल के बाहर मुस्कुराते हुए कहा मैं मेक्सिको की पहली महिला राष्ट्रपति बनूंगी।

इससे कुछ देर पहले चुनाव अधिकारियों ने कुछ आंकड़े पेश किए हैं, जिनमें वह बढ़त हासिल करती हुई दिख रही हैं। शीनबॉम ने कहा मैं अकेले यह नहीं कर पाई हूं। हम सबने मिलकर कर दिखाया है। इसमें हमारी मातृभूमि की वीरांगनाओं, माताओं और बेटियों का भरपूर साथ रहा। हमने दिखा दिया है कि मेक्सिको एक लोकतांत्रिक देश है, जहां शांतिपूर्ण चुनाव हुए हैं। नेशनल इलेक्टोरल इंस्टिट्यूट के प्रमुख ने कहा कि आंकड़ों के अनुसार शीनबॉम को 58.3 प्रतिशत से 60.7 प्रतिशत वोट मिले हैं। विपक्षी उम्मीदवार जोचिटल गाल्वेज को 26.6 से 28.6 प्रतिशत जबकि जॉर्ज अल्वारेज मेनेज को 9.9 फीसद से 10.8 प्रतिशत वोट मिले हैं। वह मैक्सिको सिटी की पूर्व मेयर रह चुकी हैं और लेफ्ट पॉलिटिक्स से काफी समय से जुड़ी हुई हैं।



विजेता क्लाउडिया शीनबॉम।

### निवर्तमान राष्ट्रपति से अलग व्यक्तित्व है शीनबॉम का

क्लॉडिया शीनबॉम को अपने मार्गदर्शक और निवर्तमान राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर से अलग व्यक्तित्व वाला माना जाता है। उन्होंने अपने पूर्ववर्ती नेता की लोकप्रियता का फायदा उठाते हुए एक सधा हुआ प्रचार अभियान चलाया और रविवार को हुए मतदान में उन्हें जीत मिली। अब मेक्सिको की जनता देखना चाहती है कि लोपेज से बिल्कुल अलग शख्सियत रखने वाली शीनबॉम खुद को किस तरह पेश करती हैं। राजनीतिक रूप से लोपेज के समान रुख रखने वाली शीनबॉम को कम आक्रामक नेता के रूप में देखा जाता है।

# सीनियर आईएएस दंपति की बेटी ने की आत्महत्या, सुसाइड नोट मिला

मुंबई, एजेंसी

• हरियाणा के सोनीपत से कर रही थी एलएलबी की पढ़ाई

दक्षिण मुंबई में मंत्रालय के निकट सोमवार तड़के महाराष्ट्र कैडर के सीनियर आईएएस अधिकारी दंपति की 27 वर्षीय बेटी ने कथित तौर पर एक इमारत की 10वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस ने कहा कि हरियाणा के सोनीपत से एलएलबी की पढ़ाई कर रही लिपि रस्तोगी तड़के करीब चार बजे राज्य सचिवालय के निकट एक इमारत से कूद गई। उस समय मंत्रालय के निकट स्थित आईएएस अधिकारियों के आवास परिसर में सब सो रहे थे। इमारत के गार्ड ने परिसर के निकट खड़ी एक मोटरसाइकिल पर लिपि को बेहोशी की हालत में पाया और परिवार को सूचित किया, जिसके बाद उसे जीटी अस्पताल ले जाया गया। तत्काल चिकित्सा प्रदान किए जाने के बाद भी जान नहीं बचाई जा सकी। घटनास्थल से सुसाइड नोट मिला है, जिसमें लिखा है कि उसकी मौत के लिए किसी को दोष न दिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि कफ परेड थाने में अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि लिपि शैक्षणिक प्रदर्शन को लेकर काफी दबाव में थी, जिसके चलते वह तनाव में थी। लिपि के पिता विकास रस्तोगी महाराष्ट्र उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग में प्रधान सचिव हैं, जबकि मां राधिका रस्तोगी भी वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं और राज्य सरकार में सेवारत हैं।

## बॉलीवुड हलचल

### अजय पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में करेंगे काम



**मुंबई।** बॉलीवुड के सिंघम स्टार अजय देवगन देश के प्रथम दलित क्रिकेटर बालू पालवंकर के जीवन पर आधारित फिल्म में काम करते नजर आएंगे। बॉलीवुड फिल्मकार तिग्मांशु धूलिया, क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म बनाने जा रहे है। यह फिल्म देश के प्रथम दलित क्रिकेटर माने वाले बालू पालवंकर और उनके भाइयों की कहानी पर्दे पर दिखाएगी। फिल्म की पटकथा लेखक और इतिहासकार रामचंद्र गुहा द्वारा लिखित किताब ए कार्नर आफ ए फारेन फील्ड पर आधारित होगी। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा,अजय देवगन भारत के पहले दलित क्रिकेटर पालवंकर बालू की बायोपिक में नजर आएंगे। तिग्मांशु धूलिया इसे बनाएंगे। बताया जा रहा है कि फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग के बाद अजय देवगन इस बायोपिक पर काम शुरू करेंगे। बताया जा रहा है कि अजय देवगन भी इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं।

### अल्लू अर्जुन व रश्मिका की फिल्म पुष्पा 2 द रूल का पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की आने वाली फिल्म पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज हो गया है। अल्लू अर्जन की फिल्म पुष्पा 2 द रूल इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है और कैप्शन में लिखा है, 75 दिन बाकी हैं पुष्पा राज के रूल के लिए। उनका रूल भारतीय सिनेमा में एक नया अध्याय लिखेगा।नए पोस्टर में अल्लू अर्जन अपने कांधे पर राइफल लेकर लुंगी पहने देखे जा सकते हैं। पुष्पा 2 द रूल 15 अगस्त, 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। सुकुमार द्वारा निर्देशित और मैथरी मूवी मेकर्स द्वारा निर्मित इस फिल्म में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना के अलावा फहद फासिल भी लीड रोल में हैं।

### अमिताभ और जया की शादी के 51 साल पूरे



**मुंबई।** बॉलीवुड के अमिताभ बच्चन और अभिनेत्री जया बच्चन की शादी के सोमवार को 51 साल पूरे हो गए हैं। दोनों ने इस अवसर पर परिवार के साथ सेलिब्रेशन मनाया।अमिताभ बच्चन और जया बच्चन की जोड़ी बॉलीवुड में बहुत हिट रही है। अमिताभ और जया ने जंजीर, अभिमान, चुपके चुपके, शोले, सिलसिला, मिली, कभी खुशी कभी गम समेत कई कामयाब फिल्मों में साथ काम किया है।

# पुलिस मुखबिर के शक में नक्सलियों ने ग्रामीण को मौत के घाट उतारा

**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में नक्सलियों ने पुलिस मुखबिर होने के शक के आधार पर 45 वर्षीय ग्रामीण की उसके घर से खींचकर हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मारे गए ग्रामीण का पुलिस से कोई संबंध नहीं था।

जिले के मसपुर गांव में रविवार रात नक्सलियों ने शालूराम पोटाई की हत्या कर दी। उन्होंने बताया कि रविवार रात लगभग 10 बजे 15 से 20 सशस्त्र वर्दीधारी नक्सली शालूराम पोटाई के घर पहुंचे और उसे खींचकर घर से बाहर निकालने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया घटना को अंजाम देने के बाद नक्सली वहां से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल पर रवाना किया गया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

## खगोल विज्ञान

### इंसानी उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि

# ब्रह्मांड के विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने इंसान की उत्पत्ति के श्रोत खोज निकालने की बड़ी उपलब्धि हासिल की है। खोज के अनुसार ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों से मानव तत्वों की उत्पत्ति हुई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जीव जंतुओं की उत्पत्ति के अन्य श्रोत भी हो सकते हैं।

बिग बैंग विस्फोट के बाद ब्रह्मांड में मुख्य रूप से हाइड्रोजन और हीलियम परमाणु शामिल थे। ये सबसे हल्के तत्व हैं। सर्वविदित है बिग बैंग 13.8 अरब वर्ष पहले हुआ था। इसके बाद बने तारों ने परमाणु संलयन की प्रक्रिया के माध्यम से इनमें से कई भारी तत्वों का उत्पादन किया। विशाल तारों में हुए बड़े विस्फोटों से भारी तत्वों की उत्पत्ति हुई है। ब्रह्मांड के सबसे बड़े विस्फोटों में गामा रे विस्फोट माने जाते हैं। यह विस्फोट भी दो प्रकार के होते हैं। जिनमें बड़े विस्फोटों से मानव शरीर में पाए जाने वाले तत्वों की उत्पत्ति हुई और परमाणु संलयन आवर्त सारणी में लोहे जैसे भारी तत्वों का उत्पादन कर सकता है। इसी क्रम में इंसानी तत्वों के बड़े स्तर पर रासायनिक प्रक्रिया के तहत इंसान जैसे जीव जंतुओं की संरचना शुरू हुई। खोजकर्ता वैज्ञानिकों का कहना है कि ब्रह्मांड की उत्पत्ति, निर्माण व विकास को हम लगभग संमझ चुके हैं। मानव उत्पत्ति व विकास भी इसी क्रम में शामिल हैं।



ब्रह्मांड में हुए बड़े विस्फोट की प्रतीकात्मक तस्वीर। • अमृत विचार

### अब ब्रह्मांड के अनेक रहस्य होंगे उजागर

कई वैज्ञानिकों की सामूहिक इस खोज के बाद वैज्ञानिकों का मानना है कि अब ब्रह्मांड के कई अन्य रहस्य उजागर हो सकेंगे। जीव जंतुओं की उत्पत्ति के स्रोत का यह पहला सिरा है। इस दिशा में अब शोध में तेजी आएगी। जिसमें दुनियाभर के वैज्ञानिक शामिल होंगे।